आश्विन शुक्ल पक्ष षष्ठी 12:14 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 9 अक्टूबर 2024
वर्ष 4, अंक 233, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी    एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



चंद्र आवास गुम्बदनुमा टॉवर के साथ विकसित किए जाएं 14

एनिमल और जिगरा की तुलना से खुश हैं आलिया 13

# हरियाणा में भगवा हैट्रिक, घाटी में उमर सरकार

**विधानसभा चुनाव नतीजे**

## गलत साबित हुए चुनाव बाद के सारे अनुमान हरियाणा में कांग्रेस के हिस्से में आईं 37 सीटें

नई दिल्ली, एजेंसी

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के मंगलवार को आए नतीजों/रुझानों में मतदाताओं ने आश्चर्यचकित करते हुए दोनों ही स्थानों पर विजेताओं को निर्णायक बढ़त प्रदान की है। इसके तहत हरियाणा में भाजपा सबसे बड़े दल के तौर पर जीत की भगवा हैट्रिक लगाई है तो वहीं, जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन सरकार बनाता दिख रहा है।

एक राज्य, एक केंद्र शासित प्रदेश की सत्ता दांव पर थी और तीन मुख्य दावेदार मैदान में थे। जून में लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद हुए पहले विधानसभा चुनाव में एग्जिट पोल एक बार फिर गलत साबित हुए और नतीजे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए मिले-जुले रहे। कांग्रेस के लिए यह झटका साबित हुए, जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) को स्पष्ट जीत मिलती नजर आ रही है। जम्मू-कश्मीर में नेकां के नेतृत्व में गठबंधन सत्ता में वापसी कर रहा है। 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में भाजपा 48 सीटें जीतकर तीसरी बार सत्ता में वापसी की है, जबकि सुबह के शुरुआती रुझानों में वह कांग्रेस से पीछे थी। हालांकि, रुझानों में भाजपा जम्मू-कश्मीर की 90 में से महज 29 सीट झोली में डाली हैं। भाजपा के लिए मनोबल बढ़ाने वाले हैं, वहीं कांग्रेस के लिए ये भारी निराशा वाले प्रतीत होते हैं। कांग्रेस लोकसभा के नतीजों से मिली बढ़त को बरकार रखने की उम्मीद कर रही थी।

**हरियाणा विधानसभा चुनाव में दलगत स्थिति**

| कुल सीट | भाजपा | कांग्रेस | आईएनएलडी | निर्दलीय |
|---|---|---|---|---|
| 90 | 48 | 37 | 2 | 3 |



विधानसभा चुनाव जीतने के बाद कुरुक्षेत्र के लाडवा में समर्थकों ने किया नायब सैनी का स्वागत।

### लोगों ने सरकार की नीतियों पर लगाई मुहर : सैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को कहा कि लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की नीतियों पर अपनी मुहर लगाई है। उन्होंने मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि मैं इसका पूरा श्रेय मोदी जी को देता हूं। उनके आशीर्वाद से, उनके मार्गदर्शन में, हरियाणा के लोगों ने सरकार की नीतियों पर मुहर लगाई है। सैनी ने जीत के लिए प्रधानमंत्री मोदी को उनके नेतृत्व, भाजपा नेतृत्व और पार्टी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया।

## जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन की सत्ता में वापसी, सरकार बनाने का भाजपा का मंसूबा अधूरा

## जनादेश ने साजिशों पर फेरा पानी : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री बोले- गीता की धरती पर सत्य, विकास और सुशासन की हुई है जीत
- कार्यकर्ताओं की तपस्या और राज्य के लोगों के देशप्रेम का नतीजा है जीत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत को कार्यकर्ताओं की तपस्या और राज्य के लोगों के देशप्रेम का नतीजा और जम्मू कश्मीर के चुनाव परिणाम को भारत के संविधान की जीत करार दिया है। मोदी ने हरियाणा एवं जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनावों के परिणाम आने के बाद देर शाम को भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं के स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा के चुनावों ने कांग्रेस की सभी देशविरोधी साजिशों को नाकाम कर दिया है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा एवं जम्मू कश्मीर में भाजपा को छप्पर फाड़ कर वोट दिए हैं। पार्टी मुख्यालय में आयोजित इस समारोह में भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने किया। मोदी ने कहा कि हम सबने सुना है कि जहां दूध दही का खाना, वैसा है अपना हरियाणा। हरियाणा के लोगों ने फिर कमाल कर दिया है और कमल-कमल कर दिया है। आज मां कात्यायनी की आराधना का दिन है। मां कात्यायनी शेर पर विराजमान होकर हाथ में कमल को धारण किए हुए हम सभी को आशीर्वाद दे रही है। ऐसे पावन दिन हरियाणा में तीसरी बार लगातार कमल खिला है। गीता की धरती पर सत्य, विकास और सुशासन की जीत हुई है। जम्मू-कश्मीर में दशकों के इंतजार के बाद आखिरकार शांतिपूर्वक चुनाव हुए, वोटों की गिनती हुई, नतीजे आए। ये भारत के संविधान की जीत है, भारत के लोकतंत्र की जीत है।



‹‹ नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय पहुंचने पर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा।

**जम्मू-कश्मीर के परिणाम**

| कुल सीट | नेकां | भाजपा |
|---|---|---|
| 90 | 42 | 29 |



| कांग्रेस | निर्दलीय | पीडीपी | अन्य |
|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 3 | 3 |

### नेशनल कॉन्फ्रेंस को खत्म करने वाले खुद खत्म हो गए : अब्दुल्ला

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा चुनाव में घाटी में दोनों सीट बडगाम और गांदरबल से जीत दर्ज की है। उमर अब्दुल्ला 2009-14 तक मुख्यमंत्री रहने के बाद एक बार फिर इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि पांच वर्षों से जो नेशनल कॉन्फ्रेंस को खत्म करने की कोशिश कर रहे थे, वे आज खुद खत्म हो गए हैं। हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है...। गठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा किसे बनाया जाएगा, इस सवाल पर नेकां अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री होंगे। नेकां अध्यक्ष ने कहा कि यह परिणाम इस बात का सबूत है कि जम्मू कश्मीर के लोग अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के खिलाफ थे।

## एक नजर

### असम में 11 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त

**गुवाहाटी।** असम के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग अभियानों में 11 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए और एक मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने एक्स पर कहा कि बिश्वनाथ और कछार जिलों से गांजा, हेरोइन तथा याबा गोलियों जैसे नशीले पदार्थ बरामद किए गए हैं। असम पुलिस ने मादक पदार्थ विरोधी अभियान चलाया और मादक पदार्थों का जखीरा बरामद किया।

### दिल्ली में एक इमारत में लगी आग, 10 को बचाया

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में मंगलवार सुबह एक आवासीय इमारत में लगी आग के बीच से 10 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि शास्त्री पार्क की लेन संख्या-3 स्थित इमारत में आग लगने की सूचना सुबह साढ़े नौ बजे मिली और पांच दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया। भूतल स्थित पार्किंग में आग लग गई थी और कुछ लोग ऊपरी मंजिलों पर फंस गए थे। आग में फंसे सभी लोगों को सीढ़ियों और क्रेन की मदद से बचा लिया गया और सभी लोग सुरक्षित हैं।

### कोझिकोड में बस हादसे में एक की मौत, कई घायल

**कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड में 50 यात्रियों को ले जा रही कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम की बस मंगलवार को थिरुवंबाडी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। बस सड़क किनारे एक दीवार से टकराई और पास की एक नदी में पलट गई।

## जॉन होपफील्ड और ज्यॉफ्री हिंटन को भौतिकी का नोबेल

स्टॉकहोम, एजेंसी

- एआई तकनीक की खोज के लिए होंगे सम्मानित

कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विशेषज्ञों जॉन हॉपफील्ड और ज्योफ्री हिंटन को मशीन लर्निंग को सक्षम बनाने वाली खोजों के लिए भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मंगलवार को उनके नाम की घोषणा की गई।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के गॉडफादर कहे जाने वाले हिंटन कनाडा और ब्रिटेन के नागरिक हैं और यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो में काम करते हैं। होपफील्ड अमेरिकी हैं और प्रिंसटन यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं। नोबेल समिति ने कहा कि भौतिकी के लिए इस साल का नोबेल पुरस्कार पाने वाले वैज्ञानिकों ने आज की शक्तिशाली मशीन लर्निंग की बुनियाद समझे जाने वाले तरीके विकसित करने के लिए भौतिकी के साधनों का इस्तेमाल किया। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेस में नोबेल समिति की सदस्य एलेन मून्स ने कहा कि दोनों वैज्ञानिकों ने कृत्रिम न्यूरोन के नेटवर्क को डिजाइन करने के लिए सांख्यिकीय भौतिकी की मौलिक अवधारणाओं का उपयोग किया जो सहयोगात्मक स्मृतियों के रूप में कार्य करती हैं।

## साइबर अटैक: हैकरों ने मांगी थी फिरौती, मुकदमा दर्ज

ब्यूरो, देहरादून

- आईजी ने प्रेस वार्ता कर बताया सारा डाटा हुआ सेफ, चल रहीं सभी एप्लीकेशन
- एसटीएफ के डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी और एनआईए मिलकर करेगीं जांच

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के स्टेट डाटा सेंटर पर हुए साइबर अटैक के बाद अब लगभग सभी वेबसाइट और एप्लीकेशन अब सुचारू हो गए हैं। हैकर्स ने आईटीडीए का पूरा सिस्टम हैक कर फिरौती की मांग की थी। इस मामले में साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस संदिग्ध साइबर अटैकर्स का पता लगाने में जुट गई है। जांच के लिए एसटीएफ के डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गई है, जबकि जांच में एनआईए की मदद भी ली जाएगी।

पुलिस महानिरीक्षक नीलेश आनंद भरणे, अपराध एवं कानून व्यवस्था एवं स्पेशल टास्क फोर्स के पुलिस उपमहानिरीक्षक सेंथिल अब्दई कृष्ण राज. एस ने मंगलवार को कोर्ट रोड स्थित सरदार पटेल भवन में प्रदेश में हुए साइबर अटैक के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि दो अक्टूबर को दोपहर 14.45 से 14.55 बजे लगभग के मध्य सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम) कार्यालय में थाने द्वारा प्रेषित संबंधित शिकायतों का निस्तारण टेक्निकल टीम द्वारा किया जा रहा था, तभी सीसीटीएनएस प्रोजेक्ट ने एकाएक काम करना बंद कर दिया। कोई भी सिस्टम काम नहीं कर रहा था। इस पर आईटीडीए (सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी) उत्तराखंड से जानकारी की गई तो आईटीडीए के सर्वर पर हैकिंग संबंधी मैसेज (नोट पैड) में सर्वर के प्रत्येक फोल्डर में प्रदर्शित हो रहा था। जिसमें उक्त कार्य करने वाले व्यक्ति द्वारा संपर्क करने के लिए मेल आई-डी दी गई व भुगतान (फिरौती) के बाद डाटा सुरक्षित उपलब्ध कराए जाने से संबंधित मैसेज अंकित किए गए। हालांकि इसमें रकम नहीं खोली गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में धारा-308(4) बीएनएस व 65/66/66 सी आईटी एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गया। एसटीएफ के एसएसपी नवनीत सिंह ने मामले की जांच को पुलिस उपाधीक्षक अंकुश मिश्रा के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया। एसआईटी ने तत्काल आईटीडीए पहुंचकर आईटी प्रणाली को पुनः सुचारू रुप से संचालित करने हेतु सहयोग के साथ ही साक्ष्य एकत्रित करने की कार्यवाही शुरू कर दी। केंद्रीय एजेंसी एनआईए भी मामले की जांच कर रही है। आईजी ने बताया कि सभी मिशन को कई बार स्कैन किया गया है। सीसीटीएनएस ने सबसे पहले मामला पकड़ा था। क्योंकि उस दिन छुट्टी की वजह से सभी कार्यालयों में काम बंद थे। जबकि सीसीटीएनएस पर काम हो रहा था।



देहरादून में पत्रकार वार्ता करते आईजी नीलेश आनंद भरणे व स्पेशल टास्क फोर्स के डीआईजी सेंथिल अब्दई कृष्णराज एस

## आरजी कर अस्पताल के 50 डॉक्टरों का इस्तीफा

कोलकाता, एजेंसी

- आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में लिया फैसला

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के 50 चिकित्सकों ने मंगलवार को अपना इस्तीफा दे दिया। इन चिकित्सकों ने बलात्कार एवं हत्याकांड की शिकार प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के लिए न्याय की मांग को लेकर पांच अक्टूबर से आमरण अनशन पर बैठे चिकित्सकों के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए यह कदम उठाया है।

वहीं, पश्चिम बंगाल के अन्य चिकित्सा कॉलेजों के वरिष्ठ चिकित्सकों के एक वर्ग ने कहा कि वे भी इस्तीफा दे सकते हैं। यह घटनाक्रम सात कनिष्ठ चिकित्सकों द्वारा की जा रही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में उनके साथियों द्वारा एकजुटता प्रदर्शित करते हुए किए जा रहे प्रतीकात्मक 12 घंटे के उपवास के मद्देनजर सामने आया है।

राज्य-संचालित अस्पतालों के चिकित्सकों के संगठनों में से एक एसोसिएशन ऑफ हेल्थ सर्विसेज डॉक्टर्स के प्रतिनिधि डॉ. मानस गुमटा ने कहा कि अगर सरकार विरोध प्रदर्शन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों की उचित और प्रासंगिक मांगों पर ध्यान नहीं देगी तो हम सरकारी अस्पतालों के सभी वरिष्ठ चिकित्सकों से इस्तीफा देने के लिए राज्यव्यापी आह्वान करने के लिए मजबूर होंगे।

### यह है डॉक्टरों की प्रमुख मांगें

आमरण अनशन पर बैठे चिकित्सकों की मांगों में राज्य के स्वास्थ्य सचिव को हटाना, मेडिकल कॉलेज परिसरों में पुरुष और महिला पुलिसकर्मियों की नियुक्ति, चिकित्सकों, नर्सों और स्वास्थ्यकर्मियों के रिक्त पदों को भरना, रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन को मान्यता देना, राज्य चिकित्सा परिषद की अनियमितताओं की जांच और धमकी देने में शामिल लोगों को दंडित करने की मांग शामिल है।

### जूनियर डॉक्टरों की 12 घंटों की भूख हड़ताल

पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट (डब्ल्यूबीजेडीएफ) ने आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म के बाद हत्या की शिकार हुई डॉक्टर के लिए न्याय और कुछ शीर्ष अधिकारियों को हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को सभी सरकारी अस्पतालों के सामने 12 घंटे की भूख हड़ताल शुरू की। इस बीच सात डॉक्टरों का अनिश्चितकालीन अनशन चौथे दिन भी जारी रहा।

## स्कूटी समेत नदी में गिरी दो युवतियां, एक लापता

संवाददाता, अल्मोड़ा

- झाड़ियों में फंस जाने से बची एक युवती की जान
- हाट कालिका मंदिर गंगोलीहाट से लौट रही थीं पिथौरागढ़

**अमृत विचार:** हाट कालिका मंदिर गंगोलीहाट से पिथौरागढ़ जा रही एक स्कूटी सरयू नदी में जा गिरी। जिससे उसमें सवार एक युवती झाड़ियों में फंसने से बच गई। वहीं, दूसरी युवती लापता है। हादसे के बाद अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ की पुलिस व एसडीआरएफ की टीम युवती की तलाश में जुटी हुई है।

जानकारी अनुसार बीते सोमवार शाम किरन (26) पुत्री स्व. कैलाश राम और संगीता (23) पुत्री उमेद राम, दोनों निवासी न्यू बजेठी (पिथौरागढ़) स्कूटी से हाट कालिका मंदिर गंगोलीहाट के दर्शन कर वापस पिथौरागढ़ लौट रही थीं। सरयू, पनार पुल क्रॉस करते ही स्कूटी अनियंत्रित हो गई। इससे किरन छिटककर सड़क से लगभग दस मीटर नीचे सरयू नदी में जा गिरी। जबकि संगीता झाड़ियों में फंस गई। संगीता को पुलिस ने सकुशल बचा लिया। जबकि किरन का कहीं पता नहीं चल पाया। थाना गंगोलीहाट और अल्मोड़ा के थाना दन्या पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर सर्च अभियान चलाया। पानी का बहाव तेज और अंधेरा होने से सर्च अभियान में परेशानी हुई। लापता युवती के परिजन भी रेस्क्यू टीमों के साथ मौके पर मौजूद रहे। इधर, मंगलवार को भी रेस्क्यू जारी रहा लेकिन देर शाम तक किरन का पता नहीं चल सका।



‹‹ अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को सरयू नदी में सर्च अभियान चलाया।

## डिप्टी रेंजर की कार ने 4 को रौंदा, 2 की मौत

संवाददाता, गोंडा

**हिट एंड रन**

- घायलों की हालत गंभीर, एक को लखनऊ रेफर किया गया
- भाग रहे डिप्टी रेंजर को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**अमृत विचार :** वन विभाग में तैनात डिप्टी रेंजर की अनियंत्रित कार ने खरगूपुर थाना क्षेत्र के गोपाल बाग के समीप मंगलवार की सुबह दो सगी बहनों समेत चार लोगों को रौंद डाला। हादसे में दो की मौत हो गई। जबकि एक को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहीं हादसे के बाद भाग रहे डिप्टी रेंजर को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। मौके पर पुलिस फोर्स तैनात की गई है।

बहराइच जिले में वन विभाग में तैनात डिप्टी रेंजर अमित वर्मा मंगलवार की सुबह आर्यनगर से गोकरननाथ शिवाला की तरफ जा रहे थे। गोपाल बाग कस्बे के समीप वह अपनी कार से नियंत्रण खो बैठे और कार अनियंत्रित होकर एक वेल्डिंग की दुकान पर काम रहे अंगदलाल उर्फ झुरई (40) रुपईडीह गांव की रहने वाली दो सगी बहनों गौरीशा श्रीवास्तव उर्फ परी (12) व आयुषी श्रीवास्तव उर्फ शगुन (10) तथा कमडावा गांव के रौनक कुमार (14) पुत्र लवकुश तिवारी को रौंद दिया। इसमें अंगदलाल तथा आयुषी की मौत हो गई। हादसे के बाद डिप्टी रेंजर ने भागने की कोशिश की लेकिन ग्रामीणों ने उन्हें दबोच लिया। गंभीर रूप से घायल गौरीशा उर्फ परी को लखनऊ रेफर किया गया है जबकि रौनक मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन है। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि हादसे में डिप्टी रेंजर को भी चोट आई है।



आयुषी



अंगदलाल

## हथियार तस्करी का अंतरराज्यीय गिरोह पकड़ा

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर पुलिस ने मंगलवार को एक अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है, इसके सरगना को गिरफ्तार कर पांच देसी पिस्तौल भी बरामद किए हैं। एसएसपी हरकमल प्रीत सिंह खख ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुनील कुमार उर्फ जियोना निवासी गांव मंडयाला, थाना लोहियां, जिला जालंधर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान सुनील कुमार के पास से एक .32 बोर की पिस्तौल, एक मैगजीन और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए, जबकि उसके किट बैग से तीन अतिरिक्त पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस मिले।

## अब ई-कोर्ट से होगा औद्योगिक वादों का निपटारा

### चक्कर लगाने से मुक्ति, औद्योगिक न्यायाधिकरण में व्यापक डिजिटल समाधान विकसित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समय और धन दोनों ही बचेगा, चार चरण में होगा वाद का समाधान
- राज्य सरकार ने परियोजना पर शुरू किया काम, श्रीट्रॉन को जिम्मा

**अमृत विचार :** तारीख पर तारीख लगने के साथ अब मुकदमों को लेकर अदालत के न तो चक्कर लगाने होंगे और न ही बेवजह धन खर्च होगा। खासकर औद्योगिक न्यायाधिकरण में ई-कोर्ट प्लेटफॉर्म से अब विवादों का निपटारा तय समयसीमा में किया जाएगा।

ई-कोर्ट नामक डिजीटल प्लेटफार्म पर ही औद्योगिक विवाद से संबंधित मामले दर्ज करने और सभी पक्षों के लिए एक सहज इंटरफेस विकसित करने का प्रयास है। इस प्लेटफॉर्म पर पक्ष अपना इनपुट व दस्तावेज अपलोड कर यह सुनिश्चित कर सकेंगे कि उनकी प्रस्तुतियां कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करती हैं या नहीं। इस प्रणाली के निर्माण व विकास का जिम्मा श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड को सौंपा गया है। इस डिजिटल प्रक्रिया में स्वचालित रूप से प्रस्तुतियों के सही पाए जाने पर एक यूनीक केस नंबर जेनरेट होगा जो आवेदकों को यह आश्वासन देगा कि संबंधित केस की समीक्षा शुरु हो गई है। न्यायालय के कर्मचारियों के लिए मामलों की समीक्षा और सत्यापन के लिए भी उपकरण होंगे ताकि वादों को अलग-अलग वर्गीकृत किया जा सके। इस प्लेटफॉर्म में सुनवाई के लिए तारीख और समय निर्धारित करने के लिए एक शेड्यूलिंग सिस्टम होगा।



### संवेदनशील जानकारी रहेगी सुरक्षित

मजबूत सुरक्षा उपायों के माध्यम से विकसित किए जा रहे ई-कोर्ट प्लेटफॉर्म व इंटरफेस को संवेदनशील जानकारी की रक्षा करने में भी सक्षम बनाया जाएगा और वह सभी कानूनी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा। उपयोगकर्ताओं को सहायता के लिए ट्यूटोरियल और गाइड सहित प्रशिक्षण सामग्री यहां मिल जाएगी। सबसे खास पहलू यह कि इस प्रकिया में चार चरण में वाद का निपटारा हो जाएगा।

## सार-संक्षेप



नैनीताल में कुलपति को ज्ञापन देते विद्यार्थी परिषद के छात्र। ● अमृत विचार

### एबीवीपी छात्रों ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**नैनीताल :** समर्थ होटल खोले जाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डीएस रावत को ज्ञापन सौपकर जल्द से जल्द पोर्टल पुन: खोलने की मांग की है। कुलपति को हल्द्वानी, नैनीताल, रामनगर समेत अन्य क्षेत्रों से ज्ञापन देने पहुंचे विद्यार्थी परिषद के छात्रों का कहना है कि कई कॉलेजों में अभी भी छात्रों के प्रवेश नहीं हुए हैं। कॉलेज में अभी भी सीट रिक्त हैं। लिहाजा छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन प्रवेश के लिए बनाए गए पोर्टल को खोला जाए। ताकि प्रवेश से वंचित छात्रों को कॉलेज और परिसरों में प्रवेश मिल सके। छात्रों ने कुलपति को चेतावनी दी है कि अगर छात्र हितों की अनदेखा की गई तो सभी छात्र-छात्राएं उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे। इस दौरान छात्र संघ अध्यक्ष उत्कर्ष बिष्ट, तनीषा, तनिष्क मेहरा, पंकज भट्ट, सूरज रमोला आदि मौजूद रहे।

### रानीबाग में बहुउद्देशीय शिविर आज

**भीमताल :** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीबाग के प्रागंण में बुधवार (आज) को सुबह 11 बजे से समाज कल्याण विभाग की ओर से बहुउद्देशीय शिविर लगाया जायेगा। ग्राम प्रधान कलावती थापा ने बताया कि शिविर में वृद्धावस्था, विकलांग और विधवा पेंशन के लाभार्थियों के सत्यापन सहित पेंशन के पात्र व्यक्तियों के आवेदन पत्र जमा किये जाएंगे। जिन व्यक्तियों की आयु 59 वर्ष 6 माह हो चुकी है, वह अपने पहचान पत्र सहित शिविर में शामिल हों। शिविर में कृषि, पशुपालन तथा ग्राम्य विकास से जुड़े कार्यों को संपादित किया जाएगा।

### संचार व्यवस्था ठीक न होने से उपभोक्ता परेशान

**भीमताल :** ओखलकांडा में संचार व्यवस्था ठीक न होने से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने कई बार विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। क्षेत्र में नये टावर तो लगे हैं लेकिन वह सिर्फ शोपीस बने हुए हैं। अमझड़, मिडार, अधोड़ा, डालकन्या, डूंगरी, हरीशताल, ल्वाड़, डोबा, गौनियारो आदि गांवों में नेटवर्क की समस्या बनी हुई है। ग्रामीण करन पनेरू, निर्मल मटियाली, ग्राम प्रधान जीवन कांडपाल, पुष्कर सिंह महरा ने बीएसएनएल के अधिकारियों से समस्या का समाधान करने की है।

### पतलोट में बंदरों के आतंक से दुकानदार परेशान

**भीमताल :** पतलोट बाजार में बंदरों के आतंक से दुकानदार परेशान हैं। बंदरों के झुंड रोजाना दुकानों से सामान उठा कर ले जा रहे हैं। ऐसे में दुकानदार दुकान बंद करने को मजबूर हो रहे हैं। व्यापार मंडल के अध्यक्ष रंजित मटियाली ने बताया कि कई बार वन विभाग के अधिकारियों और क्षेत्रीय विधायक को लिखित सूचना देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। दुकानदारों ने चेताया कि वन विभाग जल्द से जल्द मामले का संज्ञान ले अन्यथा डीएफओ कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

### नैनीताल बैंक के स्टॉल को मिला प्रथम पुरस्कार

**नैनीताल :** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित 116वें किसान मेले में नैनीताल बैंक के स्टॉल को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यहां आयोजित कार्यक्रम में नैनीताल बैंक की ओर से स्टॉल लगाकर किसानों को बैंकिंग जागरूकता व विभिन्न ऋण सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। नैनीताल बैंक के एमडी व सीईओ निखिल मोहन ने बताया कि बैंक की सितारगंज, नगला, किच्छा, बहेड़ी, लालकुआं जैसे कई शाखाओं की ओर से मेले में आए किसानों को बैंक की विभिन्न सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई।

### अमित दत्त बने प्रवर अधीक्षक डाक मंडल

**नैनीताल :** भारतीय डाक सेवा के वर्ष 2020 बैच के अधिकारी अमित दत्त को नैनीताल डाक मंडल का प्रवर अधीक्षक नियुक्त किया गया है। मंगलवार को उन्होंने कार्यभार संभाला। विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। अमित दत्त ने कहा कि उनकी प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों विशेषकर पिछड़े और कम आय वाले वर्ग तक डाक विभाग की सेवाओं को पहुंचाना है। इसके साथ ही वे डाक विभाग द्वारा एक ही छत के नीचे प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं को व्यापक बनाने का भी प्रयास करेंगे।



ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय में शक्ति उत्सव प्र प्रस्तुति देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### ग्राफिक एरा में मनाया शक्ति उत्सव

**भीमताल :** ग्राफिक एरा के छात्र-छात्राओं ने नवरात्रि के पावन अवसर पर शक्ति उत्सव मनाकर प्रांगण में देवी माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। एक मनमोहक व शक्तिमय प्रस्तुति से छात्रों ने देवी के नौ अवतारों का मंचन किया। साथ ही दुर्गा मां द्वारा महिषासुर के वध का चित्रण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुई और फिर दुर्गा वंदना की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर एक कला प्रदर्शनी भी हुई। जिसमें छात्रों ने देवी मां के विभिन्न स्वरूपों को पेंटिंग के माध्यम से दर्शाया। कैंपस निदेशक ने छात्रों द्वारा बनाए चित्रों का अवलोकन किया और छात्रों की भागीदारी की प्रशंशा की। चित्रकला प्रतियोगिता में काव्याजलि प्रथम, नेहा द्वितीय तथा राहुल व दीपक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. संतोषी सेनगुप्ता, डॉ. निधि भट्ट, सुरभि सक्सेना एवं अभिजीत भाकुनी रहे।

# सुंदरखाल मामले में वन सचिव से रिपोर्ट तलब की

## हाईकोर्ट ने याचिका पर की सुनवाई, चार सप्ताह का दिया समय

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने वर्ष 1975 के बाद से अब तक जनपद के रामनगर के सुंदरखाल में रह रहे ग्रामीणों को बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने वन सचिव से चार सप्ताह में प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा है। साथ ही कोर्ट ने पूछा है कि वर्ष 2014 में क्षेत्र के लोगों के विस्थापन के लिए बनाई कमेटी के निर्णय पर राज्य सरकार ने अब तक क्या निर्णय लिया है, चार सप्ताह के भीतर उसकी प्रगति रिपोर्ट भी पेश करने के निर्देश दिए हैं।

मामले के अनुसार समाजसेवी संस्था इंडिपेंडेंट मीडिया सोसाइटी ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि नैनीताल जिले के सुंदरखाल में वर्ष 1975 से रह रहे ग्रामीणों को बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। इसे लेकर पिछले कई वर्षों से सुंदरखाल के ग्रामीण विस्थापन की मांग राज्य सरकार से कर रहे हैं। इसको लेकर सरकार ने वर्ष 2014 में एक कमेटी बनाकर विस्थापन का निर्णय लिया था। बावजूद इसके अब तक उन्हें विस्थापित नहीं किया गया है न ही राज्य सरकार ने उन्हें जरूरी मूलभूत सुविधाएं दी हैं। उनका क्षेत्र अति दुर्गम क्षेत्र में आता है। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि उन्हें विस्थापित किया जाए या मूलभूत सुविधाएं दी जाएं।

### अमसारी आपदा प्रभावितों के प्रकरण में मांगा जवाब

**नैनीताल, अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने रुद्रप्रयाग के अमसारी गांव के आपदा पीड़ितों को राज्य सरकार की ओर से मुआवजा नहीं देने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से तीन सप्ताह में जवाब देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी। अमसारी के आपदा पीड़ित राजेन्द्र सिंह बिष्ट की ओर से इस मामले को जनहित याचिका के माध्यम से उच्च न्यायलय में चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वर्ष 2022 में अमसारी गांव में आपदा आई थी। इससे गांव के 20 परिवार प्रभावित हुए थे। जिला प्रशासन की ओर से 13 परिवारों को मुआवजा दिया गया, लेकिन सात परिवारों को वंचित कर दिया गया। जिला प्रशासन की ओर से कहा गया कि जिन लोगों के अन्य शहरों और कस्बों में मकान हैं उन्हें मुआवजा नहीं दिया जाएगा। जनहित याचिका में कहा गया कि गांव के कई परिवार रोजी रोटी के लिए बाहर गए हैं। किराए के मकान में रहते हैं। कोरोना काल में रोजगार नहीं मिलने पर पैतृक सम्पति की मरम्मत की। 2022 में आपदा आने से सरकार ने उनके साथ मतभेद किया है। जबकि ग्राम प्रधान के चुनाव होने पर वोट देने के लिए उन्हें गांव बुला लिया जाता है, क्या उन्हें राज्य की सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलना चाहिए।

### नैनीताल में छात्रों की भूख हड़ताल शुरू

**नैनीताल:** छात्रसंघ चुनाव की तिथि जारी करने की मांग को लेकर कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में छात्रनेताओं ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। कुछ छात्र नेताओं ने यहां उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धनसिंह रावत का पुतला दहन किया। सोमवार को डीएसबी परिसर व अन्य महाविद्यालयों के छात्रनेता कुविवि के प्रशासनिक भवन पहुंचे। यहां उन्होंने सरकार और विवि प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। रात भर धरना- प्रदर्शन करने के बावजूद मंगलवार तक मांग पूरी नहीं हुई तो उक्त छात्रनेताओं ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। भूख हड़ताल में आशीष कबड़वाल, विशाल बिष्ट, अभिषेक कुमार, करन सती, सौरभ कुमार और अंशुल कुमार बैठे हैं। इस मौके पर हर्षित अधिकारी, कमलेश कुमार, प्रशांत मेहरा, सागर मेहरा, मोहित गोयल, देव चौहान, शुभम रहे।

### वारंटी गिरफ्तार

**भीमताल:** थानाध्यक्ष भीमताल जगदीप नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वारंटीअजय आर्या पुत्र अनिल आर्या निवासी कुआंताल जून स्टेट भीमताल को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अजय आर्या न्यायालय में काफी समय से उपस्थित नहीं हो रहा था।

# लैंसएंड तक आज से शुरू होगी घुड़सवारी

संवाददाता, नैनीताल

**खुशी**

- वन विभाग की अनुमति के बाद घोड़ा संचालकों में खुशी
- टिफिन टॉप पहुंचने वाले अन्य दो रास्तों पर अब भी प्रतिबंध रहेगा

**अमृत विचार:** नैनीताल की टिफिन टॉप की पहाड़ी पर भूस्खलन के बाद छह अगस्त की रात को डोरोथी सीट ढह गई थी। जिसके चलते प्रशासन की ओर से वहां लोगों की आवाजाही के साथ ही घोड़ा संचालन भी रोक दिया था। लेकिन प्रशासन की ओर से कई बार के निरीक्षण के बाद बारा पत्थर से लैंसएंड तक घुड़सवारी शुरू करने की अनुमति दे दी है। हालांकि टिफिन टॉप को जाने वाले आंयारपाटा मार्ग व शेरवुड मार्ग पर अब भी प्रतिबंध है।

बता दें कि बीते छह अगस्त को नैनीताल की टिफिन टॉप की पहाड़ी में बने डोरोथी सीट भूस्खलन के चलते ढह गई थी। जिससे पूरे शहर में हड़कंप मच गया था। प्रशासन की ओर से निरीक्षण के बाद यहां 12 पत्थर से संचालित घोड़ों, व टिफिन टॉ तक पहुंचने वाले तीनों रास्तों से पर्यटकों व स्थानीय लोगों की आवाजाही रोक दी गई थी। जिसके बाद प्रशासन की ओर से क्षेत्र में भूवैज्ञानिकों से सर्वे भी कराया गया था। विभागीय विशेषज्ञों की टीम ने भी क्षेत्र में निरीक्षण कर डोरोथी सीट को पुराने स्वरूप में लाने के लिए भूगर्भीय सर्वे कराने की बात कही। बीते दिनों संयुक्त मजिस्ट्रेट वरूणा अग्रवाल ने भी अन्य विभागों के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया। जिसके बाद उन्होंने डीएफओ नैनीताल को क्षेत्र में घोड़ा संचालन के लिए अनुमति देने के लिए विचार करने को कहा। जिसके चलते मंगलवार को डीएफओ चंद्रशेखर जोशी की ओर से वन क्षेत्राधिकारी को सुरक्षा को देखते हुए घोड़ा संचालन करने की अनुमति दे दी है।

वन क्षेत्राधिकारी त्रिलोक सिंह बोरा ने बताया कि घोड़ा संचालकों को बारा पत्थर से लैंसएंड तक घोड़ा संचालन की अनुमति दी जा रही है। बुधवार से घोड़ा संचालन किया जा सकता है। घोड़ा संचालक समिति के अध्यक्ष मो. उमर ने बताया कि घोड़ा संचालन की अनुमति मिलने से बहुत खुशी है। कहा कि वह पूरे नियमों को ध्यान में रखेंगे।



कांग्रेस की सदस्यता दिलाते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### कमिश्नरी घेराव को सफल बनाने का आह्वान

**भीमताल, अमृत विचार :** नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक मंगलवार को डांठ स्थित सांस्कृतिक मंच में आयोजित हुई। जिसमें कार्यकर्ताओं से 21 अक्टूबर को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में नैनीताल कमिश्नरी घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने की।

इस दौरान पूर्व विधायक नैनीताल संजीव आर्य और पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए रणनीति के तहत कार्य करने की बात कही। उन्होंने 21 अक्टूबर की सुबह 10 बजे अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं से नैनीताल पहुंचने की अपील की। बैठक में विधानसभा प्रभारी राजेंद्र सिंह बिष्ट, नगर अध्यक्ष डीके डालाकोटी, निवर्तमान चेयरमैन देवेंद्र सिंह चुनौतिया, सूरज मेहरा, हरीश पनेरू, सतीश लाल वर्मा, गोपाल दत्त पलड़िया, हिमांशु पांडे, देवेंद्र फर्त्याल, राकेश बृजवासी, पीसी नौगाई, भूपेंद्र कनौजिया आदि रहे।

# क्यों करते हो क्रोध मुनि जी क्या है दोष ...

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शीशमहल रामलीला में तीसरे दिन सीता स्वयंवर की लीला का भावपूर्ण मंचन हुआ। कलाकारों के शानदार अभिनय को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। वहीं लक्ष्मण-परशुराम संवाद को भी दर्शकों ने काफी सराहा। सीता स्वयंवर के दौरान भगवान शिव के धनुष को टूटा देख परशुराम क्रोधित हो जाते हैं। जिन्हें मनाने के लिए लक्ष्मण उनकी आरती उतारते हुए कहते हैं 'क्यों करते हो क्रोध मुनि जी...क्या है दोष हमारा। इससे पूर्व रामलीला कमेटी के केशव चंद्र तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर मंचन का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्य व्यवस्थापक गिरीश तिवारी, अध्यक्ष मनोज तिवारी, नीरज फुलारा, एनडी तिवारी, कमल पपनै, हरीश पांडे, सुरेश तिवारी, विनोद भट्ट, उमेश तिवारी, कैलाश बल्यूटिया रहे।



शीशमहल रामलीला में सीता स्वयंवर का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

### शबरी की भक्ति देखकर राम ने दिया मोक्ष

**हल्द्वानी :** स्थानीय रामलीला मैदान में चल रही दिन की लीला मंगलवार को प्रभु श्रीराम का सबरी आश्रम में जाना, पंपापुर में सुग्रीव से मित्रता, बाली-सुग्रीव युद्ध, बाली वध और लंका दहन की लीला का भव्य मंचन किया गया। वहीं, रात्रि लीला में वृंदावन के कलाकारों ने दशरथ मरण, भरत मिलाप, पंचवटी, सूर्पनखा नासिक छेदन और खर-दूषण वध की लीला का मंचन हुआ। माता सीता की खोज में जब भगवान राम शबरी की कुटिया में पहुंचे तो वह भाव विभोर हो गईं और आंखों से आंसू बहने लगे। शबरी ने राम को मीठे बेर खिलाये, जिसे भगवान राम ने भी भक्तिवश होकर प्रेम से खाया। शबरी की भक्ति देखकर राम ने उन्हें मोक्ष प्रदान किया। इस दौरान प्रदीप बिष्ट, अमरनाथ जोशी, सतीश अग्रवाल, प्रदीप कक्कड़, घनश्याम रस्तोगी, प्रेम मदान, उर्वशी रौतेला, पायल अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, विजय भट्ट, प्रताप रैकवाल, एनबी गुणवंत आदि मौजूद रहे।

# सनवाल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सनवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित विज्ञान व कला प्रदर्शनी में प्रदर्शित मॉडल के जरिये देश व दुनिया के विकास का संदेश दिया गया। विभिन्न विषयों पर आधारित प्रदर्शनी में लगाए माडलों को दर्शकों ने खूब पसंद किया।

मंगलवार को विद्यालय में विज्ञान के क्षेत्र में देश के विकास को लेकर तमाम विज्ञान के मॉडल प्रदर्शित किए गए थे। जिनमें चंद्रयान सफर से लेकर ऊर्जा में सोलर पैनल की महत्ता और कोविड वैक्सीन के अलावा हाइड्रोलिक व स्वास्थ्य तकनीक में विस्तार का वर्णन किया गया था। कला प्रदर्शनी में बेकार हो चुकी प्लास्टिक बोतलों, कागज के गिलास, निष्प्रयोज्य पीवीसी की वस्तुएं, प्लास्टिक थैलियों, पुराने कपड़ों से घरेलू वस्तुओं में उपयोग के विविध मॉडल प्रदर्शित किए गए थे। इनके अलावा भौगोलिक ज्ञान से विश्व की तमाम जानकारियां मॉडलों से दी गई। इतिहास, सामाजिक विज्ञान, गणित, आर्थिक व इंटरनेट की महत्ता को लेकर भी आकर्षक मॉडलों को दर्शकों ने खूब सराहा। प्रदर्शनी का उदघाटन करते हुए विद्यालय प्रबंधक गौरव सनवाल ने कहा कि प्रदर्शनी किसी भी क्षेत्र अथवा संस्था का प्रतीक होती है। प्रधानाचार्य ए एमेन्युअल ने अतिथियों का आभार प्रकट किया। दून स्कूल हल्द्वानी की प्रबंधक रीटा सनवाल, प्रधानाचार्य आर तिवारी, गीता साह, ईशा साह व अनिल जोशी समेत विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी व अभिभावकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



सनवाल स्कूल में प्रदर्शनी का अवलोकन करती प्रधानाचार्य ए एमेन्युअल व अतिथि।

### उत्कृष्ट कार्य करने पर दिव्यांग होंगे पुरस्कृत

**भीमताल :** आगामी तीन दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांगों को पुरस्कृत करेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि दिव्यांगों का चयन डीएम की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति करेगी। जिनमें उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मचारियों, स्वतः रोजगार में रत दिव्यांग व्यक्तियों, दिव्यांगों के सेवायोजकों एवं दिव्यांग खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। पुरस्कार के रूप में आठ हजार रुपये की धनराशि, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों को समारोह स्थल तक आने-जाने का किराया, दो दिन रात्रि विश्राम व भोजन की व्यवस्था समाज कल्याण विभाग करेगा।

# बिड़ला विद्या मंदिर व गुरु तेग बहादुर स्कूल फाइनल में पहुंचे

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** गुरु तेग बहादुर हल्द्वानी और बिरला विद्या मंदिर नैनीताल के बीच बुधवार को अंतर विद्यालय बास्केटबॉल का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। मंगलवार को डी एस ए खेल मैदान में दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए।

पहला मुकाबला सैनिक स्कूल घोड़ाखाल और गुरु तेग बहादुर स्कूल हल्द्वानी के मध्य खेला गया। जिसमें गुरुतेग बहादुर ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल को 76-44 अंतर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा मुकाबला एमपी इंटर कॉलेज रामनगर और बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल के बीच होना था। जिसमें एमपी इंटर कालेज रामनगर की टीम खिलाड़ियों का पात्रता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ रही जिसके चलते टीम को अपात्र घोषित किया गया और बिड़ला विद्या मंदिर को विजयी घोषित किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बुधवार को गुरु तेग बहादुर स्कूल हल्द्वानी और बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल के मध्य खेला जाएगा। डीएसए महासचिव अनिल गाड़िया ने बताया कि फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि उत्तराखंड ओलंपिक असोसिएशन के अध्यक्ष महेश नेगी होंगे। प्रतियोगिता के दौरान बास्केटबॉल सचिव हरीश जोशी, भुवन जोशी, समीर अली, तरुण, विनोद, फरीद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**आस्था** नयना देवी मंदिर से निकली कलश यात्रा, देर शाम मंदिर में मां दुर्गा की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा बंगाली रीति रिवाज से हुई

# नैनीताल में कलश यात्रा के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव शुरू

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नयना देवी मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकालने के साथ ही सर्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव शुरू हो गया है। दिन भर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के बाद देर शाम नैना देवी मंदिर में मां दुर्गा की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा बंगाली रीति रिवाज से की गई। मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान सैकड़ों पर्यटक और स्थानीय भक्त मौजूद रहे। मंगलवार सुबह महिलाओं की कलश यात्रा और स्कूली बच्चों की झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। सांस्कृतिक झांकी में कुमाऊनी व बंगाली संस्कृति का मिलन देखने को मिला।



नैनीताल में कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

नयना देवी मंदिर से शुरू होकर कलश यात्रा रिक्शा स्टैंड, मल्लीताल बाजार होते हुए फिर से मंदिर पहुंची। नयना देवी मंदिर में मां दुर्गा का भव्य दरबार सजा है। दुर्गा समिति उपाध्यक्ष त्रिभुवन प्रत्यायल ने बताया कि महोत्सव दशहरे तक चलेगा। प्रांगण में शाम को धनुची आरती होगी, जिसमें बंगाल से आए पंडित विशेष रूप से मन की पूजा अर्चना करेंगे। वहीं डीएसए मैदान में उत्तराखंडी स्टार नाइट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें तीन दिनों तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

कलश यात्रा में सुमन साह, डौली भट्टाचार्य, सीमा दास, मंजू बोरा, मुन्नी भट्ट ,सीमा पाण्डे, अनुराधा चन्द, विनीता बिष्ट, निभा वर्मा, अमित साह, अध्यक्ष बहादुर सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन फर्त्याल, महासचिव उमेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, दिनेश भट्ट, पीके शर्मा, चंदन कुमार दास, भास्कर बिष्ट, सुरेन्द चौधरी, शिवराज नेगी, आशीष वर्मा मौजूद रहे।

# रिंगाल के उत्पाद बनाकर महिलाएं बनें आत्मनिर्भर

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** भीमताल ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने रिंगाल हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहीं महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। एलईडीपी कार्यक्रम में 30 महिलाओं को 20 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

चकबहेड़ी हैडिया गांव ग्राम पंचायत में मातृ शक्ति द्वारा हस्तशिल्प उत्पादों में उपयोग होने वाले रिंगाल बास का सरंक्षण किया जा रहा है। रिंगाल और बांस से टोकरी, पैन स्टेंड, फ्लावर पॉट, बुक सेल्फ, लाइट स्टेंड का निर्माण किया जाएगा। प्रमुख ने कहा कि रिंगाल से बनी वस्तुएं सैलानियों की पसंद बन रही हैं। इन उत्पादों का प्रशिक्षण लेकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं। पर्वतीय क्षेत्रों के लिए रिंगाल और बांस लाभकारी साबित हो सकता है। प्रमुख ने महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण इलाके के लोगों को रोजगार प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उत्तराखंड के हस्तशिल्पी पुरातन काल से रिंगाल और बांस का उपयोग करते रहे हैं। पहले लोग रिंगाल से डोका, सूप, डलिया आदि बनाते थे। आयोजन महिला एवं निर्बल वर्ग उत्थान समिति ज्योलीकोट द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण ले रही महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।

### महासंघ का धरना ९६वें दिन भी जारी

**नैनीताल:** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण की मांग को लिए के लिए किया जा रहा पर्यावरण संरक्षण के तहत आंदोलन मंगलवार को 96वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी ने कहा कि नियमितीकरण की मांग को लेकर किए जा रहे जनपदवार आंदोलन के तहत मंगलवार को जनपद पिथौरागढ़ में निगम के कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया व स्वच्छता कार्यक्रम चलाया। महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला ने कहा कि जब तक नियमितीकरण की मांग पूरी नहीं की जाती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# मानसिक दिव्यांग की जमीन से फूटा भाइयों में दुश्मनी का बीज

## जिसकी थी 22 बीघा जमीन उसकी हो चुकी है मौत, अधिवक्ता और चचेरे भाई की इस जमीन पर थी नजर, जमीन बंटवारे पर नहीं बन रही थी सहमति

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


उमेश। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** मुखानी थाना क्षेत्र के कमलुवागांजा में सोमवार आधी रात अधिवक्ता उमेश नैनवाल की उसी के चचेरे भाई दिनेश नैनवाल ने गोली मार कर हत्या कर दी। दोनों भाइयों के बीच रंजिश का बीज जिस 22 बीघा जमीन की वजह से उपजा था, वो जमीन एक मानसिक दिव्यांग व्यक्ति की थी। इस व्यक्ति की कुछ माह पहले ही मौत हो चुकी है। जमीन का कोई और दावेदार नहीं था तो नैनवाल बंधुओं की इस पर नजर जम गई। दोनों भाइयों ने पहले तो जमीन को आपस में बांटने का फैसला कर लिया, लेकिन बेशकीमती जमीन को लेकर दोनों के मन में लालच बढ़ता गया और इसी को लेकर उनमें रंजिश हो गई।

पूरनपुर नैनवाल लामाचौड़ निवासी अधिवक्ता उमेश नैनवाल के बेटे आदित्य का सोमवार को कमलुवागांजा में चल रही रामलीला में मंचन था। आदित्य परशुराम की भूमिका निभा रहा था और उमेश दूर खड़े बेटे के अभिनय का वीडियो बना रहे थे। तभी वहां उनका चचेरा भाई दिनेश नैनवाल पहुंचा। एक पब्लिक स्कूल का मालिक दिनेश नैनवाल दबे कदमों से उमेश के पीछे पहुंचा और पीठ से सटाकर तमंचे से फायर कर दिया। गोली लगते ही उमेश लहूलुहान होकर वहीं गिर गए और गोली मारने के बाद दिनेश तमंचा घटना स्थल से कुछ दूरी पर फेंक कर फरार हो गया। उमेश को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तभी प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हो गया था कि घटना के पीछे जमीन का विवाद है। जांच में पता चला कि जिस 22 बीघा जमीन को लेकर विवाद था, वह न तो उमेश के नाम पर थी और न ही दिनेश के नाम पर। जमीन का असली मालिक हेम चंद्र नैनवाल था। हेम चंद्र की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। हेम के माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। बीती एक जून को हेम चंद्र भी चल बसा। हेम की मौत के बाद करीब 40 करोड़ रुपये की जमीन लावारिस हो गई, लेकिन तब तक उमेश और दिनेश की नजर जमीन पर पड़ चुकी थी। आरोप है कि दिनेश ने ट्रैक्टर से जमीन की जुताई करा दी थी। जिसके बाद मामला एसडीएम कोर्ट पहुंच गया। इधर, एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें दबिश दे रही हैं। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


पोस्टमार्टम के बाद उमेश नैनवाल के शव को ले जाते परिजन। ● अमृत विचार

### गिरफ्त में हत्यारा, आज खुलासा करेगी पुलिस

सूत्रों के अनुसार पुलिस ने उमेश के हत्यारोपी दिनेश की गिरफ्तारी कर ली है। उसे ऊधमसिंह नगर से गिरफ्तार किया गया है। हालांकि पुलिस इस बात से इंकार कर रही है। माना जा रहा है कि बुधवार को पुलिस मामले का खुलासा कर सकती है। इस मामले में पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया गया तमंचा रामलीला मैदान के गेट से बरामद कर लिया है। साथ ही फॉरेंसिक टीम ने भी मजबूत साक्ष्य जुटा लिए हैं।

# उमेश ने जताया था जान का खतरा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** घटना के बाद लहूलुहान उमेश नैनवाल को कालाढूंगी रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को पैनल का गठन कर पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम में उमेश के शरीर से कारतूस के सात छर्रे निकले। जिसके बाद उमेश के रिश्तेदारों व परिजनों ने मुखानी पुलिस को घटना का जिम्मेदार ठहराया।

उमेश के एक रिश्तेदार ने पुलिस पर गलत रिपोर्ट लगाने का लगाने का आरोप लगाया है। मुखानी पुलिस को सौंपी तहरीर में उमेश की पत्नी कल्पना ने लिखा कि उनके पति का दिनेश से जमीन को लेकर मुकदमा चल रहा था। इससे पहले भी दिनेश ने उमेश को जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके बाद उन्होंने मुखानी थाना और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। उमेश के रिश्तेदार ने आरोप लगाया कि पुराने थानाध्यक्ष ने इस मामले को दबाकर रखा। नए थाना इंचार्ज ने आते ही रिपोर्ट लगा दी कि उमेश की जान को कोई खतरा नहीं है। पुलिस की इसी लापरवाही का नतीजा है कि धमकी देने वाले दिनेश ने उमेश की हत्या कर दी।

### हत्या में दिनेश का दोस्त भी था शामिल

हत्यारोपी दिनेश नैनवाल ने घात लगाकर उमेश की हत्या की। उमेश की पत्नी ने पुलिस को जो तहरीर दी है, उसमें दिनेश के एक दोस्त का भी जिक्र किया है। लिखा है कि घटना के वक्त दिनेश का दोस्त लोगों को डरा रहा था और गोली मारने के बाद दोनों साथ फरार हुए। बताया जाता है कि घटना के वक्त उमेश अपने चार दोस्तों के साथ खड़े थे। उनकी पत्नी और बेटी मंच के पास कुर्सी पर बैठे थे। 312 बोर से फायर करने के बाद उमेश पैदल ही डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित घर की ओर भागा और तमंचा घटनास्थल से सटे कमलुवागांजा प्राइमरी स्कूल की चहारदीवारी में फेंक दिया। घर पहुंचने के बाद उसने कार निकाली और पत्नी व तीन बच्चों समेत फरार हो गया।

### चंदन पोखरिया की हत्या में जेल गया था दिनेश

पोस्टमार्टम हाउस में उमेश के रिश्तेदारों का आरोप था कि हत्या करना दिनेश नैनवाल के लिए नई बात नहीं है। वर्ष 2006 में दिनेश के देवलचौड़ निवासी दोस्त चंदन पोखरिया की हत्या हुई थी। चंदन को बाइक सवारों ने गोली मारी थी। दिनेश और चंदन साथ मिलकर प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। आरोप लगाया कि चंदन की हत्या के पीछे भी दिनेश का ही हाथ था। इस आरोप में दिनेश को लंबे समय तक जेल में रहना पड़ा। पुलिस के अनुसार इस मामले में बाद में गवाह पलट गये। जिसके बाद दिनेश जेल से बाहर आ गया था।


नैनीताल जिला न्यायालय परिसर में शोकसभा करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

# अधिवक्ता के हत्यारे को शीघ्र गिरफ्तार करे पुलिस

संवाददाता, नैनीताल


**मांग**

▸▸ जिला बार संघ ने की घटना की कड़ी निंदा, जताया शोक

**अमृत विचार :** जिला बार संघ नैनीताल ने हल्द्वानी के युवा अधिवक्ता उमेश नैनवाल की हत्या की कड़ी निंदा की। साथ ही न्यायालय परिसर में नवरात्रि पर होने वाले आयोजन रद कर दिये। उन्होंने सरकार से तत्काल एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की।

साथी अधिवक्ता की असामयिक मृत्यु पर दुख जताते हुए अधिवक्ताओं ने मौन रखकर शोक प्रकट किया। जिला बार संघ के अध्यक्ष ओंकार गोस्वामी ने हत्यारे की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। सचिव संजय सुयाल सहित सभी अधिवक्ताओं ने एक स्वर में प्रदेश सरकार से राजस्थान की तर्ज पर अधिवक्ताओं को सुरक्षित करने वाले एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल को तत्काल मंजूरी देने की मांग की। कहा कि समाज में आमजन को न्याय दिलाने वाला अधिवक्ता ही आज अपने को सुरक्षित महसूस कर रहा है। शोक जताने वालों में पूर्व अध्यक्ष मनीष मोहन जोशी, नीरज साह, राजेन्द्र कुमार पाठक, डीजीसी सुशील कुमार शर्मा, डीजीसी राम सिंह रौतेला, उपाध्यक्ष अनिल हर्नवल, वरिष्ठ अधिवक्ता बहादुर पाल, प्रीति साह, मंजू कोटलिया, भानु प्रताप मौनी, हरेंद्र सिंह, प्रदीप परगाई, शंकर चौहान, मुकेश कुमार, शरीक अली खान, राजन भैसोड़ा, नवीन चंद्रा, तारा आर्या, निखिल बिष्ट, जितेंद्र बंगारी, मनीष कांडपाल, किरन आर्या, जया आदि मौजूद रहे। इधर, हल्द्वानी जजी परिसर, एसडीएम कोर्ट और तहसील परिसर में समस्त अधिवक्ताओं ने युवा अधिवक्ता उमेश नैनवाल की मृत्यु पर गहरा शोक प्रकट किया।

### सप्तम कालरात्रि



मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालात्रि को व्यापक रूप से माता देवी-काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। देवी कालरात्रि की पूजा से शनिदोष खत्म होता है।

बीज मंत्र- क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः

### आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

| 33.0° | 22.5° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06.10 | सूर्यास्त 17.48 |

### एक नजर

#### एसटीएच में डेंगू का एक और मरीज भर्ती

**हल्द्वानी :** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में डेंगू का एक मरीज भर्ती हुआ है। मरीज पिछले कुछ दिनों से बुखार से पीड़ित था। एलाइजा जांच में डेंगू की पुष्टि हुई। वहीं बेस अस्पताल में डेंगू के तीन मरीज भर्ती थे, जो ठीक होकर घर चले गये हैं। सीएमओ डॉ. हरीश पंत ने बताया कि जिले में अब तक डेंगू के 43 मरीज मिले हैं। इनमें से 30 मरीज बाहरी जिलों के हैं। डेंगू को लेकर स्थिति नियंत्रण में है।

#### युवकों को कुचलने वाले चालक पर मुकदमा

**हल्द्वानी :** सड़क हादसे में दो युवकों की मौत के मामले में कोतवाली पुलिस ने उत्तर प्रदेश के रोडवेज चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में नई बस्ती चैनपुर चिल्किया रामनगर निवासी प्रेमा देवी पत्नी प्रेम सिंह राणा ने लिखा कि बीती 26 सितंबर की रात उसका भाई तेज सिंह थापा अपने दोस्त मनोज सिंह थापा के साथ बाइक से घर लौट रहा था। डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के पास रोडवेज बस संख्या यूपी78 जेए9667 के चालक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में मनोज की मौके पर मौत हो गई। जबकि तेज सिंह की 30 सितंबर को एम्स ऋषिकेश में मौत हो गई।

#### संदिग्ध हालात में किशोरी लापता, तलाश शुरू

**हल्द्वानी :** संदिग्ध हालात में किशोरी लापता हो गई। जीजा की तहरीर पर हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में तिवारी नगर बिंदुखेड़ा लालकुआं निवासी राजेंद्र कुमार ने लिखा कि बीती 7 अक्टूबर को वह अपनी 16 वर्षीय साली रेनू आर्या को लालकुआं से हल्द्वानी लाये थे। रेनू को चम्पावत स्थित अपने मूल निवास धरसौ चौरा मेहता जाना था। राजेंद्र ने रेनू को बोलेरो मैक्स वाहन में बैठाया और वापस लालकुआं चले गये। टैक्सी चालक तिकोनिया पहुंचा तो रेनू ने गाड़ी यह कहकर रुकवा दी कि उसे कुछ सामान खरीदना है। वाहन चालक करीब आधे घंटे तक रेनू इंतजार करता रहा, लेकिन रेनू नहीं लौटी। जिसके बाद चालक ने फोन पर राजेंद्र को सूचना दी।


गोवा के मुख्यमंत्री का स्वागत करतीं विधायक व मंदिर समिति के लोग। ● अमृत विचार

# गोवा के सीएम परिवार संग पहुंचे कैंची धाम

संवाददाता, भवाली

**आस्था**

▸▸ बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन किए

▸▸ विधायक व मंदिर समिति ने किया फूलमाला से स्वागत

**अमृत विचार:** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत मंगलवार को परिवार के साथ भवाली स्थित कैंची धाम पहुंचे। उन्होंने बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन किये। इससे पूर्व विधायक सरिता आर्य, भाजपा कार्यकर्ताओं व मंदिर समिति के प्रबंधक प्रदीप साह ने फूलमाला से सीएम का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कैंची धाम मंदिर के दर्शन कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। साथ ही बाबा नीब करौरी महाराज की शिला में पुष्प भी चढ़ाए। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंदिर समिति के पदाधिकारियों से वार्ता कर मंदिर की दिनचर्या पूछी। कहा कि उन्हें पहली बार बाबा नीब करौरी के दर्शन करने का सौभाग्य मिला है। बाबा के दर्शन कर शांति मिली है। कहा कि बाबा की महिमा से आज हर दिन हजारों लोग यहां दर्शनों के लिए आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा।

## आईटीआई गैंग का एक और बदमाश गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** पुलिस ने आईटीआई गैंग के एक और बदमाश को गिरफ्तार किया है। 28 सितंबर को वसुंधरा कॉलोनी बरेली रोड निवासी गौरव नेगी ने कोतवाली में आदित्य नेगी आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में आठ अक्टूबर को पुलिस टीम ने जजफार्म निवासी आदित्य नेगी पुत्र कुन्दन सिंह नेगी को नीलकंठ अस्पताल के पास खाली प्लाट से गिरफ्तार किया है। उसके पास से मौके से एक कार भी बरामद की गई है। घटना में आरोपियों ने इस कार का उपयोग किया था। इससे पूर्व आईटीआई गैंग के दीपक पंचपाल को 29 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था।

# अतिक्रमण जांचने पहुंचे अधिकारी, 37 चालान

संवाददता, रामनगर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी के निर्देशों के तहत स्थानीय प्रशासन एसडीएम राहुल शाह के नेतृत्व में बाजार में अतिक्रमण हटाने के उद्देश्य से निरीक्षण करने उतरा। प्रशासन के अचानक इस कदम से बाजार में हड़कंप मचा रहा।

निरीक्षण के दौरान ऊंटपड़ाव, रानीखेत रोड, मुख्य बाजार रोड में अतिक्रमण, अवैध पार्किंग एवं साफ सफाई न करने के दृष्टिगत कुल 37 चालान कर 14000 रुपये की राशि पुलिस एवं नगरपालिका द्वारा वसूल की गई। 12 चालान अवैध पार्किंग कर जाम लगाने वाले वाहनों के भी किए गए। साथ ही लावारिस फड़ को जब्त कर कब्जे में लिया गया। उपजिलाधिकारी राहुल शाह ने बताया कि बाजार अंतर्गत ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे। वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही लगाएं। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार रामनगर कुलदीप पांडे, कोतवाल अरुण सैनी, ईओ नगर पालिका, एसएसआई मनोज नयाल मौजूद रहे।


रामनगर बाजार में अतिक्रमण हटवाते एसडीएम राहुल शाह। ● अमृत विचार

### सिट्री मजिस्ट्रेट व एसएनए ने किया बाजार का निरीक्षण

**हल्द्वानी :** नगर निगम व प्रशासन ने बाजार का निरीक्षण कर चेतावनी दी कि बाजार में अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं होगा। मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी व सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने कारखाना बाजार, नल बाजार, सदर बाजार, बर्तन बाजार और पटेल चौक का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने व्यापारियों को फुटपाथ पर दुकान नहीं सजाने, फड़ नहीं लगाने की चेतावनी दी। वहीं, अचानक अधिकारियों के पहुंचने से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। इस मौके पर पुलिस ने कई लोगों का पुलिस एक्ट में चालान किया।

# मुकेश बोरा के तीन और मददगार फंसे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दुष्कर्म और पॉक्सो के आरोप में जेल में बंद नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा के मददगारों की सूची लंबी होती जा रही है। मददगारों में अब तीन नये नाम सामने आए हैं। तीनों न सिर्फ सगे भाई हैं, बल्कि दुग्ध संघ में काम भी करते हैं। मददगारों की संख्या अब आठ हो चुकी है। पुलिस ने सभी के नाम मुकदमे में शामिल कर लिए हैं।

सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि मुकेश कुलोरा, दिनेश कुलोरा और दीपक कुलोरा तीनों सगे भाई हैं। ये मुकेश बोरा के गांव के हैं। दिनेश कुलोरा और दीपक कुलोरा दुग्ध संघ में कामगार और ठेकेदार कर्मी हैं। दिनेश दुग्ध संघ लालकुआं में जेई के पद पर तैनात है। उसका भाई दीपक कुलोरा भवाली में मार्केटिंग में तैनात है। मुकेश कुलोरा ने दिनेश के जरिये मुकेश बोरा तक सिम पहुंचाया था। जबकि दीपक ने अपने नाम से नया की-पैड मोबाइल खरीद कर मुकेश को दिया था। सिम और मोबाइल राजेंद्र रैक्वाल के जरिये मुकेश तक पहुंचाए गए। राजेंद्र पुलिस की अपडेट भी मुकेश तक पहुंचा रहा था। सीओ ने बताया कि राजेंद्र का नाम मुकदमे में पहले से शामिल है। अब तीनों भाइयों के नाम भी मुकदमें में शामिल कर लिए गये हैं।

# जलभराव से परेशान लोगों ने किया 22 अक्टूबर से अनशन का ऐलान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गैरवैशाली क्षेत्र की 15 कॉलोनियों के लोग जलभराव से खासे परेशान हैं। लोगों ने 22 अक्टूबर से धरना-प्रदर्शन और अनशन करने का ऐलान किया है।

मंगलवार को जलभराव से प्रभावित लोगों ने सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों को पत्र सौंपा। कहा कि यदि एक पखवाड़े के अंदर बरसाती नाले के पानी को डायवर्ट करने का कार्य शुरू नहीं किया गया तो वह 22 अक्टूबर से बुद्धपार्क में आंदोलन शुरू करेंगे। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने सिंचाई विभाग के ईई को जल्द कार्य शुरू करने के निर्देश दिये। पत्र देने वालों में सेवानिवृत्त असिस्टेंट ऑडिट ऑफिसर रमेश चन्द्र पांडे, अनुज सिराड़ी, बहादुर सिंह, गंगा प्रसाद शामिल रहे।

**नाराजगी** — डंपर स्वामियों ने तराई पूर्वी वन डिवीजन के डीएफओ को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी दी

# गौला और नंधौर नदी में नये पंजीयन का विरोध

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



डीएफओ हिमांशु बागरी को ज्ञापन सौंपते डंपर स्वामी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** डंपर स्वामियों ने गौला और नंधौर नदी में खनन वाहनों की संख्या बढ़ाने के खिलाफ बिगुल फूंक दिया है। उन्होंने डीएफओ को ज्ञापन सौंप कर नए पंजीयन होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

मंगलवार को गौला खनन मजदूर उत्थान समिति के प्रतिनिधिमंडल ने तराई पूर्वी वन डिवीजन के डीएफओ हिमांशु बागरी को ज्ञापन सौंप कर कहा कि जिला खनन समिति की बैठक में डीएम ने गौला व नंधौर नदी में अतिरिक्त वाहन चलाने के निर्देश दिए हैं। समिति इसका पुरजोर विरोध करती है। उन्होंने कहा कि गौला नदी में पूर्व में ही साढ़े सात हजार वाहन और नंधौर नदी में साढ़े तीन हजार से अधिक वाहन पंजीकृत हैं। प्रत्येक खनन निकासी गेट के अनुसार पर्याप्त वाहन हैं। प्रत्येक गेट पर 600 से एक हजार वाहन पंजीकृत हैं। ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत में जाम की स्थिति बनी रहेगी। वैसे भी पिछले वर्षों से सभी पंजीकृत वाहन खनन लक्ष्य की पूर्ति को समय पर पूरा कर देते हैं। वर्ष में महज चार माह ही वाहन चलते हैं, बाकी आठ माह वाहन खड़े रहते हैं।

चेतावनी दी कि अगर एक भी वाहन का नया रजिस्ट्रेशन हुआ तो समिति उग्र आंदोलन करेगी। डीएफओ बागरी ने आश्वासन दिया कि जो भी लक्ष्य खनन का रहेगा, उसमें नए वाहन से काम नहीं लिया जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष रमेश जोशी, जीवन कबड़वाल, इंद्र सिंह नयाल, रमेश चंद्र जोशी, मदन मोहन उपाध्याय, मनोज श्रीवास्तव, गुड्डू पांडे, योगेश चंद्र कबड़वाल, गिरीश सुनाल, हरीश कांडपाल, गणेश दत्त महतोलिया, नारायण सिंह जंतवाल, सुरेश जोशी, प्रदीप जोशी मौजूद रहे।

## बाइक चोरी का केस पांच साल बाद दर्ज

**हल्द्वानी :** पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पांच साल बाद बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। गौजाजाली उत्तर बनभूलपुरा निवासी सईद अहमद ने न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने अपनी चोरी की गई बाइक की वापसी की मांग की। बताया कि बाइक 4 फरवरी 2019 को बनभूलपुरा से चोरी हो गई थी। उसने थाना बनभूलपुरा में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। 13 अगस्त 2024 को आरटीओ ऐप पर अपने वाहन की जानकारी सर्च की, तो पता चला कि उसकी बाइक का उपयोग विनीत पुत्र महिपाल सिंह नामक व्यक्ति कर रहा है। सईद ने 13 अगस्त को दोबारा बनभूलपुरा थाने में तहरीर दी, लेकिन फिर भी कार्रवाई नहीं हुई। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# कालाढूंगी चौराहे के पास बनेगा 22 मीटर लंबा फुट ओवर ब्रिज

**कवायद**

▸▸ लोक निर्माण विभाग ने बनाया प्रस्ताव, बजट मिलते ही शुरू हो जाएगा कार्य

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कालाढूंगी चौराहे से मुख्य बाजार जाने के लिए लोगों को नैनीताल रोड पर घूमकर जाना पड़ता है। इस समस्या को देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने फुट ओवर ब्रिज का प्रस्ताव बनाया है। बजट आवंटित होते ही कार्य शुरू कर दिया जायेगा।

कालाढूंगी चौराहे पर आये दिन जाम और भीड़ की समस्या रहती है। कालू सिद्ध मंदिर से बाजार जाने के लिए लोगों को नैनीताल रोड में आगे जाकर डिवाइडर से घूमकर जाना पड़ता है। इससे ट्रैफिक भी बाधित होता है।

ऐसे में लोक निर्माण विभाग कालाढूंगी चौराहे के पास से बाजार तक के लिए 22 मीटर लंबा फुट ओवर ब्रिज बनाने की तैयारी कर रहा है। इसमें चार करोड़ से ज्यादा की लागत आएगी। नैनीताल रोड चौड़ी होने के बाद फुट ओवर ब्रिज को बनाना आसान होगा। लोनिवि के अनुसार इस जगह पर फुट ओवर ब्रिज बनाने की बात पहले भी कई बार उठी थी, लेकिन सड़क कम चौड़ी होने की वजह से मामला आगे नहीं बढ़ पाया। अब नैनीताल रोड को चौड़ा किया जा रहा है, ऐसे में ओवर फुट ब्रिज बनाना आसान होगा।

लोनिवि के ईई अशोक कुमार ने बताया कि प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। बजट मिलने के बाद कार्य शुरू कर दिया जायेगा।

### गुलाबघाटी क्षेत्र में सड़क होगी चौड़ी

**हल्द्वानी :** नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग के रानीबाग तिराहा और गुलाबघाटी क्षेत्र में मार्ग संकरा और असुरक्षित होने से दुर्घटनाओं का भय बना रहता है। सड़क सुरक्षा समिति ने रानीबाग तिराहे के सुधारीकरण के लिए 2.75 करोड़ और गुलाबघाटी के पास चौड़ीकरण के लिए 1.55 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा है। डीएम/अध्यक्ष जिला सड़क सुरक्षा समिति वंदना ने बताया कि काठगोदाम से रानीबाग और गुलाबघाटी पर मार्ग संकरा होने से दुर्घटनाओं के साथ ही वाहनों का आवागमन सुचारू नहीं हो पाता है। चारपहिया और दोपहिया वाहनों के आवागमन में दिक्कत होती है। पर्यटन सीजन में दिक्कत और भी बढ़ जाती है।

## सार-संक्षेप


जीजीआईसी चोरगलिया में विज्ञान मॉडलों से साथ छात्राएं। ● अमृत विचार

### जीजीआईसी में छात्राओं ने दिखायी वैज्ञानिक प्रतिभा

**चोरगलिया :** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तराखंड के निर्देशों के क्रम में राबाइका चोरगलिया में छात्राओं ने सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रोद्योगिकी पर आधारित विविध मॉडल प्रस्तुत किए। विज्ञान शिक्षिका रेखा आर्या ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। कंचन जोशी, मीनाक्षी जोशी, ललिता गौतम, अमिता जोशी, दीप्ति जोशी, तरुणा वर्मा निर्णायक रहे। प्रधानाचार्या तनुजा जोशी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए समस्त प्रतिभागी छात्राओं को शैक्षिक उन्नयन के साथ वैज्ञानिक सोच जागृत करने पर जोर दिया। इस अवसर पर शोभा पंत, लोकेश परगाई, ममता तिवारी, ममता सुयाल, मंजूलता आदि उपस्थित रहे।

### कालाढूंगी के हरप्रीत ने गोला फेंक में जीता कांस्य पदक


राजेंद्र सिंह व मनमोहन सिंह बसेड़ा के साथ कांस्य पदक विजेता हरप्रीत। ● अमृत विचार

**कालाढूंगी :** दिव्यांग तीसरी राष्ट्रीय एथलीट व तैराकी चैंपियनशिप प्रतियोगिता में हरप्रीत ने गोला फेंक में कास्यं पदक जीत क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कोच राजेन्द्र सिंह नेगी व मनमोहन बसेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि सेरेब्रल पाल्सी स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया की राष्ट्रीय स्तर की एथलीट प्रतियोगिता में हरप्रीत सिंह कंबोज निवासी पूरनपुर चकलुवा चकलुआने तीसरी राष्ट्रीय एथलीट और तैराकी चैंपियनशिप में गोला फेंक प्रतियोगिता में उत्तराखंड के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीता। गुजरात के नांदेड़ में आयोजित तीसरी एथलेटिक व तैराकी प्रतियोगिता के गोलाफेंक में हरप्रीत ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में भारत के सभी राज्यों के खिलाड़ी प्रतिभाग किया। सचिव एवं कोच प्रेम कुमार व कोच राजेंद्र सिंह नेगी मनमोहन बसेड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह जंतवाल, विनोद बुढलाकोटी, हरीश मेहरा, कुंदन बसेड़ा ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



कार्बेट पार्क के धनगढ़ी क्षेत्र का भ्रमण करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### शैक्षिक भ्रमण में छात्रों ने जाना वन्य जीवों का संसार

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के भूगोल विभाग द्वारा बी.ए.पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण कराया गया। प्राचार्य प्रो. एमसी पाण्डे ने हरी झंडी दिखाकर शैक्षिक भ्रमण हेतु बस को रवाना किया। भूगोल विभाग प्रभारी डॉ. सिराज अहमद के निर्देशन में विद्यार्थियों ने धनगढ़ी क्षेत्र एवं कार्बेट संग्रहालय का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा संरक्षित संग्रहालय में विभिन्न पारिस्थितिकी तंत्रों एवं वन्य जीवों के विषय में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त की। भूगोल के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. डीएन जोशी ने वन पारिस्थितिकी, पर्यावरण अवनयन, मानव वन्यजीव– संघर्ष एवं मानव वन्यजीव सह अस्तित्व के सम्बन्ध में विद्यार्थियों को व्याख्यान दिया। भूगोल के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने भौगोलिक आंकड़ों, वन सांख्यिकी एवं वन कानूनों के विषय में विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत सस्टेनेबल टूरिज्म की संकल्पना पर प्रकाश डाला।

# कांग्रेस कार्यालय हटाने का है षड्यंत्र

## नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व हल्द्वानी, जसपुर व खटीमा विधायकों ने सरकार पर मढ़ा आरोप

संवाददाता, रामनगर


कांग्रेस कार्यालय में बैठक में मौजूद नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, सुमित हृदयेश, भुवन कापड़ी व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रानीखेत रोड पे स्थित कांग्रेस कार्यालय की भूमि को खाली कराने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को इस प्रकरण में नया मोड़ तब आ गया जब रामनगर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक सुमित हृदयेश, विधायक भुवन कापड़ी, विधायक आदेश चौहान और विधायक वीरेंद्र जाती ने कांग्रेस कार्यालय पर चल रहे बवाल को लेकर कहा कि सरकार के इशारे पर कुछ लोग कांग्रेस कार्यालय पर जबरन कब्जा करने की कोशिश में हैं। लेकिन उनके इन मंसूबो को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में उन्होंने कहा कि आज सरकार पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल पैदा कर रही है। जिसका सड़कों पर उतरकर कांग्रेस विरोध करेगी। विधायक सुमित हृदयेश ने चेतावनी देते हुए कहा कि हर वक्त एक सा नहीं होता। 2027 में प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होगा और कांग्रेस सत्ता में आएगी। उसके बाद ऐसे अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। कांग्रेस के पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने भवन को अपना बता रहे व्यक्ति के आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि इसकी लीज 2014 में समाप्त हो चुकी है। कहा कि 1969 में डीएम ने पैसा जमा न होने पर लीज खत्म कर दी थी, पैसा न जमा न करने पर लीज खत्म कर दी गई थी। 90 साल की लीज अवधि भी 2014 में पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि यह कह रहे हैं कि चुनाव कार्यालय के लिए यह भवन दिया गया। जबकि यह भवन चुनाव कार्यालय के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता क्योंकि यह एमपी इंटर कॉलेज के बगल में है। उन्होंने कहा कि अगर मैं बुरा था तो आप 8 वर्षों से इन्होंने इसकी आवाज क्यों नहीं उठाई।

### कांग्रेस की छवि को धूमिल कर रहे रावत: अग्रवाल

**रामनगर, अमृत विचार :** रानीखेत रोड स्थित कांग्रेस भवन को लेकर नीरज अग्रवाल और कांग्रेस के रंजीत रावत में आरोप–प्रत्यारोपों का दौर जारी है। इस मामले को लेकर तेल व्यवसायी नीरज अग्रवाल ने पत्रकार वार्ता कर कहा कि रंजीत रावत उनके मित्र थे। दिसंबर 2016 में उन्होंने अपना रानीखेत रोड स्थित मिट्टी के तेल का गोदाम रंजीत रावत को दोस्ती के कारण चुनाव के लिए निशुल्क दिया था। एक वर्ष समाप्त होने के बाद भी जब रंजीत रावत ने उक्त गोदाम खाली नहीं किया तो उन्होंने कई बार इस बारे में रंजीत रावत को गोदाम खाली करने के लिए कहा। उन्होंने रंजीत रावत पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह जब भी रंजीत रावत से गोदाम खाली करने के लिए कहते हैं तो रंजीत रावत उनको धमकाते हैं। बोले बीते दिवस पुलिस अधिकारियों के सामने ही उन्हें धमकाने लगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से न्याय की अपील करते हुए कहा कि उत्तराखंड में अब इस प्रकार से लोग दूसरे की जमीन पर कब्जा करेंगे। उन्होंने कहा कि इस घटना से स्थानीय व्यापारियों में भी रोष है। नीरज अग्रवाल ने कहा कि जिसे वह कांग्रेस कार्यालय बता रहे हैं वह मान्यता प्राप्त कार्यालय नहीं है।

# श्रमदान कर की सड़क की मरम्मत

संवाददाता, कालाढूंगी


कोटाबाग में श्रमदान कर सड़क बनाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विकास खंड कोटाबाग कार्यालय से महज 4 किलोमीटर दूर रानीकोटा-कोटाबाग पैदल मार्ग की मरम्मत ग्रामीण श्रमदान और खुद के खर्चे से कर रहे हैं। सालों से सड़क व झूला पुल की मांग करते आ रहे ग्रामीण अब खुद ही सड़क बनाने में जुट गये हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सालों से शासन-प्रशासन से मार्ग व झूला पुल बनाने की गुहार लगा चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

देवीपुरा रानीकोटा में आवागमन की सही व्यवस्था न होने से ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी बहुत परेशान हैं। रानीकोटा में झूला पुल का निर्माण न होने से ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और महिलाओं को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नवीन तिवारी, कोशल सिंह बिष्ट, बृजेश तिवारी, रोहित नेगी, गणेश सिंह, विशाल सिंह, उदित सिंह, मनोज तिवारी, धीरेंद्र सिंह, जमना दत्त व सिमलखेत के ग्रामीणों ने बताया कि शासन प्रशासन से कई वर्षों से पुल की मांग की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें ब्लाक मुख्याल से जोड़ने वाली सौड़-देवीपुरा-कोटाबाग मोटर मार्ग 15 किलोमीटर का फेर करने जाना पड़ता है। वहीं दाबका नदी में झूला पुल व सड़क बनने से ब्लाक मुख्याल की दूरी महत 4 किलोमीटर हो जायेगी। पैदल मार्ग बनाने के लिए ग्रामीण बीते बरसात में जगह- जगह क्षतिग्रस्त सड़क के की मरम्मत के लिए चंदा एकत्र कर सीमेंट ख़ीद रहे हैं और श्रमदान कर सड़क को सुधार रहे हैं।

### वैष्णो देवी मंदिर में हुए कई धार्मिक अनुष्ठान

**नैनीताल, अमृत विचार:** नगर में इन दोनों शारदीय नवरात्रि के चलते सभी मंदिरों में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। नगर के तल्लीताल हल्द्वानी रोड स्थित श्री मां वैष्णो देवी मंदिर में भी कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया।

मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित दिनेश कांडपाल के नेतृत्व में पूजा अर्चना हुई, उसके पश्चात हवन व भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। यजमान कमल भट्ट तथा उनकी पत्नी रेखा भट्ट, प्रो. सुरेंद्र सिंह बर्गली तथा उनकी पत्नी डा. किरन बर्गली, दीप हरबोला तथा उनकी पत्नी अंशु हरबोला द्वारा पूजा अर्चना की गई। पुजारी केशव दत्त ने भी पूजा कराई। यहां मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अमित शाह समेत रमेश चंद जोशी,अनिल कपिल, आलोक मेहरा, मनीष जोशी आदि रहे।

# 87 दिव्यांग बच्चों को मिलेंगे उपकरण

संवाददाता, हल्द्वानी



सीआरसी हीरा नगर में सहायता उपकरण शिविर में मौजूद दिव्यांग बच्चे और अन्य।

**अमृत विचार :** हीरानगर स्थित सीआरसी सेंटर में मंगलवार को समग्र शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों के लिए सहायता उपकरण परीक्षण शिविर लगाया गया। इस दौरान दिव्यांगों को सहायता उपकरण देने के लिए चयन प्रक्रिया हुई। साथ ही उनके स्वास्थ्य की जांच भी की गई। करीब 87 बच्चों को सहायता उपकरणों के लिए चयनित किया गया।

भारत सरकार की संस्था एलिमको कानपुर ने वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. अब्दुल रहमान, डॉ. अमित मौर्य, विशेषज्ञ शुभांशु सक्सेना के सहयोग से बच्चों का चयन किया। इस दौरान बच्चों को विभागीय जानकारी भी दी गई। ब्लॉक परियोजना अधिकारी तारा सिंह ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के लिए स्कूलों में एस्कॉर्ट मानदेय, छात्रवृत्ति, रैंप-रेलिंग, विशेष शौचालय की सुविधा के साथ ही नियमित अंतराल में स्वास्थ्य परीक्षण और सहायता उपकरणों की सहायता दी जा रही है। शिविर में 31 बच्चों के विकलांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए औपचारिकताएं पूरी की गईं। समाज कल्याण विभाग की टीम ने दिव्यांग बच्चों के माता-पिता को विभिन्न छात्रवृत्तियों, पेंशन, बस पास, रेलगाड़ी पास की सुविधा की जानकारी दी। सीआरसी नगर क्षेत्र के समन्वयक हरीश बिष्ट ने शिक्षा विभाग में संचालित दिव्यांगों के लिए गृह आधारित शिक्षण के बारे में बताया।

# 35 ऑटो चालकों का सत्यापन

संवाददाता, हल्द्वानी


ऑटो चालकों का सत्यापन करते परिवहन कार्यालय के कमर्चारी।। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग और प्रशासन ने मंगलवार को एमबी इंटर कॉलेज मैदान में ऑटो चालकों का सत्यापन किया। करीब 84 ऑटो चालकों को बुलाया गया, जिसमें से मात्र 35 का ही सत्यापन हुआ। जांच के दौरान 49 ऑटो चालकों के परमिट, फिटनेस व वाहन से संबंधित अन्य दस्तावेज पूरे नहीं मिले।

परिवहन विभाग ने 16 किलोमीटर के दायरे में चलने वाले ऑटो चालकों का सत्यापन किया। बीते सोमवार को 77 ऑटो चालकों का सत्यापन किया गया था। मंगलवार को शेष 84 ऑटो चालकों का सत्यापन होना था, लेकिन दस्तावेज पूरे नहीं होने के कारण 35 चालकों का ही सत्यापन हो पाया। परिवहन कार्यालय हल्द्वानी के अनुसार 16 किलोमीटर के दायरे में चलने वाले 144 ऑटो रिक्शा में से 15 का परमिट समाप्त हो गया है। इधर, आरटीओ प्रवर्तन गुरुदेव सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी और एआरटीओ बीके सिंह ने सत्यापन प्रक्रिया का निरीक्षण कर टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। गुरुदेव सिंह ने बताया कि सत्यापन का डाटा चेकिंग के दौरान उपयोग में लाया जाएगा। डाटा के आधार पर संबंधित ऑटो चालक और उसके वाहन की पूरी जानकारी विभाग के पास उपलब्ध रहेगी।

**खुशी** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण कर खुशी जताई

# हरियाणा में जीत की हैट्रिक पर मनाया जश्न

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगातार तीसरी बार हरियाणा में विधानसभा चुनाव जीतने पर मंगलवार को मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण कर खुशी जताई।

सांसद अजय भट्ट व जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कि हरियाणा में 52 साल बाद कोई सरकार लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी की नेतृत्व क्षमता से प्रभावित हरियाणा के मतदाताओं ने कांग्रेस को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कांग्रेस की ओर से चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि शुरुआती रुझान में जब कांग्रेस बढ़त में थी, तब कोई परेशानी नहीं थी। भाजपा के बढ़त लेते ही गड़बड़ी की शिकायत लेकर चुनाव आयोग पहुंच गए, जिसे सिरे से खारिज कर दिया गया। हरियाणा के अप्रत्याशित चुनाव परिणाम देख कांग्रेस के बड़े-बड़े क्षत्रप आपस में सिर फुटौवल कर रहे हैं। इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी चन्दन बिष्ट, प्रताप रैकवाल, प्रतिभा जोशी, हरिमोहन मोना, विजय बिष्ट, सुरेश तिवारी, नवीन भट्ट, संजीव कुंवर, संदीप कुकसाल, कमलेश जोशी, पंकज कपूर, देवेश अग्रवाल, गीता जोशी, भुवन आर्य मौजूद रहे।

इधर, देवलचौड़ चौराहे पर भाजपा मुखानी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में जलेबी वितरण और आतिशबाजी की गई। इस दौरान मंडल महामंत्री त्रिलोक सिंह निगल्टिया, रत्नेश साह, राजू डालाकोटी, हरेंद्र सिंह दरम्वाल, मोहन पाठक, अलका जीना, बिशन सिंह नैनवाल, महेंद्र कश्यप, पुष्कर सिंह मेहरा, सरदार बलजीत सिंह, राजेश पंत रहे।

### हरियाणा में जीत पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

**नैनीताल :** हरियाणा में भाजपा को मिली जीत के बाद नैनीताल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंत पार्क में एकत्रित होकर आतिशबाजी की साथ ही मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट ने कहा की हरियाणा में हैट्रिक लगाकर भाजपा सरकारों द्वारा किए जा रहे विकास कार्य और निर्धन एवं कमजोर लोगों के उत्थान के लिए किए जा रहे कामों पर जनता ने भाजपा को जीतकर उनके कामों पर मोहर लगाई है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, विधायक सरिता आर्या,अरविन्द पडियार,विक्रम सिंह रावत,दया पोखरिया, भुपेंद्र बिष्ट,गोविंद सिंह बिष्ट,लाल सिंह बिष्ट,मनोज जोशी, खजान डंगवाल,भोला दत्त तिवारी, विकाश जोशी,शैलेन्द्र सिंह बिष्ट,संतोष साह,राजेश्वर सरीन रहे।

### विधायक कैड़ा को गोहाना में जीत पर दी बधाई

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने देहरादून में संगठन महामंत्री अजय कुमार से मुलाकात की और हरियाणा में भाजपा की जीत की बधाई दी। संगठन महामंत्री ने विधायक कैड़ा को हरियाणा प्रदेश के गोहाना विधानसभा सीट पर भाजपा के पक्ष में बेहतर कार्य करने पर मिठाई खिलाकर बधाई दी। कैड़ा ने बताया कि हरियाणा की गोहाना विधानसभा सीट पर आज तक भाजपा का विधायक नहीं बन पाया था। उन्होंने डेढ़ महीने गोहाना विधानसभा के अलग–अलग गांव व शक्ति केंद्रों में बैठक की और लोगों के बीच सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।






## सार-संक्षेप



प्रमाण पत्रों के साथ व्यापार मंडल के नवमनोनीत पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### ज्योति प्रदेश महामंत्री, दीप्ति जिला उपाध्यक्ष बनीं


**हल्द्वानी :** अखिल एकता भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा व जिलाध्यक्ष डिंपल पांडे ने प्रदेश और महिला मोर्चा की कार्यकारिणी का विस्तार किया। उन्होंने ज्योति अवस्थी को महिला मोर्चा का प्रदेश महामंत्री, दीपा तिवारी को जिला उपाध्यक्ष, दीप्ति तिवारी को सदस्य एवं जाकिर हुसैन को प्रदेश सचिव मनोनीत किया। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता अनुज कांत अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी लव बक्शी, परविंदर नागपाल, देवेन्द्र बंगा, विनोद पाठक, अमित चौहान, दिगंबर भोजक, कैलाश बिष्ट, दीपक जोशी, बालम जोशी, अंजलि तड़ागी, योगिता बनोला, कल्पना रावत रहीं।



एसडीओ को प्रशस्ति पत्र देते राज्यपाल व कैबिनेट मंत्री ● अमृत विचार

### एसडीओ संतोष पंत को किया सम्मानित

**हल्द्वानी :** वन विभाग ने तराई पूर्वी वन डिवीजन में तैनात उप प्रभागीय वनाधिकारी संतोष कुमार पंत को वन्यजीवों की सुरक्षा में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। बीते सोमवार को देहरादून में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, प्रमुख वन संरक्षक धनंजय मोहन ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पंत को यह सम्मान तराई पश्चिमी वन डिवीजन में तैनाती के दौरान 26 तेंदुओं को सफलतम रेस्क्यू एवं रिलीज, सितारगंज में तैनाती के दौरान बीते एक वर्ष में 385 सांप, 22 मगरमच्छ, 519 बंदर व 14 अन्य वन्य जीवों के सफलतापूर्वक रेस्क्यू, खटीमा में तैनाती के दौरान बाघ की खाल व हड्डियों की तस्करी में सात अभियुक्तों की गिरफ्तारी और पेंगोलिन शल्क की तस्करी में दो तस्करों की गिरफ्तारी में अहम भूमिका निर्वाह करने के लिए दिया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर सीएफ डॉ. विनय भार्गव, डीएफओ हिमांशु बागरी, एसडीओ अनिल जोशी ने शुभकामनाएं दी हैं।



रामकृष्ण धाम में देवी बोधन के दौरान पूजन करते पुजारी। ● अमृत विचार

### रामकृष्ण धाम में हुई षष्टी पूजा और देवी बोधन

**हल्द्वानी :** बजुनिया हल्दू स्थित रामकृष्ण धाम ट्रस्ट आश्रम में शारदीय नवरात्र और आश्रम के 60 वर्ष पूरे होने पर षष्टी पूजा का आयोजन किया गया। कोलकाता से आये मुख्य पुजारी दीलिप वटव्आल ने पूजा संपन्न कराई। देर शाम आश्रम के सचिव स्वामी प्रबोधानन्द महाराज ने दीप प्रज्वलित कर देवी पूजन शुरू कराया। उसके बाद मुख्य पुजारी ने देवी बोधन कराया। आश्रम के सन्यासी वरुण महाराज ने बताया कि 12 अक्टूबर तक आश्रम में प्रतिदिन कार्यक्रम होंगे। बुधवार को घटस्थापना, गुरुवार को महाअष्टमी पूजा, 11 को कन्या पूजन और 12 को मूर्ति विसर्जन होगा। इस मौके पर स्वामी कृष्णानंद पुरी, चिदानंद महाराज, लक्ष्मन बिष्ट, मनोज डोगरा, गोकुल सिंह, भोपाल सिंह डोवाल, प्रियांका,अन्नपूर्णा, भोला हलदार, पूनम मौजूद रहे।



नैब के बच्चों को नंधौर लेकर जाते वन अधिकारी व कर्मी। ● अमृत विचार

### दृष्टिबाधितों को नंधौर वन्यजीव अभ्यारण्य का भ्रमण कराया

**हल्द्वानी :** वन्य जीव सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत हल्द्वानी वन डिवीजन में विभिन्न कार्यक्रम हुए। इसमें स्कूली बच्चों व ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में लालकुआं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने विद्यार्थियों को वन्यजीवों के पारिस्थितिकी तंत्र में महत्ता के बारे में बताया। इस बीच वन्यजीव संरक्षण को लेकर पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। विजेताओं को विधायक बिष्ट ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर नैब से आये दृष्टिबाधित एवं मूक बाधिर बच्चों को नंधौर वन्यजीव अभ्यारण का भी भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश सिंह मेहरा ने किया। इस दौरान एसडीओ गणेश दत्त जोशी, रेंजर भूपाल सिंह मेहता, हरीश बरोलिया, प्रताप बिष्ट, पनीराम, मोहन चन्द्र लखेड़ा, हरेन्द्रपाल सिंह, सुरेश मेहरा, प्रकाश राणा, ममता गोस्वामी, गुंजन, पूनम, बीना, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

# कैथ लैब में होगी ओपन हार्ट सर्जरी की व्यवस्था: भट्ट

## सांसद ने अमृत विचार की खबर का लिया संज्ञान, एसटीएच पहुंचकर निर्माणाधीन कैथ लैब का किया निरीक्षण

**असर**

- बोले- दिल्ली के चिकित्सकों के साथ किया जाएगा अनुबंध
- कैथ लैब निर्माण की धीमी गति पर जताई नाराजगी

संवाददाता, हल्द्वानी



डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में निर्माणाधीन कैथ लैब का निरीक्षण करते सांसद अजय भट्ट। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में निर्माणाधीन कैथ लैब का सांसद अजय भट्ट ने मंगलवार को निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी परिषद के अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि भविष्य में कैथ लैब में ओपन हार्ट सर्जरी की भी व्यवस्था कराई जायेगी।

एसटीएच में निर्माणाधीन कैथ लैब में ओपन हार्ट सर्जरी की व्यवस्था नहीं होने का मामला 'अमृत विचार' ने प्रमुखता से उठाया था। प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए सांसद अजय भट्ट मंगलवार को कैथ लैब का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि कैथ लैब में फिलहाल बिना चीरे के ऑपरेशन होंगे, लेकिन भविष्य में यहां पर ओपन हार्ट सर्जरी की भी व्यवस्था की जायेगी। कैथ लैब बनने के बाद दिल्ली के चिकित्सकों के साथ अनुबंध किया जाएगा। जिससे गरीब व्यक्ति की भी सरकारी अस्पताल में ओपन हार्ट सर्जरी हो सके। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि कैथ लैब का निर्माण अब एम्स ऋषिकेश की देखरेख में होगा। एम्स के निदेशक ने कैथ लैब का निर्माण करने वाली कमेटी को यह जिम्मा दिया है। कमेटी एसटीएच में कैथ लैब के ढांचा निर्माण से लेकर मशीनों की खरीदारी पर नजर रखेगी। अनुमान है कि अगले आठ-नौ माह बाद कैथ लैब का संचालन शुरू हो जाएगा। इस पर सांसद भट्ट ने मंडी परिषद के अधिकारियों को कार्य में लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने शुरुआत में कार्य की धीमी गति पर कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को कार्य को गुणवत्ता के साथ सही समय पूरा करने के निर्देश दिये। कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, नवीन भट्ट, हरिमोहन अरोरा आदि मौजूद रहे।

## निश्चेतकों की कमी से कई विभागों में चल रही एक ओटी

संवाददाता, हल्द्वानी

- एसटीएच के गायनी विभाग में चल रही दो ओटी
- चिकित्सकों की कमी के कारण मरीजों को हो रही परेशानी

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में निश्चेतकों (एनेस्थेटिक्स) की संख्या कम होने से डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) के कई विभागों में दो की जगह एक ही ऑपरेशन थियेटर (ओटी) संचालित हो रही है। अस्पताल में सिर्फ गायनी विभाग में दो ओटी चल रही हैं।

एसटीएच के सर्जरी विभाग में दो ओटी हैं, लेकिन वर्तमान में एक ही ओटी से काम चलाया जा रहा है। वहीं यूरोलॉजी विभाग में भी एक ही ओटी है। अस्पताल के आर्थोपेडिक्स, ईएनटी और न्यूरोसर्जरी विभाग का भी यही हाल है। अस्पताल में कुल 10 विभाग हैं, जिनमें ओटी है। कई विभाग में चिकित्सक पूरे हैं पर एक ही ओटी संचालित की जा रही है। उदाहरण के तौर पर यूरोलॉजी विभाग में दो चिकित्सक होने पर भी सप्ताह में केवल दो दिन ऑपरेशन हो रहे हैं। न्यूरोसर्जरी, यूरोलॉजी, आर्थोपेडिक्स, सर्जरी आदि विभागों में मरीजों को ऑपरेशन के लिए चार से पांच माह तक का इंतजार करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि कई विभागों में चिकित्सकों की संख्या पर्याप्त है, लेकिन एनेस्थिसिया विभाग में चिकित्सकों की कमी की वजह से कम ऑपरेशन हो रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन निश्चेतकों की संख्या बढ़ाने पर विचार कर रहा है। इसके लिए शीघ्र की बैठक की जाएगी। इधर, प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि निश्चेतकों की संख्या बढ़ाने के पूरे प्रयास किये जा रहे हैं।

## पहले टेंडर अटका रहा अब रिपोर्ट का इंतजार

संवाददाता, हल्द्वानी

- गौला पुल की सुरक्षा का मामला फिर से लटका
- बारिश से पहले पूरा होना था काम, लेकिन रद हो गये टेंडर

**अमृत विचार :** गौला पुल की सुरक्षा का कार्य फिर से अटक गया है। कार्य शुरू करने के लिए आईआईटी रुड़की की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद नए सिरे से प्रस्ताव बनाया जाएगा और फिर टेंडर होगा।

गौला पुल की सुरक्षा के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने विगत अप्रैल माह में टेंडर जारी किए थे। तय हुआ था कि गौला पुल की सुरक्षा का कार्य बारिश से पहले यानी मई माह में पूरा कर लिया जायेगा, लेकिन टेंडर रद हो गये। दोबारा टेंडर किये और सितंबर माह में टेंडर स्वीकृत हुआ। कार्य शुरू होता इससे पहले ही गौला पुल की एप्रोच रोड गौला के तेज बहाव में बह गई। दूसरी बार एप्रोच रोड बह जाने के बाद फिर से आईआईटी रुड़की की टीम को बुलाया गया। पूर्व में जब एप्रोच रोड बही थी तब भी आईआईटी रुड़की की टीम से ही सर्वे कराया गया था। उसी रिपोर्ट के आधार पर टेंडर किया गया था। जिसे अब रद कर दिया गया है। आईआईटी रुड़की की रिपोर्ट के बाद अब नये सिरे से प्रस्ताव बनाया जाएगा और टेंडर होगा। एनएचएआई के परियोजना निदेशक विकास मित्तल ने बताया कि फिलहाल एप्रोच रोड को ठीक किया गया है। अन्य कार्य आईआईटी रुड़की की रिपोर्ट के बाद ही शुरू हो पायेंगे।

## छात्र-छात्राओं ने जीते मेडल

संवाददाता, हल्द्वानी



विजेताओं को सम्मानित करते एमएस डॉ. जीएस तितियाल व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में विभिन्न खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस दौरान छात्रों ने देश की सीमा पर तैनात जवानों पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी। वहीं कुमाउनी लोकगीत बेड़ू पाको बारामासा में भी मनमोहक नृत्य किया।

इस अवसर पर क्रिकेट प्रतियोगिता में शादाब मलिक, मो. हैदर, वैभव सिंह, पीयूष, मो. जुलबाब, सईम अंसारी, सार्थक कंडवाल, बाबुल राज, अक्षित सैनी, पवनदीप सिंह, रियाजुल हसन, टीनू ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं सौरभ विशाल, शशांक अधिकारी, रवि, विशेष, यशपाल मेहरा, शिवांशु जौली, पुनीत कुमार, महेश जोशी, रोहित नेगी, सुमित खत्री, विवेक रावत व अंकित सिंह ने सिल्वर मेडल हासिल किया। पीयूष सिंह मूल्यवान खिलाड़ी, हैदर सर्वश्रेष्ठ विकेट कीपर, मनोज राम बेस्ट फील्डर, शादाब मलिक बेस्ट बॉलर व रियाजुल हसन बेस्ट बल्लेबाज चुने गए। वहीं वॉलीबॉल में ऋषभ चन्द्र, मनमोहन मेहरा, कल्पित प्रसाद, सौरभ शर्मा, कमल गहतोड़ी, राहुल पाल, मयंक पंत ने गोल्ड और आयुष कुमार, आशीष रतूड़ी, निखिल यादव, मयंक भंडारी, शिवम बजेठा, यश, अर्चित कुमार, जयंत ने सिल्वर मेडल जीता। इसके अलावा रंगोली, मेहंदी और पेंटिंग प्रतियोगिताएं भी हुईं। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी, एसटीएच के एमएस डॉ. जीएस तितियाल, स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. केसी पांडेय, डॉ. साधना अवस्थी, डॉ. दीपा देउपा, डॉ. हरिशंकर पांडेय, आलोक उप्रेती, विजय हेडिया मौजूद रहे।

## प्रशासन से संयुक्त मोर्चे की वार्ता विफल

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नैनीताल में रोडवेज बस स्टेशन को लेकर परिवहन निगम प्रबंधन और उत्तराखंड संयुक्त मोर्चे की प्रशासन और प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ वार्ता हुई। जिसमें एसडीएम नैनीताल प्रवीण कुमार और सचिव नैनीताल विकास प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल उपस्थित रहे।

सचिव प्राधिकरण ने बताया कि नैनीताल बस स्टेशन का स्वामित्व पूर्व की तरह परिवहन निगम का रहेगा, लेकिन इसे एक साल के लिए पोस्ट ऑफिस को देना होगा। जिस पर संयुक्त मोर्चे के पदाधिकारी सहमत नहीं हुए। सहमति नहीं बनने पर वार्ता विफल हो गई। वार्ता में मंडलीय प्रबंधक संचालन पूजा जोशी, सहायक महाप्रबंधक मनोज दुर्गापाल, संयुक्त मोर्चा के आनसिंह जीना, मुकेश वर्मा, लीला बोरा, नवनीत कपिल, रघुवीर चौधरी और हेम गुणवंत मौजूद रहे।

## गौला बैराज से नहीं मिला पानी दिनभर ठप रहा प्लांट से शोधन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौलावार नहर की मरम्मत कार्य के चलते मंगलवार को शहरी क्षेत्र की गौला पेयजल आच्छादित आबादी को पानी नहीं मिल पाया। गौला बैराज से जल संस्थान के फिल्टर प्लांट को आने वाली क्षतिग्रस्त नहर के सुधारीकरण कार्य के चलते जल शोधन ठप रहा। विभाग के अनुसार बुधवार को भी पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

मानसून के दौरान गौला नदी में सिल्ट की मात्रा बढ़ने से जल संस्थान के फिल्टर प्लांट पहले से ही क्षमता से आधा पानी दे रहे हैं। जिससे लोगों को जरूरत के हिसाब से पानी नहीं मिल रहा है। मंगलवार को सिंचाई विभाग ने बैराज में क्षतिग्रस्त हुई नहर के सुधारीकरण का काम किया। इसके लिए सुबह आठ बजे से शीशमहल फिल्टर प्लांट को पानी की सप्लाई बंद कर दी गई थी। देर शाम तक प्लांट नहीं चलने से पेयजल की आपूर्ति का संचालन प्रभावित रहा है। जल संस्थान ने 20 टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाया, लेकिन लोगों को जरूरत के अनुसार पानी नहीं मिल सका। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता दिनेश रावत ने बताया कि बुधवार को नहर से पानी भेजना शुरू किया जाएगा।

जल संस्थान के ईई रविशंकर लोशाली ने बताया कि देर शाम को ही आपूर्ति होने की उम्मीद है।

### नगर क्षेत्र में सुधरेगी नलकूप आच्छादित पेयजल व्यवस्था

**हल्द्वानी :** नगर में क्षेत्र में संचालित नलकूपों से पेयजल व्यवस्था को सुधारने के लिए जल संस्थान 98.31 लाख रुपये खर्च करेगा। विभाग ने प्रस्ताव वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति के लिए शासन को भेज दिया है। विभागीय स्तर से गठित तकनीकी सम्परीक्षा प्रकोष्ठ ने तकनीकी परीक्षण के बाद प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस राशि से विभाग सबमर्सिबल मोटर पंप, कॉपर केबल, मोटर स्टार्टर पैनल, सर्वोवोल्टेज स्टेबलाइजर की खरीद करेगा। इससे पेयजल वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। जल संस्थान के ईई रवि लोशाली ने बताया कि पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

## अराजक तत्वों ने वाहनों के शीशे तोड़े

**नैनीताल, अमृत विचार :** कोतवाली के समीप अशोक पार्किंग में अराजक तत्वों ने कई वाहनों के शीशे तोड़ दिये। सुबह वाहन स्वामियों ने शीशे टूटे देखे तो वह दंग रह गए। पुलिस अराजक तत्वों की तलाश में जुट गई है।

देहरादून निवासी अंकित रावत ने बताया कि सोमवार को उन्होंने अपना वाहन मल्लीताल अशोक पार्किंग में पार्क किया था। सुबह आकर देखा तो उनके वाहन के साथ ही अन्य चार वाहनों के शीशे टूटे हुए मिले। प्रभारी कोतवाल पीएस मेहरा ने बताया कि पार्किंग व आस-पास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे है। अराजक तत्वों को पकड़ लिया जाएगा।



सूर्या देवी मंदिर के सदस्यों से वार्ता करते वन अधिकारी। ● अमृत विचार

### वन अधिकारियों ने किया सूर्या देवी मंदिर का निरीक्षण

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** वन अधिकारियों ने हल्द्वानी वन डिवीजन के छकाता रेंज के अंतर्गत सूर्या देवी मंदिर का निरीक्षण किया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि मंदिर जाने का मार्ग वन मार्ग से होकर गुजरता है, इसलिए उन्हें वन्यजीवों की सुरक्षा के निर्देश दिए गये। साथ ही सदस्यों से मंदिर में प्लास्टिक का कचरा नहीं फैलाने व वन्यजीवों की सुरक्षा की अपील की गई। इस दौरान वन संरक्षक डॉ. विनय भार्गव, डीएफओ कुंदन कुमार, अर्जुन बिष्ट, हरेंद्र बिष्ट, धर्मेंद्र रैक्वाल, यशवंत गंगोला, महिपाल रैक्वाल, त्रिलोक नौला, धीरज रैक्वाल, देवेंद्र मेहरा मौजूद रहे।

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
- डी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- बी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (92105500404)
E-mail: rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

### फूलचौड़ और रानीबाग क्षेत्र में गुल रही बिजली

**हल्द्वानी :** ऊर्जा निगम की ओर से इन दिनों पेड़ों की कटाई-छंटाई की जा रही है। इसके चलते मंगलवार को जारी रोस्टर के तहत फूलचौड़, ऊंचापुल और रानीबाग से सटे इलाकों में पांच घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। लोग दिनभर गर्मी और उमस से परेशान रहे। वितरण खंड ग्रामीण के ईई बेगराज सिंह ने बताया कि कार्य के चलते ग्रामीण में करीब 3300 लोग प्रभावित रहे हैं। वहीं शहरी क्षेत्र में डेढ़ हजार उपभोक्ताओं को सप्लाई नहीं मिल पाई।

### ताज चौराहे से ई-रिक्शा चोरी

**हल्द्वानी :** ताज चौराहे पर खड़ा ई-रिक्शा किसी ने चोरी कर लिया। राजपुरा गली नंबर एक निवासी नंदकिशोर ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा कि उसने अपना ई-रिक्शा तीन अक्टूबर की रात 10 बजे ताज चौराहे के पास रेलवे बाजार में खड़ा किया था। जब नंदकिशोर चार अक्टूबर की सुबह लगभग आठ बजे अपना रिक्शा लेने गया तो ई-रिक्शा गायब था।

**त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव** | डीएम वंदना सिंह ने सभी ब्लॉकों में समय सारणी के अनुसार कार्य करने के दिए निर्देश

# जिले में निर्वाचक नामावलियों का होगा पुनरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर जनपद में निर्वाचक नामावलियों का विस्तृत पुनरीक्षण किया जाएगा।

डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि जनपद के सभी ब्लॉकों में निर्धारित समय सारणी के अनुसार ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों के विस्तृत पुनरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। जनपदवार पंचायत निर्वाचक नामावली का विस्तृत पुनरीक्षण कार्यक्रम होगा। इसमें 7 से 9 अक्टूबर तक क्षेत्र पंचायतवार नोडल, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति, 10 से 13 अक्टूबर तक ग्राम पंचायतवार विस्तृत पुनरीक्षण कार्य के लिए संगणकों/पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, 14 से 19 अक्टूबर तक कार्यक्षेत्र आवंटन तथा सर्वेक्षण संबंधी लेखन सामग्री उपलब्ध कराना, 20 अक्टूबर से 16 नवंबर तक संगणक घर-घर जाकर गणना होगी। उन्होंने बताया कि 17 से 20 नवंबर तक निर्वाचक नामावलियों की पांडुलिपियां तैयार करना, 21 से 22 नवंबर पांडुलिपियों पंचास्थानि चुनाव कार्यालय में जमा करना, 23 नवंबर से 22 दिसंबर तक निर्वाचक नामावलियों की डेटा एंट्री, 23 से 24 दिसंबर तक नामावलियों की प्रतियां जन सामान्य के निरीक्षण के लिए मुहैया कराना, 25 दिसंबर को आलेख प्रकाशन होगा। डीएम ने बताया कि 26 दिसंबर से 1 जनवरी 2025 को नामावलियों का निरीक्षण एवं आपत्ति प्राप्त करना, 2 से 5 जनवरी तक आपत्तियों की जांच व निस्तारण, 6 से7 जनवरी पांडुलिपियां तैयार करना, 8 से 9 जनवरी तक पांडुलिपियां चुनावालय पंचास्थानि को उपलब्ध कराना, 10 से 11 जनवरी सूचियों की डाटा एंट्री, 12 जनवरी को तैयार निर्वाचक नामावली को नोडल अधिकारी/सहायक निर्वाचक अधिकारी को उपलब्ध कराना तथा 13 जनवरी को निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा।

### रोडवेज स्टेशन को शिफ्ट करने के लिए बनाई समिति



**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी में यातायात एवं सड़क सुरक्षा के मद्देनजर रोडवेज बस स्टेशन को अन्यत्र शिफ्ट करने के लिए विकल्पों का अध्ययन कर प्रस्ताव तैयार करने को समिति का गठन किया गया है। डीएम वंदना ने बताया कि समिति बस अड्डे की शिफ्टिंग को विकल्पों तथा वर्तमान जरूरत के अनुसार प्रस्ताव बनाएगी। समिति में नगर आयुक्त अध्यक्ष, एसडीएम सचिव, सीओ ट्रैफिक, आरटीओ, लोनिवि ईई और परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक को सदस्य नामित किया है। उन्होंने समिति को एक सप्ताह में आख्या देने के निर्देश दिए हैं। कहा कि प्रस्तावित भूमि के विकल्प पर विधिक बिंदुओं और कोर्ट में लंबित वाद के विषयों का परीक्षण किया जाए, ताकि स्पष्ट रिपोर्ट प्राप्त हो सके।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
- डिप्लोमा इन एक्स रे टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- डिप्लोमा इन एमआरआई टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- डिप्लोमा इन एमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- सर्टिफिकेट इन सैनिटेशन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (92105500404)
E-mail: bareillyrcps@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## सार-संक्षेप



छात्राओं को जानकारी देतीं जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन। ● अमृत विचार

### बच्चों को दी पॉक्सो, गुड टच व बैड टच की जानकारी

**रुद्रपुर :** जिलाधिकारी उदयराज सिंह और मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर रुद्रपुर डीएवी पब्लिक स्कूल में पॉक्सो, गुड टच बैड टच, नशा मुक्ति, साइबर सिक्योरिटी पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगलवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन ने बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के संबंध में जानकारी दी। साथ ही पॉक्सो एक्ट, नशा मुक्ति के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्वयं को सुरक्षित रखने के उपाय भी बताए गए। चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। बाल कल्याण समिति की सदस्य पुष्पा पाणु ने बाल गीत के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पीके शर्मा, चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक चांदनी रावत, आउटरीच कार्यकर्ता हरेंद्र राणा, विद्यालय के अध्यापक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।



प्रतियोगिताओं के विजेता कैडेटों को सम्मानित करते कुलपति डॉ. एमएस चौहान।

### अरावली ग्रुप ओवरऑल कैडेट ट्रॉफी से सम्मानित

**पंतनगर :** वन यूके आर एंड वी स्क्वाड्रन एनसीसी पंतनगर का 10 दिनी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया। इससे पूर्व किसान मेले के दौरान राज्यपाल गुरमीत सिंह को कैडेटों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया और कैंप कमांडेंट कर्नल शोमिर भटनागर ने राज्यपाल को स्मृति-चिह्न भेंट किया। कुलपति ने अस्तबल एवं कैडेटों के प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया। कुलपति डॉ. चौहान की अध्यक्षता में कैडेटों ने टेंट पेगिंग, हार्स शो एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कुलपति ने टेंट पेगिंग में गौतम एवं असलम अंसारी को बेस्ट कैडेट के लिए पुरस्कृत किया। साथ ही कैडेट संजय को बेस्ट राइडर पहले, राहुल जैसवाल दूसरे एवं आरती को तीसरे स्थान के लिए सम्मानित किया। इसके अलावा सोलो सांग में कैडेट एकता दानू और ओवर ऑल कैडेट ट्रॉफी के लिए अरावली ग्रुप को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व नेस्ले कंपनी रुद्रपुर के एचआर हेड सौरव दास एवं विशाल गर्ग ने कैडेटों को कॅरियर अपाच्युनिटी इन कारपोरेट सेक्टर की विस्तृत जानकारी प्रदान की।



भारतीय वायुसेना दिवस पर परेड में शामिल जीआईसी खटीमा के कैडेट्स।

### एनसीसी कैडेट्स ने मनाया वायुसेना दिवस

**खटीमा :** पीएमश्री अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज में आज 1-यूके एयर स्क्वायडन एनसीसी पंतनगर के तत्वावधान में भारतीय वायुसेना दिवस मनाया गया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा सार्जेंट शाहबाज के नेतृत्व में परेड का आयोजन किया गया। एनसीसी अधिकारी नरेंद्र सिंह रौतेला ने भारतीय वायुसेना के गौरवशाली इतिहास की चर्चा की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामेंद्र कुमार कटिहार, विवेक जोशी, नवीन चंद उपाध्याय, मनीषा कल्पसी, ममता चौहान, चांदनी, डॉ रामजी वर्मा, ज्ञान प्रकाश, प्रमोद राणा, मंजू राणा, केडी जोशी, अजय सिंह राणा आदि उपस्थित रहे। इधर डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म के एयर विंग के कैडेटों द्वारा वायु सेना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें एनसीसी कैडेटों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



काशीपुर के बार भवन में बैठक करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### तहसील व न्यायालय बहुमंजिला भवन में स्थापित करने की मांग

**काशीपुर :** बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने तहसील के स्थानांतरण को लेकर एक बैठक की। बैठक में तहसील, न्यायालय, एसडीएम कार्यालय समेत अन्य कार्यालयों को एक बहुमंजिला भवन में स्थापित करने की मांग की। मंगलवार को बार भवन में बैठक के दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि एक छत के नीचे सारे कार्यालय होने से जनता को सुलभ व सस्ता न्याय मिल सकेगा। साथ ही अधिवक्ताओं को भी एक ही जगह काम करने से समय की बचत होगी। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, सचिव नृपेंद्र कुमार चौधरी, उपसचिव सूरज कुमार, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, उमेश जोशी, धर्मेंद्र तुली, आनंद रस्तोगी, इंदर सिंह, अरुण तिवारी, रहमत अली खान, ओम प्रकाश अरोड़ा, अनुज माथुर, नंदकिशोर, अब्दुल सलीम, बलवंत लाल, संजय शर्मा, विवेक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# सिडकुल कर्मचारी की कटी उंगलियां, प्रदर्शन

## उपचार सहित कई मुद्दों को लेकर किया प्रदर्शन, पुलिस ने समझाने का किया प्रयास, उग्र आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** सिडकुल की गोंद उत्पाद कंपनी में कर्मी की उंगलियां कटने सहित कई मुद्दों को लेकर भड़के श्रमिकों ने धरना प्रदर्शन कर अपना आक्रोश जताया। उन्होंने कंपनी प्रबंधन से मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। वहीं सूचना पर पहुंची सिडकल चौकी पुलिस ने आंदोलन कर रहे कर्मियों को समझाने का प्रयास किया और कंपनी से दूर जाने की हिदायत दी।

मंगलवार को धरनास्थल पर बैठे आंदोलित कर्मचारियों ने बताया कि हेंकल कंपनी में कार्यरत कर्मचारी अश्वनी की काम करते वक्त एक हाथ की उंगलियां कट गई। कंपनी ने कर्मी का उपचार कराने में कोई मदद नहीं की। कर्मी ने अपने स्तर से दिल्ली के अस्पताल में उपचार कराया। इसके अलावा कंपनी प्रबंधन ने बिना नोटिस दिए यूनियन के अध्यक्ष संजय प्रकाश, कोषाध्यक्ष अश्विनी, सचिव कमल पांडे, उपाध्यक्ष जगदीश गोस्वामी को नौकरी से निकाल दिया।

आरोप था कि कंपनी प्रबंधन कर्मचारियों की आवाज को दबाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने सहायक श्रम आयुक्त और कंपनी प्रबंधन से निलंबित श्रमिक एवं बर्खास्त श्रमिकों की कार्यबहाली करने, झूठे आरोप पत्र देना बंद करने, जनवरी 2024 से लंबित मांग पत्र को पूरा करने, घायल होने वाले कर्मी को जॉब की गारंटी व उचित मुआवजा देने और कंपनी में बेहतर माहौल बनाने का मुद्दा उठाया। आगाह किया कि यदि उनकी मांगों पर गौर नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा।



कंपनी में कर्मी की उंगलियां कटने सहित कई मुद्दों को लेकर धरना देते कर्मचारी। ● अमृत विचार



कटी उंगलियां दिखाता कर्मी।

### पंत विवि के प्राध्यापक डॉ. पारिक का निधन



डॉ. नवनीत पारिक।

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. नवनीत पारिक का असमय निधन हो गया। परिजन उनका शव लेकर पैतृक निवास जयपुर (राजस्थान) चले गए, जहां शाम को गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। जयपुर (राजस्थान) निवासी डॉ. नवनीत पारिक (54) कृषि महाविद्यालय के मृदा विज्ञान के प्रमुख थे। उन्होंने विवि प्रशासन में अपर निदेशक प्रशासन व अपर मुख्य कार्मिक अधिकारी जैसे अहम पदों की भी जिम्मेदारी निभाई। वह पिछले दो साल से एमेडी डिजीज से जूझ रहे थे। डॉक्टरों की सलाह पर वह घर पर ही आराम कर रहे थे। सोमवार देर रात लगभग डेढ़ बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे पत्नी (कैंपस स्कूल में शिक्षिका), एक पुत्री (आरएएन पब्लिक स्कूल रुद्रपुर में कक्षा छह की छात्रा) और एक पुत्र (जयपुर में स्नातक छात्र) को छोड़ गए हैं।

# पत्नी से हुआ विवाद तो पति ने फांसी लगाकर दे दी जान

संवाददाता, रुद्रपुर

**दुखद**

▸▸ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप में पारिवारिक विवाद के बाद आवेश में आकर एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मूल रूप से सकरी भराव समस्तीपुर बिहार निवासी 30 वर्षीय लाल जीवन गल्ला मंडी में पल्लेदारी का कार्य करता है और वह थाना ट्रांजिट कैंप के शास्त्री नगर में पति व बच्चों के साथ रहता है। बताया जा रहा है कि सोमवार की देर रात्रि लाल जीवन का अपनी पत्नी से विवाद हो गया। विवाद के बाद युवक खाना खाकर कमरे में सोने चला गया।

थोड़ी देर बाद जब पत्नी कमरे में गई तो देखा कि युवक फंदा लगाकर लटका हुआ है। चीख पुकार की आवाज सुनकर पड़ोसी भी घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े और आनन-फानन में युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय ने घटना की जानकारी ली और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# उपभोक्ताओं के हाथ में होगा स्मार्ट मीटर का कंट्रोल

संवाददाता, रुद्रपुर

**राहत**

▸▸ 100 रुपये के रिचार्ज पर भी मिलेगी बिजली

▸▸ यूपीसीएल के एसई ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

**अमृत विचारः** यूपीसीएल के अधीक्षण अभियंता एससी त्रिपाठी ने बताया कि रुद्रपुर शहर के साथ किच्छा क्षेत्र में आरडीएसएस योजना के तहत स्मार्ट प्रीपेड मीटर स्थापित करने के लिए सर्वे का काम चल रहा है। इसको लेकर उपभोक्ताओं के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों के विरोध किए जाने की घटनाएं भी संज्ञान में आ रही हैं। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर का कंट्रोल उपभोक्ताओं के हाथ में है और वह 100 रुपये से भी मीटर को रिचार्ज कर सकते हैं।

मंगलवार को यूपीसीएल के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि रुद्रपुर प्रथम, रुद्रपुर द्वितीय और किच्छा सर्किल में करीब एक लाख 50 हजार स्मार्ट प्रीपेड मीटर स्थापित किए जाने हैं। इसके लाभ की जानकारी उपभोक्ताओं को नहीं है। उन्होंने बताया कि इस मीटर के घरों में स्थापित होने से रीडिंग और बिलिंग में मानवीय हस्तक्षेप समाप्त हो जाएगा। इसके अलावा बिलिंग संबंधी शिकायतों से संतुष्टि मिलेगी। उपभोग की गयी बिजली की डीटेल मोबाइल एप पर उपलब्ध होगी। रियल टाइम बिजली का उपयोग होगा और हर माह मीटर रीडिंग कराने से छुटकारा मिलेगा।

इसके अलावा बिजली बिल पर लगने वाली लेट फीस से छुटकारा मिलेगा। घर पर बैठकर ही मीटर को मोबाइल ऐप या ऑनलाइन रिचार्ज कर सकते हैं। वर्तमान में लागू विद्युत दर पर चार प्रतिशत छूट मिलेगी। छुट्टियों के दिनों या फिर रात में बैलेंस खत्म होने के बाद भी बिना रुकावट के बिजली मिलेगी। बजट के अनुसार ही उपभोक्ता बिजली खर्च कर स्वयं नियंत्रण करेंगे। बिजली का फाल्ट होने पर या सप्लाई बाधित होने पर तुरंत सूचना मोबाइल पर एसएमएस कर दी जाएगी। सोलर लगाने पर इसी मीटर को नेट मीटर में जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुराने मीटर को स्मार्ट मीटर से बदलने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। यदि स्मार्ट मीटर खराब होता है तो कार्यदायी संस्था की ओर से मापक निशुल्क बदला जाएगा। इसके लिए उपभोक्ता को किसी कार्यालय में जाने की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल (वर्ष 2007) अनुक्रमांक 0103988 तथा इण्टरमीडिएट (वर्ष 2009) अनुक्रमांक नं. 062248 के अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं गिर गये हैं। जो कि काफी खोजबीन के पश्चात भी नहीं मिल पाये हैं। - **कुन्दन सिंह पुत्र श्री मदन सिंह, निवासी ग्राम - छियोड़ी, पोस्ट जौरासी, तहसील श्री कैंची धाम (कोश्यॉकुटोली), जिला नैनीताल।**

**सूचना**

मेरा पुत्र प्रदीप सिंह आये दिन मुझसे, परिजनों व अन्य से झगड़ा, अभद्रता एवं गाली-गलौज करता है। जिससे घर में सदैव कलह/कलेश होता रहता है। इससे परेशान होकर मैंने अपने पुत्र को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए उससे अपना सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में वह किसी भी व्यक्ति से लेन-देन या वाद-विवाद, लड़ाई-झगड़ा करता है, तो इसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। इससे मेरा या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों को कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा।
**- सुखदेव सिंह पुत्र बहादुर सिंह, निवासी - बांसखेड़ा, बाजपुर, तहसील बाजपुर, जिला ऊधमसिंह नगर।**

# सड़क चौड़ीकरण का मुद्दा उठाया

संवाददाता, रुद्रपुर



हल्द्वानी में सीएम से मिलते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगला सड़क चौड़ीकरण के मुद्दे को लेकर भाजपा नेता सुरेश गौरी व राज्य आंदोलनकारी तरुण पंत ने हल्द्वानी में एक कार्यक्रम के दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। उन्होंने चौड़ीकरण की जद में आए लोगों को राहत देने का मुद्दा उठाया।

भाजपा नेता गौरी ने बताया कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार में लगातार फोरलेन का कार्य प्रगति पर है। ऐसे में पंतनगर नगला मार्ग के चौड़ीकरण होने के बाद कई परिवार इसकी जद में आए हैं। ऐसे में यदि सरकार चौड़ीकरण के मध्य से 50-50 फीट नपाई कर चौड़ीकरण का कार्य करें तो जद में आए लोगों के घरों को बचाया जा सकता है। जिसमें कई घर पूर्व सैनिक के हैं तो कई घर राज्य आंदोलनकारियों के भी हैं। उन्होंने सीएम से मामले को गंभीरता से लेते हुए राहत देने की मांग की। इस मौके पर राज्य आंदोलनकारी हरीश जोशी, पूरन सिंह परिहार, विक्की पाठक, अशोक कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार, विकास पुजारी, नारायण सिंह, सुंदर सिंह, नौबत राम आदि मौजूद रहे।

### पालिका प्रशासन पर अधूरी वोटर लिस्ट दिखाने का आरोप

**पंतनगर :** कांग्रेस ने नवसृजित नगला नगरपालिका प्रशासन पर पूरी वोटर लिस्ट सार्वजनिक नहीं करने का आरोप लगाया। डीएम को पत्र लिखकर आपत्ति दर्ज कराने के लिए समय सहित सही लिस्ट सार्वजनिक करने की मांग की है। जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष लवकुश शर्मा, उपाध्यक्ष दान सिंह नयाल और पंतनगर कार्यकारी अध्यक्ष गिरधर सिंह फत्र्याल ने डीएम को लिखे पत्र में कहा है कि नवसृजित नगरपालिका परिषद नगला का निर्वाचन प्रस्तावित है। वह लोग पहली अक्तूबर को नगरपालिका कार्यालय में वोटर लिस्ट देखने गए थे। वहां कर्मचारी दीपक सती ने बताया कि अभी लिस्ट उपलब्ध नहीं है, तीन अक्तूबर को वह लोग देख सकते हैं। मंगलवार को प्रातः 11 बजे वह लोग पुनः कार्यालय गए, जहां वार्ड संख्या एक से सात की आधी-अधूरी लिस्ट देखने को मिली। जिसमें कुल 2672 वोटर ही पाए गए। बताया गया कि आज आठ अक्तूबर तक वोटर लिस्ट बनने के बाद देखने को मिलेगी, जिसमें कोई आपत्ति दर्ज नही हो पाएगी, क्योंकि आपत्ति दर्ज कराने की आज अंतिम तिथि है। आरोप लगाया कि कार्यालय में उपलब्ध वोटर लिस्ट में पंतनगर विवि क्षेत्र एवं टीडीसी कालोनी सहित अन्य के नाम भी शामिल हैं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, खटीमा (ऊधम सिंह नगर)**

पत्रांक : 298/ गृह० नामान्तरण/2024-2025

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

दिनांक : 08-10-2024

सर्वसाधारण एवं सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद खटीमा के गृहकर अभिलेखों में निम्न विवरण के अनुसार दर्ज पूर्व भवन स्वामियों का नाम खारिज कर उनके सम्मुख अंकित कॉलम सं०-5 में उल्लेखित व्यक्तियों के नाम कॉलम सं०-6 उल्लेखित अभिलेखों के आधार पर गृहरकर वसूली हेतु गृहकर नामान्तरण / संशोधन दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र. सं. | वार्ड संख्या | भवन संख्या | पूर्व भवन स्वामी का नाम | जिसके नाम भवन नामान्तरण किया जाना है। | नामान्तरण / संशोधन हेतु प्रस्तुत अभिलेख का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पुराना 08 नया 16 | 289/8 | श्री जलील अहमद पुत्र श्री खलील अहमद | श्री पूरन लाल रस्तोगी पुत्र श्री ओमप्रकाश रस्तोगी | रजिस्ट्री बैनामा के आधार पर |
| 2 | पुराना 04 नया 14 | 120/4 | श्री ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र स्व० भीमसेन गुप्ता | श्री गौरव गुप्ता पुत्र श्री ओमप्रकाश गुप्ता | परिवारिक समझौता के आधार पर |
| 3 | पुराना 07 नया 13 | 248/7 | श्रीमती सुनीता गिरि पत्नी श्री बाबा नन्द लाल गिरि | श्रीमती जयदेवी रस्तोगी पत्नी श्री हरस्वरूप | बिक्रीनामा के आधार पर |

अतः उक्तानुसार गृहकर अभिलेखों में उक्तानुसार कॉलम सं० 4 में अंकित पूर्व भवन स्वामी का नाम खारिज कर कॉलम सं० 6 में उल्लेखित अभिलेखों के आधार पर कॉलम सं० 5 में अंकित वर्तमान भवन स्वामी का नाम गृहकर नामान्तरण / संशोधन दर्ज किये जाने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय साक्ष्य एक माह के भीतर पालिका कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से अपनी आपत्ति प्रेषित कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। तथा उक्तानुसार प्रस्तावित गृहकर नामान्तरण / संशोधन करते हुये गृहकर अभिलेंखो में गृहकर की वसूली हेतु पूर्व भवन स्वामी का नाम खारिज कर वर्तमान भवन स्वामी के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद खटीमा**
**(ऊधमसिंह नगर)**

**प्रशासक**
**नगर पालिका परिषद खटीमा**
**(ऊधमसिंह नगर)**

**सराहनीय**

## एमएनए बोले-75 शहरों की स्वच्छता कहानी यात्रा संकलन में रुद्रपुर भी शामिल

# कूड़ा हटने के बाद आकर्षक हुआ ट्रंचिंग ग्राउंड

संवाददाता, रुद्रपुर



साफ-सफाई के बाद इस तरह दिख रहा ट्रंचिंग ग्राउंड। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** स्वच्छ भारत मिशन के तहत भारत सरकार द्वारा देश के 75 शहरों की स्वच्छता कहानी यात्रा का संकलन किया है। इसमें जनपद ऊधमसिंह नगर का रुद्रपुर शहर भी शामिल है।

मंगलवार को जानकारी देते हुए नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल ने बताया कि देश के 75 शहरों की स्वच्छता का सफर कहानी संग्रह स्वच्छ भारत मिशन किया गया है। उन्होंने बताया कि रुद्रपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग के पास पर्यावरण क्षरण के प्रतीक के रूप में खड़ी एक पुरानी डंप साइट को एक अभूतपूर्व अपशिष्ट उपचार परियोजना के माध्यम से सफाई कर एक स्वच्छ व हरे भरे स्थान में बदल दिया है। इस चुनौती का सामना करते हुए नगर निगम ने निर्णायक कार्रवाई की और स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत एक महत्वाकांक्षी डंपसाइट उपचार परियोजना शुरू की।

उन्होंने बताया कि नगर निगम के प्रशासक और जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में पहाड़गंज में दशकों से जमा हुए 2,11,000 मीट्रिक टन कचरे बायोमाइनिंग और बायोरेमेटिएशन तकनीकों का उपयोग करके कार्रवाई की गयी। इस परियोजना में पुनर्चक्रण योग्य पदार्थों को प्राप्त करने के लिए कचरे को अलग करना और संशोधित करना शामिल था, जबकि दूषित मिट्टी का उपचार किया गया था। अपशिष्ट कचरे को उन्नत लाइनरों के साथ एक इंजीनियर लैंडफिल में रखा गया था।

**कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय नलकूप खण्ड टनकपुर**

पत्रांक : 141/सहा०अभि०द्वि०/निविदा/2024-25/

दिनांक : 08-10-2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या - 06 / सहा०अभि०द्वि०/2024-25**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों की मुहरबन्द निविदाये दिनांक 22.10.2024 तक वर्णित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आंमत्रित की जाती है, जो दिनांक 22.10.2024 को अपरान्ह 1.00 बजे तक निविदा टेण्डर बॉक्स में डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 1.30 बजे अपरान्ह अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा सहायक अभियन्ता द्वितीय, उपखण्ड चम्पावत के कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 21.10.2024 तक किसी भी कार्य दिवस को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक निर्धारित मूल्य (18 प्रतिशत जी०एस०टी० सहित) जमाकर, इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा दो बिड प्रणाली में होगी। धरोहर धनराशि डाकघर की राष्ट्रीय बचत पत्र अथवा राष्ट्रीयकृत बैंको की एफ०डी०आर०, टी०डी०आर० एवं सी०डी०आर० के रूप में, जो कि अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड टनकपुर के नाम बन्धक होगी। धरोहर अथवा जमानत राशि के रूप में बैंक गारण्टी स्वीकार नही की जायेगी। बिना धरोहर धनराशि जमा किये तथा सशर्त निविदायें अमान्य होंगी। अधोहस्ताक्षरी के पास सम्बन्धित निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। बिड के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प जिस पर रू0 1.00 का रेवेन्यू स्टाम्प लगा हो, पर दरों की वैधता 3 माह तक अंकित कर संलग्न करना आवश्यक होगा। निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो जाने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित मात्रा | धरोहर राशि (रू.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. अतिरिक्त (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि/दिवस | कार्य हेतु ठेकेदार की आवश्यक श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला योजना के अन्तर्गत जनपद चम्पावत में झालाकुडी लिफ्ट सिंचाई योजना हेतु 100 mm एम एस पाइपलाइन की आपूर्ति एवं बिछाने का कार्य। | 1 जॉब | 24600.00 | 1000.00+जी.एस.टी. | 03 माह | उत्तराखण्ड सिंचाई विभाग में यांत्रिक श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार / फर्म |
| 2 | जिला योजना के अन्तर्गत जनपद चम्पावत में चौडी लिफ्ट सिंचाई योजना हेतु 100 mm एम एस पाइपलाइन की आपूर्ति, बिछाने का कार्य। | 1 जॉब | 25100.00 | 1000.00+जी.एस.टी. | 03 माह | उत्तराखण्ड सिंचाई विभाग में यांत्रिक श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार / फर्म |

नोट-अन्य शर्तें कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय, उपखण्ड चम्पावत में देखी जा सकती है।

**सहायक अभियन्ता द्वितीय**
**नलकूप खण्ड टनकपुर**

## एक नजर

### लोन जमा नहीं करने पर मारपीट का आरोप

**काशीपुर** : काशीपुर की सैनिक कॉलोनी निवासी एक युवक ने निजी फाइनेंस कंपनी के कर्मियों पर लोन जमा नहीं करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। साथ ही युवक ने हजारों की नकदी समेत सोने की चेन छीनने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। सैनिक कॉलोनी नीझड़ा निवासी संजीव कुमार त्रिवेदी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पिता ने एक फाइनेंस कंपनी से लोन लिया था। बताया कि मंगलवार की दोपहर व किसी काम से रामनगर रोड पर गया था। इस दौरान फाइनेंस के ब्रांच मैनेजर समेत कई लोगों ने उसे रोक लिया और लोन जमा करने को लेकर अभद्रता करने लगे। आरोप लगाया कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी व उससे सोने की चेन व 6 हजार की नकदी छीन ली। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 2 बाइकें सीज, 5 बाइकों का काटा चालान

**सुल्तानपुर पट्टी** : नगर के रामपुर मोड़ पर पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने 2 बाइकें सीज कर 5 बाइकों के चालान किए। पुलिस द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान से बाइक सवारों में हड़कंप मच गया। कई बाइक चालक तो दूर से ही चेकिंग देखकर बाइक मोड़कर रफूचक्कर हो गए। चौकी इंचार्ज संदीप शर्मा ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट, बिना पेपर के दो बाइक को सीज किया है वहीं पांच वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई है। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### कोतवाल से की जाम से मुक्ति दिलाने की मांग

**बाजपुर** : स्थानीय लोगों ने कोतवाल नरेश चौहान से मुलाकात कर मुख्यमार्ग, रामराज रोड व बेरिया रोड को जाम से मुक्त करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बाजपुर के मुख्यमार्ग, भगत सिंह चौक व बेरिया तिराहे पर लगने वाला जाम क्षेत्रवासियों के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है, जिससे व्यापार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। त्योहारी सीजन व अनाज मंडी में धान की आवक को दृष्टिगत रखते हुए इन मार्गों को जाम मुक्त किया जाना जरूरी है। मुख्यमार्ग पर भगत सिंह चौक से आदर्श कन्या इंटर कालेज तक, रामराज रोड पर भगत सिंह चौक से तीन मूर्ति मंदिर तक एवं बेरिया रोड पर सरदार रेडियोज तक मार्ग को अवरुद्ध कर खड़े होने वाले ई-रिक्शा, ठेलों व चारपहिया वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की। कोतवाल नरेश चौहान ने कहा कि अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा।

# रिमांड पर लेकर गबन के आरोपियों से की पूछताछ

संवाददाता, रुद्रपुर

- इंडसइंड बैंक खाते से हुआ था 13.51 करोड़ का गबन

**अमृत विचार:** एसएलओ और एनएच काला के संयुक्त खाते से गबन हुए करोड़ों मुआवजा राशि प्रकरण में अहम किरदार निभाने वाले आरोपी बैंक प्रबंधक व सहायक प्रबंधक को पुलिस कस्टडी रिमांड पर ले लिया गया है। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों से कई सवालों के जवाब भी मांगे हैं।

2 सितंबर को समीक्षा बैठक के दौरान एसएलओ कौस्तुभ मिश्रा ने इंडसइंड बैंक शाखा में संयुक्त खाते से 13.51 करोड़ की मुआवजा राशि के गबन होने का मामला पकड़ा था। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर प्रारंभिक तफ्तीश और पुख्ता सबूतों के आधार पर इंडसइंड बैंक के शाखा प्रबंधक देवेंद्र सिंह व सहायक प्रबंधक प्रियम सिंह को गबन प्रकरण में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फर्जी चेक व फर्जी हस्ताक्षर के जरिए करोड़ों रुपये की धनराशि को ट्रांसफर किए जाने के पांच आरोपियों को चिह्नित कर तलाश शुरू कर दी थी। प्रकरण में अभी कई ऐसे अनसुलझे सवाल हैं, जिनको जानना गठित विशेष पुलिस जांच कमेटी के लिए जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने बैंक प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक की पुलिस कस्टडी रिमांड देने के लिए अदालत में याचिका दायर की। मंगलवार को पुलिस ने 24 घंटे के लिए कस्टडी रिमांड पर ले लिया और बैंक प्रबंधक व सहायक प्रबंधक से गहनता से पूछताछ की। साथ ही गबन प्रकरण की शुरुआती कड़ी को ढूंढने का प्रयास किया।

## शांतिपुरी में बाइक से गिरकर महिला की मौत

**शांतिपुरी:** शांतिपुरी में पक्की सड़क पर बने गड्ढे में बाइक से गिरकर एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे शांतिपुरी नंबर 4 निवासी विमला देवी (40) पत्नी स्व. किशन सिंह कोरंगा सैम मानिक शाह ग्लोबल स्कूल जवाहरनगर से ड्यूटी कर गांव के एक युवक के साथ बाइक पर लिफ्ट लेकर घर जा रही थी।

शांतिपुरी नंबर दो सत्यपुर मार्ग पर पक्की सड़क पर बने गड्ढे में बाइक में जोर का झटका आने से महिला सड़क पर सिर के बल गिर गई। इससे विमला देवी मौके पर ही बेहोश हो गई। हल्द्वानी ले जाने पर जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला के पति की बीमारी के चलते पहले ही मौत हो चुकी है। वह इकलौते अविवाहित पुत्र करन के साथ घर पर रहती थी और स्कूल में फोर्थ क्लास की प्राइवेट नौकरी कर अपने परिवार का खर्च चलाती थी।

### जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने प्रतिनिधियों के साथ 9 विधानसभाओं के प्रस्तावों पर की चर्चा

# मतदेय स्थलों के संशोधित प्रस्ताव भेजे

संवाददाता, रुद्रपुर



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने मतदेय स्थलों के संशोधन, परिवर्तन, परिवर्द्धन प्रस्ताव पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान प्रस्तावों पर विचार विमर्श के बाद स्वीकृति प्रदान करते हुए संशोधन प्रस्ताव को आयोग भेजा गया।

मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान जनपद के 9 विधानसभाओं में वर्तमान मतदेय स्थल भवन के क्षतिग्रस्त होने अथवा जीर्णक्षीर्ण होने के कारण अन्य भवनों में परिवर्तन के लिए जसपुर में 2, सितारगंज में 1, नानकमत्ता में 2, खटीमा में 2 कुल 7 भवन परिवर्तन प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा वर्तमान मतदेय स्थल भवनों के नाम परिवर्तन अथवा संशोधन होने के फलस्वरूप मतदान स्थल के नाम में सुधार के लिए रुद्रपुर के 2, नानकमत्ता के 4 कुल 6 प्रस्तावों पर विचार-विमर्श हुआ। इसके अलावा गदरपुर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय जयनगर नंबर 3 के कक्ष संख्या-1 में मतदाताओं की संख्या-1502 जो मानक से होने के कारण 237 मतदाताओं को राजकीय इंटर कालेज जयनगर के कमरा नंबर एक में जोड़ने के प्रस्ताव पर विचार-विमर्श के बाद स्वीकृति मिलने पर संसोधन प्रस्ताव आयोग को भेजे गए। इस अवसर पर कांग्रेस के नगर सचिव मनोज कुमार सिंह, आप पार्टी के धर्मेंद्र सिंह, भाजपा के योगेश वर्मा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हंसा दत्त पांडे आदि उपस्थित थे।

# लकड़ी तस्करों ने फिर किया वन टीम पर हमला

### वाहन की टक्कर में डिप्टी रेंजर व वाचर घायल, दो तस्कर दबोचे, खैर की लकड़ी हुई बरामद, बोलेरो सीज की गई

संवाददाता, रुद्रपुर



लकड़ी तस्करों के साथ वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार



बोलेरो व खैर लकड़ी के बरामद गिल्टे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पीपल पड़ाव वन रेंज इलाके में वन विभाग की टीम पर हुई गोलीबारी की घटना के बाद लकड़ी तस्करों ने फिर एक दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए पीछा कर रही वन विभाग की जीप को टक्कर मार दी। इसमें डिप्टी वन रेंजर व वाचर घायल हो गए। हमले के बावजूद वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर दो तस्करों को दबोच लिया, जबकि तीन आरोपी भागने में सफल रहे। टीम ने खैर की लकड़ी सहित बोलेरो गाड़ी को सीज कर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सोमवार की देर रात्रि डेढ़ बजे वन विभाग के डिप्टी रेंजर दीवान सिंह रौतेला अपने बीट वाचर मोहम्मद रफीक के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे। उन्होंने टांडा एवं संजय वन हाईवे पर एक संदिग्ध वाहन को आता हुआ देखा। जब टीम ने रोकना चाहा तो बोलेरो संख्या यूके-06 ई-3429 ने टीम पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। इसके बाद टीम सरकारी जीप से पीछा करने लगी। तभी तस्करों ने सरकारी गाड़ी को टक्कर मार दी। इसमें डिप्टी रेंजर रौतेला व बीट वाचर मोहम्मद रफीक घायल हो गए। इस दौरान गाड़ी से पांच तस्कर कूद कर भागने लगे। इसमें से खटोला दो दिनेशपुर निवासी लखविंदर सिंह उर्फ लक्खा एवं किशन विश्वास को दबोच लिया, जबकि तीन युवक भागने में सफल रहे। इस दौरान टीम ने बोलेरो गाड़ी के अंदर से छह खैर लकड़ी के गिल्टे भी बरामद किए, जबकि घायलों का उपचार कराने के बाद डॉक्टरों ने छुट्टी दे दी। वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गाड़ी को सीज कर दिया है।

### ...तो काट डालते खैर के कई पेड़

**रुद्रपुर** : सोमवार की देर रात्रि जिस वक्त डिप्टी रेंजर रौतेला अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। उस वक्त सरकारी जीप की रोशनी टांडा प्लाट संख्या एक पर पड़ी। जहां लकड़ी तस्कर तेजी के साथ खैर के पेड़ों का कटान कर रहे थे। कई गिल्टे बोलेरो में डाल चुके थे। टीम के आने की भनक लगते ही आरोपियों ने गाड़ी चालू कर भागना शुरू कर दिया। यदि समय पर टीम नहीं पहुंचती तो तस्कर कई पेड़ों को काट चुके होते।

### सोनू गैंग के सक्रिय होने की संभावना

**रुद्रपुर** : हरिपुरा हरसान गूलरभोज के संघी गिरोह के बाद अब जंगलात के इलाके में लकड़ी तस्कर सोनू गिरोह के सक्रिय होने की संभावना है। डिप्टी रेंजर दीवान सिंह रौतेला ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से हुई पूछताछ में पता चला है कि लकड़ी तस्कर गदरपुर के सोनू नाम के तस्कर के लिए काम करते हैं। उसी के इशारे पर खैर की लकड़ियों की कटाई होती है और सोनू ही इसकी बिक्री करता है। पूछताछ के बाद वन विभाग की टीम ने सोनू की तलाश शुरू कर दी है।

### दो हजार से शुरू होती है लकड़ी की बोली

**रुद्रपुर** : वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए लकड़ी तस्कर महज एक मोहरे हैं। यह लोग लकड़ी को काटकर दो हजार रुपये क्विंटल के हिसाब से आगे सप्लाई करते हैं और सरगना इसे अधिकतम सात हजार रुपये क्विंटल के हिसाब से बेच देता है। बरामद खैर की लकड़ी की कीमत एक से डेढ़ लाख के बीच आंकी गई है। जिसकी बाजार में काफी डिमांड भी है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, केस दर्ज

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** क्षेत्र में सोमवार देर रात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। इधर पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



विक्रम।

बरेली (यूपी) जिले में देवरनियां थाने के तहत शरीफ नगर निवासी विक्रम (36) पुत्र मुन्ना लाल हल्द्वानी में पंचायत घर के पास लोनिवि का कार्य करता था। सोमवार की रात वह अपने घर देवरनियां जाने के लिए बाइक से निकला था। इसी दौरान रात करीब 11.30 बजे शांतिपुरी वन विभाग की चौकी के पास पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए विक्रम की बाइक को टक्कर मार दी और फरार हो गया। इसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मृतक के परिवार में पत्नी और पांच बच्चे (चार पुत्रियां और एक पुत्र हैं), जिनका रो-रोकर बुरा हाल है।

### डंपर में फंसकर दूर तक घिसटती गई बाइक

**पंतनगर** : मृतक के पिता मुन्ना लाल ने बताया कि डंपर की टक्कर के बाद बाइक डंपर के पिछले हिस्से में फंसकर दूर तक घिसटती चली गई और अंत में डंपर की नंबर प्लेट टूटकर बाइक में ही फंसी रह गई। डंपर का नंबर यूके 06/सीबी 4876 था। बताया कि इस घटना को पीछे से आ रहे छत्रपाल निवासी ग्राम भुजिया थाना-शीशगढ़ जिला बरेली (यूपी) व अन्य लोगों ने भी देखा है। पुलिस ने इसकी जानकारी होने के बावजूद अज्ञात में केस दर्ज किया है।

### हादसे में युवक की मौत

**जसपुर** : सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। थाना कुंडा क्षेत्र के टीला गांव निवासी 26 वर्षीय सोनू पुत्र हरि सिंह गांव नारायणपुर में अपनी बहन के घर आया था। जब वह बहन के घर से वापस जा रहा था, तभी जसपुर-काशीपुर मार्ग स्थित शिव हरि प्लाईवुड के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# नशे की गोलियों के साथ दंपति दबोचा

संवाददाता, रुद्रपुर/किच्छा

**शिकंजा**

- 2000 नशे की गोलियां व नौ लाख रुपये बरामद
- गाजियाबाद से लाकर करते थे सप्लाई, एक अन्य भी गिरफ्तार

**अमृत विचार:** थाना किच्छा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नशीली गोलियों के साथ दंपति सहित तीन सौदागरों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके कब्जे से भारी मात्रा में नशे की प्रतिबंधित गोलियां सहित लाखों की नकदी भी बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

मंगलवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि प्रदेश को नशा मुक्त बनाने की मुहिम के चलते किच्छा थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि 7 अक्टूबर को त्योहारों के मद्देनजर थाना अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे। इस बीच रेलवे स्टेशन से बंडिया भट्टा की पैदल गश्त के दौरान सूचना मिली कि कुछ लोग प्रतिबंधित नशीली गोलियों की सप्लाई करने की फिराक में हैं और घर के अंदर नशे का व्यापार कर रहे हैं। सूचना के आधार पर जब पुलिस टीम ने घर में दबिश दी तो मौके से महिला सहित तीन आरोपियों को दबोच लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम वार्ड-पांच बंडिया भट्टा निवासी सुरेंद्र उर्फ रिंकू व उसकी पत्नी बलजीत कौर और वीरेंद्र सिंह उर्फ काके बताया। पुलिस ने तलाशी के बाद आरोपियों के कब्जे से 2000 प्रतिबंधित नशे की गोलियां भी बरामद कीं। जब पुलिस ने तलाशी ली तो मौके से 9 लाख रुपये की नगदी भी बरामद हुई।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह नशे की गोलियां गाजियाबाद स्थित एक व्यक्ति से लाते हैं और तराई भाबर में नशे के लती युवाओं को महंगे दामों पर बेचते हैं। पिछले कुछ समय से वह गिरोह बनाकर नशे की गोलियां सप्लाई कर रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### डंपर की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**बाजपुर** : तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आकर बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया। ग्राम मिलक बहादुरगंज स्वार रामपुर (उप्र) निवासी मोहन (40) पुत्र भगवानदास बाइक पर केलाखेड़ा क्षेत्र में स्थित एक बगिया से बेचने के लिए अमरूद खरीदने आ रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच मंगलवार सुबह करीब आठ बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर दोराहा पुलिस क्षेत्रांतर्गत एक ढाबे के नजदीक तेज रफ्तार डंपर चालक ने उसे चपेट में ले लिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को 108 एंबुलेंस वाहन से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। बताया जाता है कि डंपर में साइड डाला था, जोकि अचानक खुलकर बाइक सवार को जा लगा। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

# मनजीत हत्याकांड का एक और आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, जसपुर



जसपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया मनजीत हत्याकांड का दूसरा आरोपी।

**कार्रवाई**

- हत्या के बाद साक्ष्य छुपाने का है आरोप

**अमृत विचार:** पुलिस ने बहुचर्चित मंजीत हत्याकांड के एक और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

शनिवार को कोतवाली अंतर्गत गांव कलिया वाला निवासी किसान मंजीत सिंह की कालिया वाला के पास हाईवे पर रंजिशन गोली मारकर दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने घटनास्थल के पास स्थित सिद्धू ढाबे के मलिक परमजीत सिंह उर्फ डंपी निवासी गांव कल्यानपुर, जसपुर को हत्या के आरोप में 315 बोर के तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने हत्या को छुपाने के आरोप में घटनास्थल के पास स्थित सिद्धू ढाबे के सेफ संदीप सिंह नेगी उर्फ जनपदीप सिंह निवासी डाबरी बल्ली रिखणीखाल पौड़ी गढ़वाल को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर 2 खोखा कारतूस 315 बोर व हत्यारोपी परमजीत उर्फ डम्पी की खून से सनी टीशर्ट बरामद की है। पुलिस ने बताया कि संदीप सिंह, मृतक मंजीत सिंह की हत्या के समय हत्यारोपी होटल मालिक परमजीत सिंह के साथ मौजूद था। होटल मालिक के कहने पर उसके साथ गया था। पुलिस ने बताया कि घटना के समय हत्या आरोपी परमजीत सिंह उर्फ डम्पी अपने साथ कार में होटल के सेफ संदीप सिंह नेगी को बैठाकर ले गया था। संदीप सिंह नेगी के सामने ही परमजीत सिंह ने तमंचे से मंजीत सिंह के सिर में गोली मारकर हत्या की थी। हत्या के बाद परमजीत सिंह के कहने पर संदीप सिंह ने तमंचे के खोखा कारतूस व परमजीत सिंह ने की खून सनी टीशर्ट को छुपा दिया था। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जगदीश ढकरियाल, उपनिरीक्षक केसी आर्य, जावेद मलिक, सौरभ भारती, कांस्टेबल समीर चौहान, कांस्टेबल विपिन चन्द्रा, परविन्द्र सिंह, विकास सैनी शामिल हैं।

**निर्देश** समय पर की जाए बैंक ऋणों की अधिक से अधिक वसूली, ऋणदाता व बैंक के बीच समझौते पर 10 प्रतिशत देना होगा राजस्व

# बैंक प्रबंधक आरसी की सूची का तहसील से करें मिलान

संवाददाता, रुद्रपुर



अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम अशोक कुमार जोशी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बैंक ऋण आरसी व जीएसटी वसूली को लेकर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अशोक कुमार जोशी ने बैंकर्स, राज्यकर अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी बैंक प्रबंधक अपनी आरसी की सूची लेकर तहसील कार्यालयों में जाकर मिलान कर लें। ताकि समय से अधिक से अधिक बैंक ऋणों की वसूली हो सके।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने कहा कि बैंक ऋण आरसी तहसीलों को भेजने के बाद ऋणदाता व बैंक आपसी समझौता करते हैं तो आरसी का 10 प्रतिशत वसूली चार्ज राजस्व विभाग को अनिवार्य रूप से देना होगा। इसके लिए उन्होंने तहसील स्तर पर बैंकों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्यकर, आबकारी, खनन, परिवहन विभाग भी राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी ने सभी विभाग अपनी आरसी का मिलान तहसीलों से करें और आपसी समन्वय बनाते हुए वसूली करें। आरसी में ऋणदाता का नाम व पता स्पष्ट व सही लिखें। ताकि शीघ्रता से वसूली हो सके। उन्होंने तहसीलदारों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने तहसीलों के 10-10 बड़े बकायेदारों की सूची बनाते हुए कड़ाई से वसूली करें। बड़े बकायेदारों की सूची भी तहसीलों में चस्पा करें और उसे नियमित अपडेट भी करें। इस अवसर पर ओसी कलेक्ट्रेट गौरव पांडे, एआरटीओ चक्रपाणी मिश्रा, लीड बैंक अधिकारी एमएस जंगपांगी, तहसीलदार पूजा शर्मा, दिनेश कुटौला, पंकज चंदोला, गिरीश जोशी सहित बैंकर्स उपस्थित थे।

# जयनगर मार्ग पर हादसों का उठाया मुद्दा

**लामबंद**

- पर्वतीय युवा शक्ति समिति ने सौंपा एसपी सिटी को ज्ञापन
- ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई व पार्किंग की मांग की

संवाददाता, रुद्रपुर



एसपी सिटी से मुलाकात करते जयनगर व विजयनगर के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जयनगर-दिनेशपुर मार्ग पर हो रहे सड़क हादसों को लेकर पर्वतीय युवा शक्ति समिति ने एसपी सिटी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने छह सूत्रीय मांगों का मुद्दा उठाते हुए अंकुश लगाने की मांग की। आगाह किया कि यदि उनकी मांगों पर गौर नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा।

मंगलवार को जयनगर-विजयनगर के लोग एसएसपी कार्यालय पहुंचे और एसपी सिटी मनोज कत्याल से मुलाकात की। उनका कहना था कि जयनगर-दिनेशपुर मार्ग सड़क हादसों का सबब बन चुका है। आए दिन ओवरलोड व कैंटर की प्रतिस्पर्धा में राहगीर सड़क हादसों का शिकार हो चुके हैं। उन्होंने एसपी सिटी से पार्किंग यार्ड को तत्काल हटाने, दोषियों पर कार्रवाई व पार्किंग कंपनी की जांच करने, जयनगर रिपोर्टिंग पुलिस चौकी बनाने, मृतक आश्रितों को उचित मुआवजा देने, संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और भारी वाहनों का दिन में प्रवेश वर्जित किए जाने की मांग की। एसपी सिटी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इलाके का मुआयना कर रणनीति बनाई जाएगी। इस अवसर पर कुंवर सिंह नेगी, गोकुल चंद्र, चंद्र शेखर, राम गोपाल, दिनेश पांडे, केशव सिंह, ठाकुर सिंह, योगेश वर्मा, किशोर हल्दार, चारू पांडे आदि मौजूद रहे।

परस्वानां च हरणं परदाराभिमर्शनम्।
सचह्रदामतिशङ्का च त्रयो दोषाः क्षयावहाः॥

दूसरों के धन का अपहरण, पर स्त्री के साथ संसर्ग और अपने हितैषी मित्रों के प्रति घोर अविश्वास ये तीनों दोष जीवन का नाश करने वाले हैं।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण मुद्दा

राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से स्वास्थ्य का मुद्दा बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए स्वास्थ्य के विषय को कतई हल्के से नहीं लिया जा सकता है। भारत में स्वास्थ्य के क्षेत्र में निवेश अभी भी बहुत अधिक नहीं हो रहा है। यही वजह है कि हाल-फिलहाल में भारत की स्वास्थ्य नीति में यह ऐसा मुद्दा बनकर उभरा है, जिस पर सबसे अधिक ध्यान दिया गया है। पिछले दिनों केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा (एनएचए) अनुमान जारी किए हैं। अनुमानों के मुताबिक सकल घरेलू उत्पाद में स्वास्थ्य में सरकारी व्यय की हिस्सेदारी वर्ष 2014-15 के 1.13 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 1.84 प्रतिशत हो गई। जबकि सामान्य सरकारी व्यय की हिस्सेदारी वर्ष 2014-15 के 3.94 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 6.12 प्रतिशत हो गई। यह वृद्धि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता (विशेष रूप से कोविड-19 महामारी की प्रतिक्रिया में) को दर्शाती है। सरकारी स्वास्थ्य खर्च के जो आंकड़े जारी किए गए हैं, वो बताते हैं कि स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश बढ़ाया गया है। आंकड़ों से स्पष्ट है कि इस दौरान सरकारी स्वास्थ्य खर्च (जीएचई) 28.6 प्रतिशत से बढ़कर 48 प्रतिशत हो गया। जीएचई का लगातार बढ़ना भारत की स्वास्थ्य नीति के लिहाज से उपलब्धि है।

गौरतलब है कि सरकारों की तरफ से स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जो भी खर्च किया जाता है, उसका लगभग दो-तिहाई हिस्सा राज्य सरकारों द्वारा और एक-तिहाई हिस्सा केंद्र सरकार द्वारा वहन किया गया है। बढ़ते सरकारी स्वास्थ्य व्यय, कम होते जेब खर्च और बढ़ते सामाजिक सुरक्षा व्यय जैसे प्रमुख संकेतक एक लचीली और समावेशी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का संकेत देते हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र को लगातार सुधारना है, तो स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छता एवं लोगों के लिए आवास उपलब्ध कराने पर ध्यान दिए जाने और इसके लिए पूंजीगत खर्च को बढ़ाने की जरूरत है। राज्यों की सरकारें एवं केंद्र सरकार इस बात पर जोर दें कि देश में सरकारी स्वास्थ्य खर्च में गिरावट नहीं आए। जाहिर है कि ऐसा होने पर ही भारत 2025 तक स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च को जीडीपी के 2.5 प्रतिशत तक पहुंचाने के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल कर सकता है। ऐसा होने पर भारत की सफलता से दुनिया के विकासशील देश सबक लेंगे और भारत द्वारा उठाए गए कदमों को अपने यहां लागू करेंगे। स्पष्ट है कि अगर इस तरह की कोशिशें कामयाब होती हैं तो भारत पूरी दुनिया के सामने एक उदाहरण बनकर उभरेगा।

# जम्मू-कश्मीर: चुनाव परिणामों के निहितार्थ



प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

> जम्मू, पीर पंजाल, चिनाब घाटी, कश्मीर घाटी में पाकिस्तान के सीमावर्ती इलाकों, दक्षिण कश्मीर घाटी में आतंक के गढ़ में मतदाताओं ने अपना एजेंडा साफ कर दिया है। बता दिया है कि दस साल बाद वे पहले से परिपक्व हो गए हैं। उन्हें अपने मुद्दे मालूम हैं और वे अपने हितैषी नेताओं के बारे में बेहतर तरीके से जानते हैं।

खस्ताहाल सड़कें, बदहाल साफ-सफाई, बिजली-पानी की अनियमित आपूर्ति, आवागमन में असुविधा और अव्यवस्था के अलावा शिक्षा और सेहत की बुनियादी सुविधाओं का अभाव जन सामान्य को हर समय उद्वेलित करता है। राजनीतिक तौर पर अवसर मिलने पर नागरिक अपने मताधिकार से इन सुविधाओं की उपलब्धता, निरंतरता और गुणवत्ता पर अपनी सहमति-असहमति प्रकट करता है।

दस साल बाद जम्मू-कश्मीर की 63.88 प्रतिशत यानी दो तिहाई आबादी का जनादेश इसे जाहिर करता है। नतीजे बता रहे हैं कि 5 अगस्त 2019 के बाद बहुप्रचारित नए जम्मू-कश्मीर में सब कुछ नहीं बदला। पुरानी रियासत में सियासत का दो दशक पुराना दौर जारी है। सरकारों और सत्ता को भ्रम हो सकता है, लेकिन जनता मतदान के समय उचित फैसला करती है। अनुच्छेद 370 और 35 ए, पत्थरबाजों की रिहाई, जनसुरक्षा अधिनियम (पीएसए) खत्म करने, सशस्त्र बल विशेषाधिकार (अफस्पा) की वापसी, पाकिस्तान से बातचीत-व्यापार, पीओके का भारत में विलय जैसे राजनीतिक विमर्श के मुद्दे जनहित के कारक नहीं बन पाए। केंद्र सरकार, भाजपा, अंतर्राष्ट्रीय जगत, उपराज्यपाल और अलग-अलग गठबंधन करने वाले सियासी सूरमाओं के लिए स्थिर और स्पष्ट संदेश है।

जम्मू, पीर पंजाल, चिनाब घाटी, कश्मीर घाटी में पाकिस्तान के सीमावर्ती इलाकों, दक्षिण कश्मीर घाटी में आतंक के गढ़ में मतदाताओं ने अपना एजेंडा साफ कर दिया है। बता दिया है कि दस साल बाद वे पहले से परिपक्व हो गए हैं। उन्हें अपने मुद्दे मालूम हैं और वे अपने हितैषी नेताओं के बारे में बेहतर तरीके से जानते हैं। सहूलियतें चाहिए तो निर्णायक जनादेश जरूरी है। अन्यथा जनता से जुड़ी नीतियों को नजरअंदाज करने का खामियाजा भुगतना ही पड़ता है। कश्मीर घाटी में लोगों ने कारोबार और कैरियर की कश्मकश के बावजूद जमात-ए-इस्लामी जैसे कट्टर संगठन को तवज्जो देने के बजाय नेशनल कांफ्रेंस पर ज्यादा भरोसा जताया। दूसरी ओर जम्मू की जनता की जद्दोजहद ने भी भाजपा को चुनाव की जंग नहीं जीतने दी। लोग जानते हैं कि अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद से उपराज्यपाल के नेतृत्व में जो व्यवस्था चल रही थी, उसके पीछे दिशा-निर्देश केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के ही रहे हैं। नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन को शिकस्त देने के लिए बारामुला से निर्दलीय सांसद शेख रशीद की अवामी इत्तेहाद पार्टी और प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के बीच कराए गए समझौते का असर कश्मीर में ही नहीं पड़ा। भाजपा ने कश्मीर घाटी की 47 में से 28 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ा। जम्मू क्षेत्र में डेमोक्रेटिक पीपुल्स आजाद पार्टी के सदर गुलाम नबी आजाद और जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के संस्थापक अल्ताफ बुखारी के साथ पीपुल्स कांफ्रेंस के सज्जाद गनी लोन की चुनाव के समय अनदेखी भी भाजपा को भारी पड़ गई।

> पांच साल से सारा तंत्र ब्यूरोक्रेसी अर्थात नौकरशाही के हाथ में है। कश्मीर के युवाओं ने इसे वोटोक्रेसी का नाम दिया। बेलगाम नौकरशाही से आजिज अवाम ने एकतरफा मन बना लिया था। अब नई सरकार तनातनी के बावजूद उपराज्यपाल, केंद्र सरकार और भाजपा के दावों की सच्चाई जनता को बताएगी। ध्यान रहे। जादू की उम्मीद में भाजपा नेता आम लोगों से जुड़े नहीं। परोक्ष रूप से पार्टी का शासन था।

90 सदस्य वाली विधानसभा में बहुमत के लिए अवाम को भाजपा के नारों, दावों और संकल्प पर विश्वास नहीं हुआ। उन्हें लगा कि सारा प्रचार राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय छवि बनाने के लिए है। औद्योगिक विस्तार के लिए पूंजी निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर आदि पर खर्च के आंकड़े अविश्वसनीय और अवास्तविक हैं। राज्य का दर्जा छीने जाने की कसक तो जम्मू-कश्मीर और लद्दाख तक है। इसकी संवेदनशीलता को ऐसे समझा जा सकता है कि चुनाव नतीजे आने से एक दिन पहले 7 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। याचिका में दो महीने में राज्य का दर्जा बहाल करने के अनुरोध के साथ बताया गया है कि अनुच्छेद-370 खत्म करने की वैधता पर अंतिम फैसले के 11 महीने बाद भी सॉलिसिटर जनरल के आश्वासन के बाद भी केंद्र सरकार ने कुछ नहीं किया।

2014 के विधानसभा चुनाव में पहली बार सर्वाधिक 25 सीटें जीतने वाली भाजपा ने 28 सीटें हासिल करने वाली जम्मू-कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ मिलकर दो बार सरकार बनाई थी। इसके बाद तीसरी बार केंद्र में मंत्री जितेंद्र सिंह और सांसद जुगल किशोर ने आम लोगों की सुनवाई नहीं की। यही कारण रहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में सिर्फ जम्मू संभाग की दो ही सीट पर चुनाव लड़ने के बाद वोटों के प्रतिशत में बड़ी गिरावट आई। पार्टी से इसे समझने में देर हो गई। पूरी ताकत झोंकने के बाद भी भाजपा 2014 की स्थिति में सुधार नहीं कर पाई। भाजपा और मौजूदा केंद्र सरकार दुनिया को कभी भी यह नहीं बता पाएगी कि उसे 370 हटाने का क्या सिला मिला है? केंद्र सरकार ने 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद विदेशी दलों को घाटी में घुमाया था। 16 देशों के प्रतिनिधियों को चुनाव भी दिखाया। बेमेल सरकार में शामिल होने का नुकसान महबूबा मुफ्ती को भी हुआ, बेटी इलतिजा मुफ्ती परंपरागत सीट से हार गई।

पांच साल से सारा तंत्र ब्यूरोक्रेसी अर्थात नौकरशाही के हाथ में है। कश्मीर के युवाओं ने इसे वोटोक्रेसी का नाम दिया। बेलगाम नौकरशाही से आजिज अवाम ने एकतरफा मन बना लिया था। अब नई सरकार तनातनी के बावजूद उपराज्यपाल, केंद्र सरकार और भाजपा के दावों की सच्चाई जनता को बताएगी। ध्यान रहे। जादू की उम्मीद में भाजपा नेता आम लोगों से जुड़े नहीं। परोक्ष रूप से पार्टी का शासन था। फिर भी प्रशासन से वे जनहित के काम ज्यादा नहीं करा पाए। तंत्र पर नियंत्रण में बाहरी लोगों को महत्व, हस्तक्षेप और उनके नीति-नियमों ने भी जनता को पार्टी और प्रशासन के प्रति बेरुखी बरतने के लिए मजबूर कर दिया। 25 लाख युवाओं की अनदेखी और बेरोजगारी के साथ-साथ बेवजह के बयानों ने भी भाजपा की बात बिगाड़ दी। आम आदमी को नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन के दावे ज्यादा भरोसेमंद लगे। एक तरह से अगले पांच साल उन्होंने चुनाव की घोषणा से पहले ही विपक्ष को देने का मन बना लिया था। सत्ता पक्ष इसे परख नहीं पाया। स्थानीय कद्दावर नेताओं को टिकट न देने का प्रयोग किया गया। बाद में चुनाव का प्रबंधन भी दिल्ली से आयातित नेताओं के हाथ में आ गया। टिकट वितरण में मनमानी के साथ ही आर्थिक लाभ लेकर प्रत्याशी बनाने की बातें भी छिपी नहीं रह पाईं।

बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी छोटी-छोटी बातें कैसे बड़ा निर्णय करवा देती हैं, जम्मू-कश्मीर में यह साबित हो गया। केंद्र सरकार और भाजपा के सुरक्षा, स्थिरता, विकास, अनुच्छेद 370 हटाने, राजनीतिक आरक्षण, राज्य के दर्जे की बहाली का वादा जैसे बड़े मुद्दे, बड़े दावे, बड़े वादे सब एक झटके में ध्वस्त हो गए। मतदाताओं ने एक ऐसे गठबंधन को सरकार बनाने का अवसर दे दिया, जिस पर देश विरोधी, पाकिस्तान परस्त, परिवारवाद और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए। पहले दौर में मतदान के आगाज से ही परिणाम का अंदाज लग गया था कि अंजाम क्या हो सकता है। व्यवस्था बदलने के लिए युवाओं में ज्यादा जोश दिखा। नौकरशाही के प्रति आक्रोश दिखा।

आकलन है कि अनुच्छेद 370 हटाने के बाद कि चिंगारी कहीं न कहीं दबी हुई है। बोल नहीं रहे थे, क्योंकि डर अधिक था। भय का आतंक इस कदर हावी रहा कि उन्होंने गली-मोहल्ले, गांव-कस्बों की बुनियादी समस्या उठाने से भी गुरेज किया। विधानसभा चुनाव में उन्हें इन मुश्किलात से सामना करने का साहस मिला। उन्होंने त्रिशंकु विधानसभा बनाने के लिए भाजपा द्वारा अवामी इत्तेहाद पार्टी और जमात-ए-इस्लामी के साथ अघोषित गठबंधन को तरजीह नहीं दी। मतदाताओं को मतदान के समय ही मालूम था कि इंडिया गठबंधन में शामिल दलों को उनके स्पष्ट जनादेश से पूर्ण राज्य के दर्जे की बहाली में विलंब होगा। फिर भी उन्होंने भयमुक्त होने को प्राथमिकता दी।

## प्रसंगवश

# सांस्कृतिक और सांगीतिक विरासत

> इस आयोजन से समाज में एकता और सामूहिकता की भावना प्रबल होती है, जो हमारे सामुदायिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। रामलीला के माध्यम से जीवन में सत्य, धर्म, नैतिकता, कर्तव्य और प्रेम जैसे मूल्य समाज में प्रसारित होते हैं।

इन दिनों देशभर में रामलीलाओं की धूम है। अलग-अलग स्थानों पर भिन्न-भिन्न बोली-भाषाओं और शैलियों में श्रीराम की लीला का मंचन संपूर्ण भारतवर्ष में किया जा रहा है। उत्तराखंड भी इससे अलग नहीं है, परंतु कुछ बातें हैं, जो यहां के रामलीला मंचन को अन्य स्थानों से अलग ही नहीं वरन विशिष्ट बनाती हैं।

रामलीला एक सांस्कृतिक विरासत है, क्योंकि इसमें न केवल धार्मिक आस्था और परंपराएं जुड़ी हैं, बल्कि यह कला, संगीत, नाटक और सामुदायिक जीवन के गहरे आयामों को समेटे हुए है। उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में होने वाला रामलीला का मंचन अनेक तरह के वैशिष्ट्य लिए हुए है और इसे न केवल सांस्कृतिक धरोहर माना जाता है, बल्कि इसे संरक्षित करने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। कुमाऊंनी रामलीला की शैली कालांतर में इतनी लोकप्रिय हुई कि अल्मोड़ा नैनीताल से निकलकर आज न केवल गढ़वाल और तराई सहित संपूर्ण उत्तराखंड वरन उत्तर प्रदेश के अनेक हिस्सों तक भी इसका प्रसार हो गया है। इस शैली में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र को बिना किसी विशेष परिवर्तन के, गेय नाटक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। हालांकि अब कुछ मंचों पर पद्य संवादों के स्थान पर गद्य संवादों (डायलॉग) का भी काफी प्रयोग होने लगा है, परंतु अधिकतर बड़े मंचों पर इसे मूल स्वरूप में ही प्रस्तुत किया जाता है। कुमाऊंनी रामलीला में पारंपरिक संगीत और लोक धुनों से अधिक शास्त्रीय राग आधारित धुनों का प्रयोग होता है, जो क्षेत्रीय संगीत शैली का हिस्सा हैं।



मोहन चंद्र पाठक
रामनगर

इसका संगीत अत्यंत विविधता लिए हुए है। तालों और धुनों का संयोजन इतना विशिष्ट और शोधपरक है कि न केवल भिन्न परिस्थितियों के लिए भावानुरूप रागों का चयन कर धुनें बनाई गई हैं। साथ ही धुनों के संयोजन में पात्रों का भी विचार किया गया है। जैसे कि राक्षसी चौपाई जो कि आक्रामकता लिए हुए होती हैं उसकी धुनें कल्याणी जैसे रागों पर आधारित हैं जबकि राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान आदि पात्रों की चौपाइयों के लिए खम्माच जैसे कोमल भाव लिए रागो का चयन किया गया है। इसके अतिरिक्त भी राग देस, खम्माच, बिहाग, जैजैवंती, भैरवी, मांड, बागेश्वरी आदि लगभग सभी प्रचलित रागों का प्रयोग रामलीला की धुनों के संयोजन में किया गया है। विशेष बात यह है कि ये धुनें अत्यंत प्रभावी होने के साथ ही सरलता लिए हुए होती हैं। यही कारण है कि कुमाऊं क्षेत्र में रामलीला मंचन से जुड़े कलाकार इस संपूर्ण प्रक्रिया में अनायास ही शास्त्रीय संगीत की आधारभूत जानकारी पा जाते हैं और फिर इसके लगभग ठीक कुछ समय बाद में कुमाऊंनी होलियों के गायन की महफिलों का दौर आरंभ हो जाता है और यहां पर सहभागिता से स्वर और ताल की यह प्रारंभिक जानकारी और अधिक पुष्ट होती है। अन्य स्थानों की भांति ही कुमाऊंनी रामलीला में भी तबला, हारमोनियम और ढोलक आदि पारंपरिक वाद्ययंत्रों का प्रयोग होता है। इसके अतिरिक्त पारंपरिक वेशभूषा और अलंकरण से इसका एक विशेष सांस्कृतिक रूप उभरता है। गांव या कस्बे के लोग इसमें विभिन्न भूमिकाओं का निर्वहन करते हैं और हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में इसमें शामिल होता है।

इस आयोजन से समाज में एकता और सामूहिकता की भावना प्रबल होती है, जो हमारे सामुदायिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। रामलीला के माध्यम से जीवन में सत्य, धर्म, नैतिकता, कर्तव्य और प्रेम जैसे मूल्य समाज में प्रसारित होते हैं। रामायण की कथाएं लोगों को धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं और बच्चों से लेकर बड़ों तक को इन मूल्यों के बारे में शिक्षा मिलती है। रामलीला का आयोजन न केवल धार्मिक अनुष्ठान के रूप में, बल्कि एक सांस्कृतिक धरोहर के रूप में भी देखा जाता है। कुल मिलाकर, कुमाऊंनी रामलीला एक धार्मिक नाटक तो है ही साथ ही यह समाज को एकजुट रखने, सांस्कृतिक मूल्यों को संजोने और अगली पीढ़ी को सांस्कृतिक धरोहर हस्तांतरित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसीलिए यह न केवल कुमाऊं, बल्कि पूरे भारत की एक अनमोल सांस्कृतिक विरासत है।

# आम आदमी और समाज का इतिहास



संजय वर्मा
इंदौर

> अजीब बात है हम भारत के लोग कोई ऐसा म्यूजियम नहीं बनाते? और कुछ नहीं तो हमें कम से कम कोरोना का एक म्यूजियम बनाना चाहिए, जो हमारे समय की सबसे बड़ी घटना थी, जिसने हमारे सोचने, जीवन को देखने की नजरिए को किस तरह प्रभावित किया है। यह शायद 100 साल बाद एक बड़ी रिसर्च का मुद्दा होगा, तब आपकी सहेजी अखबारी कतरने, डॉक्टरों के लिखे पर्चे, एक्स रे, फोटोग्राफ्स, यहां तक कि फेसबुक पोस्ट्स भी शायद उस समय के शोधार्थियों को मदद करेंगे।

अमृतसर के पार्टीशन म्यूजियम में एक छोटा सा कोना सिंध के विस्थापितों को मिला है। यहां एक खत रखा है। खत 1948 के शुरुआती दिनों में एक पिता ने अपने बेटे को लिखा है, जो भारत गया है ताकि अपने परिवार को बुला सके। पिता ने खत में उस समय के शहर और समाज के हालात लिखे हैं। खत पढ़ते हुए, लफ्जों के दरम्यान फैली बेचैनी और उस समय के सामाजिक ताने-बाने में हो रहे बदलाव आप तक पहुंचते हैं। सोचिए क्या उस पिता को पता था कि एक दिन उसका एक मामूली खत इतिहास का एक दस्तावेज बन जाएगा?

आज हम जिन चीजों को मामूली समझकर फेंक देते हैं क्या पता कुछ बरसों दशकों बाद इतिहास उनका क्या मोल लगाएगा? इंसान के उलट चीजें समय के साथ पुरानी नहीं ताकतवर हो जाती हैं। सोचिए अगर आपके घर पर दादा का लिखा कोई खत आपको विरासत में मिला होता, जिसमें पानीपत की लड़ाई का जिक्र कुछ इस तरह होता, आदरणीय चाचा जी, आगे समाचार यह है कि इस बार गेहूं की बुवाई में देर हो जाएगी, क्योंकि हमारे पड़ोस के खेत में पानीपत की तीसरी लड़ाई चल रही है।

ये खत इसलिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इतिहास की किताबों में तो बस राजे महाराजाओं की जीवनियां हैं। आम आदमी और समाज का इतिहास तो पुराने संदूकों में रखे खतों, फोटुओं, कपड़ों गहनों और पुराने बर्तनों में पर छपा है, जिसे सहेजना और अगली पीढ़ी को सौंपना हमारी जिम्मेदारी है। अगर इस बात को माने तो हम सब अपनी तरह से इतिहास के क्लर्क हैं, पृथ्वी नामक इस अजायबघर के क्यूरेटर हैं। क्या आपको अपनी इस जिम्मेदारी का एहसास है? मैं कुछ समय पहले हरिद्वार गया था। वहां हमारे खानदानी पंडा जी ने एक बड़ी बेलनाकार पोथी में एक बहुत पुराना पीला कागज दिखाया जिस पर मेरे पिताजी के हस्ताक्षर थे। मैं बचपन से अपने पिता को लगातार फाइलों पर साइन करते देखा था। इतना ज्यादा कि मुझे उनके हस्ताक्षर उनकी शक्ल से भी ज्यादा याद हैं।

मैंने उस सर्पिलाकार रास्ते पर अपनी उंगली उसी रास्ते चलाई जिस तरह उनका पेन चला था। मुझे लगा मैंने उन्हें छुआ। मेरा मन भीगा, तृप्त हुआ। पंडा जी सबके लिए पुरोहित होने के नाते पूज्य हैं, पर मुझ नास्तिक ने उन्हें अपने परिवार के इतिहासकार के रूप में प्रणाम किया दक्षिणा दी। मनुष्य स्मृतियों के सहारे जीता है। स्मृतियों के बिना हम कुछ भी नहीं! डीमेंसिया नाम की बीमारी में आदमी की याददाश्त चली जाती है, फिर उसके हाथ-पैर सर धड़ सब कुछ वही होते हैं, पर फिर भी वह आदमी वह नहीं होता कुछ और हो जाता है। मतलब आदमी और घास-फूस में बस स्मृतियों भर का फर्क है। सोचिए अगर किसी समाज की स्मृतियां चली जाएं तो वह कैसा होगा? इसलिए ही हर आक्रांता पराजित देश के पुस्तकालय में आग लगाता है। उसकी स्मृतियों को मिटाता है। पिछले दिनों मैंने गोवा में एक पुर्तगाली घर का म्यूजियम देखा, जिसमें उन्होंने पुराने पुर्तगाली जीवन के तौर तरीके दिखाए हैं। यूरोप वालों ने हर बड़े वैज्ञानिकों, चिंतकों यहां तक की घटनाओं के लिए अलग-अलग म्यूजियम बनाए हैं। इंग्लैंड के लिवरपूल में मैंने एक पूरा म्यूजियम सिर्फ गुलाम प्रथा पर देखा था।

अजीब बात है हम भारत के लोग कोई ऐसा म्यूजियम नहीं बनाते? और कुछ नहीं तो हमें कम से कम कोरोना का एक म्यूजियम बनाना चाहिए, जो हमारे समय की सबसे बड़ी घटना थी, जिसने हमारे सोचने, जीवन को देखने की नजरिए को किस तरह प्रभावित किया है। यह शायद 100 साल बाद एक बड़ी रिसर्च का मुद्दा होगा, तब आपकी सहेजी अखबारी कतरने, डॉक्टरों के लिखे पर्चे, एक्स रे, फोटोग्राफ्स, यहां तक कि फेसबुक पोस्ट्स भी शायद उस समय के शोधार्थियों को मदद करेंगे। फिलहाल के लिए इस दिवाली की सफाई में निकली पुरानी चीजों को फेंकने से पहले देखिएगा। शायद कोई चीज आप अपनी अगली पीढ़ी को सौंपने के लिए सहेजना चाहें।

## सोशल फोरम

# सपनों का कंगाल सौदागर

मैं कालिकट विश्वविद्यालय जाने के मार्ग में बेंगलुरु एक दिन के लिए रुक गया। मुझे नतिनी से मिलना था। एयरपोर्ट से डेढ़ घंटा दूर एक आईटी हब के पास उसके फ्लैट में जाना था, जहां वह अपनी एक फ्रैंड के साथ रहती है और जॉब करती है। बैंगलुरु इतनी दूर-दूर तक फैल गया है। बहुत ऊंचे नहीं, पर तकनीकी कहारों के चमत्कृत करने वाले आकर्षक कार्यभवन हैं। सुंदर सड़कें हैं। मॉल हैं। फैशन है, पर सड़कों पर एक भी जगह राजनीतिक प्रचार वाले वैसे होर्डिंग, कटआउट नहीं हैं, जैसे दिल्ली, पटना, लखनऊ, कोलकाता में कदम-कदम पर दिखते हैं।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

जैसे-जैसे बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बाजार का विस्तार होगा, टेक्नोलॉजी की लोकप्रियता बढ़ेगी और मोबाइल में नए-नए ऐप आएंगे, लोगों के जीवन से अवकाश के घंटे घटते जाएंगे, उनकी राजनीति में दिलचस्पी घटती जाएगी? क्या अब राजनीति सिर्फ भरपूर अवकाश वालों या निठ्ठल्लों का कारोबार होकर रह जाएगी? अब सामान्यतः लोगों की प्रवृत्ति ही भिन्न है, दुनिया को बदलने की जगह खुद को सुखी और समृद्ध बनाओ। दुनिया बदलने वाले बीच रास्ते में ही सो चुके हैं। ऐसे भी राजसत्ता पर बाजारसत्ता इतनी हावी होती जा रही है, बल्कि राजसत्ता व्यापारियों की इतनी गुलाम होती जा रही है कि टीवी के न्यूज चैनल तथा होर्डिंगों कटआउटों में जितनी राजनीतिक हलचल दिखाई दे। वस्तुतः लोग राजनीति से धीरे-धीरे उदासीन होते जा रहे हैं, जो चिंताजनक है।

अमेरिका सहित पश्चिमी देशों में राजनीतिक समाचारों और अखबारों के प्रति उत्सुकता पहले से काफी घटी है। भारत में वकीलों, शिक्षकों, परंपरागत दफ्तर बाबुओं और अवकाश प्राप्त सज्जनों को छोड़ दें तो खासकर नौजवान अब राजनीतिक समाचारों में दिलचस्पी नहीं लेते। वे इस चिंता में होते हैं कि कैसे जल्दी अमीर बनें। सुबह से रात तक की उनकी भागदौड़ या व्यस्तता भी उन्हें राजनीतिक बयानबाजियों के प्रति बेखबर रखती है। सोचने की जरूरत है, क्या उच्च टेक्नोलॉजी से सुसज्जित बाजार ने राजनीति को पिछवाड़े में फेंक दिया है। क्या अब राजनीति सपनों का एक कंगाल सौदागर है?

-फेसबुक वॉल से

# कांशीराम की बहुजन वैचारिकी



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

> राहुल गांधी जाति जनगणना और आरक्षण की सीमा बढ़ाने की बात कर कांशीराम साहब के विचारों से प्रभावित लगते हैं। समाजवादी पार्टी ने पीडीए के लोगों को आह्वान किया। संविधान और आरक्षण के सम्मान के लिए पीडीए बहुजन समाज का ही दूसरा नाम है।

कांग्रेस की प्रचंड बहुमत से सरकारें बना करती थीं। साम्यवाद और समाजवाद की विचारधाराओं का असर राजनीति से लेकर उत्तर प्रदेश भी अछूता नहीं था, लेकिन राजनीतिक दबदबा तो कांग्रेसियों का ही था। कांग्रेस के साथ सभी धर्म और जाति के लोग थे। देश की आजादी के लिए आंदोलन और देश की स्वतंत्र जनता कांग्रेस का अहसान मानती थी। स्वतंत्रता से पहले भी और बाद भी तेज हवाओं में भी पारखी दृष्टि रखने वाले भी थे, उन्हीं में से एक नाम है मान्यवर कांशीराम का, जो कि वैज्ञानिक की सरकारी नौकरी छोड़ समाज विज्ञानी बन गए।

कांशीराम की पारखी नजरों ने देखा कि देश पर राज करने वाले बहुजनों के साथ न्याय नहीं कर रहे हैं। न राजनीति में, न नौकरी व शिक्षा में। तब वे चुनौती बनकर उभरे और नारा दिया, "वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा नहीं चलेगा"। "जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी"। जैसे नारों ने, सत्ताधारियों को सोचने पर मजबूर कर दिया। पिछड़े दलित साथ होने लगे। सरकारी नौकर आंबेडकर के नारे को मान पे बैक टू सोसाइटी यानी मान्यवर साहब को आर्थिक मजबूती प्रदान करने लगे। तब जन्म हुआ बहुजन राजनीति का आंबेडकर के सपने को साकार किया। कांशीराम ने उत्तर प्रदेश में सरकारें बनाई और पूरे देश के वंचितों के मन में राजा बनने की ललक पैदा की। बिहार और तमिलनाडु में जरूर समाजवाद और पेरियार की राजनीति का असर पहले आ गया था। बाकी हिंदी प्रदेशों से लेकर पंजाब तक बहुजन वैचारिकी प्रसारित होने लगी। अब मान्यवर कांशीराम साहब केवल बहुजन समाज पार्टी के ही नहीं अन्य दलों में भी पोस्टर बैनरों में दिखते थे और बल्कि भाषणों में भी सुने जाते थे। मान्यवर कांशीराम के नाम पर आजाद समाज पार्टी कांशीराम की स्थापना करने वाले अतिशीघ्र ही सफलता पा गए और संसद में प्रवेश पा गए। संसद में चन्द्रशेखर आजाद ने शपथ ग्रहण के दौरान बुद्ध, फुले, आंबेडकर और कांशीराम जी को कोड कर बहुजन वैचारिकी की बाते भी की।



इसी प्रकार राहुल गांधी जाति जनगणना और आरक्षण की सीमा बढ़ाने की बातकर कांशीराम साहब के विचारों से प्रभावित लगते हैं। समाजवादी पार्टी ने पीडीए के लोगों को आह्वान किया। संविधान और आरक्षण के सम्मान के लिए पीडीए बहुजन समाज का ही दूसरा नाम है। सामाजिक परिवर्तन और बहुजन राजनीति के सृजनकर्ता मान्यवर कांशीराम 9 अक्टूबर 2006 को दुनिया को अलविदा कह गए, लेकिन बहुजन राजनीति के केंद्र में सदा जिंदा रहेंगे।

# विकसित भारत की जीत

हरियाणा में जनता जीती है, राज्य जीता है, राष्ट्र जीता है, क्योंकि वहां धर्म, जाति, जाट या नान जाट से इतर राज्य और राष्ट्र के लिए वोट डाला गया। हरियाणा चुनाव के नतीजों ने साबित कर दिया कि दस साल का भाजपा का कुशासन, जातीय जनगणना, संविधान खतरे में है, आरक्षण खत्म हो जाएगा, भाजपा सांप्रदायिक पार्टी है जैसे विपक्ष के अनर्गल आरोपों के बदले हरियाणा की जनता ने भाजपा को विकसित भारत के संकल्प के लिए वोट दिया है।



राकेश शर्मा
निवर्तमान अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

भाजपा ने इस बार पिछली बार से कहीं ज्यादा बेहतर परफॉर्म कर इस बात को पुख्ता किया है कि यदि आप देश, प्रदेश और जनहित में व्यापक निर्णय लेते हैं तब नया भारत आपकी बात को समझकर बग़ैर प्रतिबद्धताओं के निष्पक्ष निर्णय करता है। चुनावी विश्लेषण देखकर महसूस हुआ कि जाट, नान जाट, दलित, मुसलमान, अग्निवीर इत्यादि से हटकर हरियाणा के लिए वोट देकर विकसित भारत के संकल्प को मज़बूत किया है। चुनाव के दौरान जीवन की सबसे बेहतरीन जलेबी खाकर पैक कराकर ले जाने और जलेबी की फैक्ट्री लगाकर एक-एक फैक्ट्री में पचास-पचास हज़ार लोगों को नौकरी देने वाला जुमला भी नहीं चला। कांग्रेसी नेताओं की अंदरघात और भाजपा के नेतृत्व ने एकजुट व एकनिष्ठ होकर यह चमत्कार कर दिखाया है। भाजपा पर हरियाणा की जनता ने विश्वास किया है। एक बार फिर से कांग्रेस प्रवक्ताओं ने अपनी और अपनी पार्टी की खिल्ली उड़ाई, रुदाली की, जब भाजपा की विजय पर कहते सुने गए कि लोकतंत्र हार गया, ईवीएम जीत गया, निर्वाचन आयोग जीत गया, पत्रकारों ने भाजपा को जिता दिया, सेफोलॉजिस्ट ने खेलकर दिया।

कांग्रेस सभी को इस हार के लिए दोष दे रही है। इन्हें नहीं दिख रहा कि विभाजनकारी नीतियां, देश को जातियों, धर्मों, भाषा के आधार पर बंटना राष्ट्र को मंजूर नहीं है। कांग्रेसियों का भ्रष्टाचार, विदेशी शक्तियों से मदद, जेहादियों के आतंक पर चुप्पी का जवाब हरियाणा की जनता ने दे ही दिया है।

# कैकेयी ने राजा दशरथ से मांगे दो वरदान, राम गए वन

## पंतनगर विवि परिसर में हो रही रामलीला में राजा दशरथ के अभिनय ने किया भावविभोर

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** विवि परिसर में उत्तरांचल संगम के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में कैकेयी ने राजा दशरथ से भरत के लिए सिंहासन और राम के लिए 14 वर्ष का वनवास मांग लिया। दशरथ का पात्र निभा रहे उत्तराखंड ग्रामीण बैंक कर्मी विनोद पाठक के अभिनय ने जनसमूह को भावविभोर कर दिया। वेटरिनरी प्राध्यापक डॉ. एके उपाध्याय, डॉ. विजेंद्र शाही, दान सिंह नयाल व भाजपाई विवेक सक्सेना के दीप प्रज्ज्वलन के साथ चौथे दिन की रामलीला का मंचन प्रारंभ हुआ।

इस अवसर पर दुर्गामाता की स्तुति, श्रीराम राज्याभिषेक की तैयारी, इंद्र-सरस्वती संवाद, डुगडुगी वालों के राज्याभिषेक का उद्घोष, मंथरा-कैकेयी संवाद, दशरथ-कैकेयी संवाद, रामवन गमन आदेश, सीता लक्ष्मण को वन जाने की अनुमति, सुमित्रा-लक्ष्मण एवं लक्ष्मण-उर्मिला संवाद आदि लीलाओं का मंचन किया गया। इस दौरान डॉ. पीसी तिवारी, मनोज पांडे, आशीष ढांढ़ा, कुंदन रावत, बहादुर सिंह नेगी, दीपक शर्मा, हरीश नैनवाल आदि मौजूद रहे।


राजा दशरथ के पात्र का अभिनय करते विनोद पाठक। ● अमृत विचार


दिनेशपुर में लीला मंचन में श्री राम से सोने का मृग पकड़ने को कहतीं माता सीता।


काशीपुर में देवभूमि पर्वतीय महासभा की रामलीला में मंचन करते कलाकार।

### खरदूषण वध का किया मंचन

**काशीपुर :** देवभूमि रामलीला मंचन काशीपुर 2024 का आयोजन पर्वतीय शैली में किया जा रहा है। सोमवार रात को कलाकारों द्वारा पंचवटी में राम–लक्ष्मण, सीता, सूर्पनखा, खर दूषण वध, जटायु मोक्ष का मंचन हुआ। कार्यक्रम में रामलीला कमेटी अध्यक्ष बीडी कंडवाल, शीला कंडवाल, संयोजक राजेंद्र बिष्ट, पुष्कर बिष्ट, मनोज पंत, जगत बिष्ट, मनोज रावत, मनोज बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### दिनेशपुर में रावण ने छल से किया सीता का हरण

**दिनेशपुर :** रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रामलीला मंचन के आठवें दिन रावण ने छल से सीता का हरण मंचन किया। कलाकारों द्वारा लीला मंचन से पूर्व गणेश वंदना के बाद प्रभु श्री राम की आरती की गई। तत्पश्चात दिल्ली की संस्कृतिक मंडली ने रंगारंग नृत्य कार्यक्रम पेश कर समा बांध दिया। निर्देशक अशोक चावला के निर्देशन में कलाकारों ने अभिनय किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमेटी अध्यक्ष योगेश मिगलानी व संचालन केके गावा व मांगेराम शर्मा ने किया। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, कमेटी पूर्व अध्यक्ष तरुण कुमार सिंह, जय भवानी जागरण कमेटी अध्यक्ष हरजीत सिंह विर्क, सत्यप्रकाश सिंह, दीपक मक्कड़, अशोक अरोरा, चेतन सुखीजा, अशोक कालड़ा, विकास अरोरा, विशंभर लाल मिगलानी आदि मौजूद रहे।


दिनेशपुर के चक्कीमोड़ में राजा दशरथ की मौत पर विलाप करतीं रानियां।

### राम के वियोग में राजा दशरथ ने त्यागे प्राण

**दिनेशपुर :** आदिवासी रामलीला कमेटी मदपुरी चक्कीमोड़ के तत्वावधान में श्रीआदर्श सरस्वती कला मंडल चंदौसी (यूपी) के कलाकारों ने गणेश वंदना व प्रभु श्री राम की आरती के तत्पश्चात श्री राम के वियोग में राजा दशरथ ने त्यागे प्राण एवं राजा दशरथ के निधन का समाचार सुनकर भरत व शत्रुघ्न अयोध्या लौटने पर विलाप का दृश्य देखकर दर्शक भावुक हो गए। लीला के मंचन के बीच–बीच में हास्य कलाकार पप्पू व अन्य कलाकारों ने नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमेटी अध्यक्ष मोहन सिंह पानू व संचालन राजेंद्र उपाध्याय व राकेश सिंह ने किया। इस मौके पर कमेटी महासचिव लाल सिंह नयाल, नंदराम सिंह, भगत सिंह धर्मशक्तू, कुंवर सिंह, प्रताप सिंह, चंदन सिंह नयाल, श्याम सिंह देऊपा, ब्रजपाल राजपूत, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, गोविंद सिंह चौहान, मोहित चौहान, राजेंद्र सिंह मेहरा, चंद्रमणि देवराड़ी, वीरेंद्र सिंह पवार, कैलाश शर्मा, राजेंद्र सिंह कोरंगा मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


किच्छा में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते रामलीला कमेटी के सदस्य।

### किच्छा में राम-भरत मिलाप की लीला का मंचन

**किच्छा :** नवयुवक कला केंद्र के तत्वावधान में नगर की पुरानी गल्ला मंडी में चल रही रामलीला के छठे दिन भारत मिलाप की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। इससे पूर्व रामलीला मंचन का शुभारंभ कांग्रेस जिला महामंत्री गुलशन सिंधी ने विधिवत फीता काटकर किया। इस दौरान रामलीला कमेटी द्वारा मुख्य अतिथि गुलशन सिंधी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर कमेटी के संरक्षक लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अनुज सक्सेना, रिंकल गुप्ता, अंशुल गंगवार, दुलीचंद, ओम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


जसपुर में आयोजित अभाविप के अभ्यास वर्ग में भाग लेते कार्यकर्ता।

### अभ्यास वर्ग में बताई गई अभाविप की सैद्धांतिक भूमिका

**जसपुर :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दो दिवसीय जिला स्तरीय अभ्यास वर्ग का आयोजन श्रीराम चन्द्र सिंह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में किया गया। अभ्यास वर्ग का शुभारंभ जिला प्रमुख डॉ. शक्ति सिंह राणा, जिला संगठन मंत्री दीपेन्द्र कुल्याल, जिला संयोजक नवनीत कुमार ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वर्ग का मंच संचालन प्रदेश एसएफएस संयोजक करन भारद्वाज ने किया। वर्ग के प्रथम सत्र में एबीवीपी की सैद्धांतिक भूमिका पर प्रवासी कार्यकर्ता नैनीताल विभाग के संगठन मंत्री केशव बिजल वान ने प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में विभाग प्रमुख डॉ. डीगर सिंह ने एबीवीपी के इतिहास को बताते हुए कार्यकर्ताओं को जागरूक किया। तृतीय सत्र में प्रदेश सह कोषाध्यक्ष बलराम प्रसाद और चतुर्थ सत्र में क्षेत्रीय एसएफएस संयोजक कमलेश भट्ट ने संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। संगठन मंत्री केशव बिजलवान ने अभ्यास वर्ग का समापन किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष जसपुर राहुल चौहान, अभिनव कुमार, अनिकेत जोशी, शुभम् कंबोज, पीयूष जोशी, प्राची सारस्वत, हिमानी प्रजापति, नीलांशी कौशिक, पायल थापा, युगता सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर प्रथम

**सितारगंज :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भारत विकास परिषद द्वारा प्रश्न मंच प्रतियोगिता कराई गयी। सीनियर वर्ग में 7 टीम तथा जूनियर वर्ग में 9 टीमों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के सीनियर वर्ग में भैया सुभदीप दास व बहन भावना राणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और जूनियर वर्ग की टीम में भैया वंश सक्सेना और अश्वनी गंगवार ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

### पशुपतिनाथ मंदिर में लगा निशुल्क नेत्र चिकित्सा कैंप

**काशीपुर :** जसपुर खुर्द स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में निशुल्क नेत्र कैंप लगाया गया। इस दौरान कैंप में 100 से अधिक लोगों ने अपनी आंखों का परीक्षण कराया। मंगलवार को नि:शुल्क नेत्र कैंप का आयोजन प्राइम हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया। कैंप में 20 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। जिनका नि:शुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। इस दौरान समिति के अध्यक्ष संजय शर्मा, उपाध्यक्ष दीपक रावत, सचिव जगत सिंह रावत, कैलाश चन्द्र जोशी आदि मौजूद रहे।

## खटीमा में लक्ष्मण ने काटी राक्षसी सूर्पनखा की नाक


खटीमा में आयोजित रामलीला मंचन में लक्ष्मण–सूर्पनखा संवाद का दृश्य।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** सनातन श्री रामलीला मैदान में रामलीला मंचन के छठे दिन सूर्पनखा नासिका छेदन, मेघनाथ दरबार के दृश्य का दर्शकों ने लुत्फ उठाया।

वनवास के समय राक्षसी सूर्पनखा श्री राम एवं लक्ष्मण को देखकर मंत्रमुग्ध हो गई। उधर, क्रोधित लक्ष्मण ने सूर्पनखा की नाक काट दी। इस अवसर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, विकास अग्रवाल, अजय अग्रवाल, राजू श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, दीपक बिष्ट, राधे श्याम गुप्ता, इंद्रेश कुमार, मनोज वाधवा, भगवान दास गुप्ता, विजय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## बाजपुर में केवट ने श्रीराम को पार कराई गंगा

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** नगर की सौ वर्ष पुरानी पायतेवाली श्रीरामलीला में श्रीहरेकृष्ण रासलीला संस्थान श्रीधाम वृंदावन के संचालक रासाचार्य स्वामी देवेंद्र कुमार शर्मा व गोकुल शर्मा (गोपीजी) की अगुवाई में कलाकार धर्मग्रंथों के अनुरूप पुरातन सनातन संस्कृति के तहत सभी मर्यादाओं का ध्यान रखते हुए लीला का मंचन कर रहे हैं।

सोमवार रात श्रीराम के लक्ष्मण व माता सीता के साथ वनगमन की लीला का मंचन हुआ। लीला में दिखाया गया कि भगवान श्रीराम माता जानकी व भाई लक्ष्मण के वनवास पर निकलते हैं। भगवान श्रीराम की भेंट रास्ते में उनके बाल सखा निषादराज से होती है और दोनों मित्र लंबे समय बाद मिलकर अति प्रसन्न होते हैं। पावन गंगा नदी पार करने के लिए वह केवट से कहते हैं। केवट के आग्रह पर श्रीराम उन्हें अपने चरण धोने की आज्ञा देते हैं और गंगा पार जाते हैं। इससे पहले लीला शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय व कमेटी के लोगों ने भगवान श्रीगणेश, लक्ष्मी-नारायण भगवान व श्रीहनुमान जी की पूजा-अर्चना एवं आरती करके किया। इस मौके पर श्रीरामलीला समिति अध्यक्ष सुबोध गुप्ता, महामंत्री ओपी अग्रवाल मौजूद रहे।


बाजपुर में मंचन शुरू होने से पहले संबोधित करते विधायक अरविंद पांडेय।

### अब सब्जी मंडी में ही होगा पुतला दहन

**बाजपुर :** नगर में संचालित पायते वाली श्रीरामलीला मंचन में दहशरा वाले दिन होने वाले रावण पुतले के दहन के लिए जगह की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है, क्योंकि इंटरमीडिएट कालेज प्रबंधन कमेटी ने खेल मैदान देने से साफ इन्कार कर है जिसके चलते अब पुराने स्थान (सब्जी मंडी स्थित रावण दहन स्थल) पर ही मेला व पुतला दहन की तैयारी शुरू कर दी गई है। मंगलवार को एक बार फिर कोतवाल नरेश चौहान के साथ हुई श्रीरामलीला कमेटी के लोगों की बैठक में गहन मंथन के साथ निर्णय लिया गया है जिसमें सुरक्षा को देखते हुए भीड़ को नियंत्रित करने की जरूरी कार्ययोजना भी बनाई जा रही है।

## वर्तमान में खेल का विशेष महत्व

**खटीमा :** पीएमश्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बंडिया में खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ उपनेता प्रतिपक्ष व विधायक भुवन चंद्र कापड़ी और प्रधानाचार्य चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विधायक कापड़ी के कहा कि वर्तमान समय में खेल का विशेष महत्व है। बच्चों को शिक्षा के साथ ही खेलों को भी अहमियत देनी चाहिए। विद्यालय परिसर में झंडारोहण के पश्चात् विविध प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, व्यायाम शिक्षक भी उपस्थित रहे।

## राइंका बढ़ियोंवाला बना चैंपियन

▸▸ दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय पतरामपुर में आयोजित दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज बढ़ियोंवाला चैंपियन व पीएमश्री नेहरू राइंका महुआडाबरा उप चैंपियन रहा। व्यक्तिगत चैंपियनशिप वंशिका, मनीषा व हिमांशु ने जीती।

राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पतरामपुर के खेल मैदान में चल रही एथलेटिक्स स्पर्धा के अंतर्गत दूसरे दिन अंडर 19 बालक बालिकाओं की 3000 दौड़ में राहुल कुमार प्रथम, रिशांक कुमार द्वितीय व अब्दुल गनी तृतीय स्थान पर रहे। मनीषा ने स्वर्ण व उजमा ने रजत पदक जीता। भाला क्षेपण में हिमांशु ने स्वर्ण, आयुष ने रजत व समीर अली ने कांस्य पदक जीता। अंडर-19 हैमर थ्रो में वंश गुप्ता ने स्वर्ण व उपकार सिंह ने रजत पदक जीता। अंडर 17 में रजत कुमार ने गोल्ड व सुमित कुमार ने सिल्वर जीता। अंडर 17 बालकों की 3000 मीटर दौड़ में विशाल प्रथम, प्रिंस ने दूसरा, बालिकाओं में वंशिका ने प्रथम और सपना ने दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का संचालन इब्ने हसन ने किया। प्रधानाचार्य जयवीर सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर संजय वर्मा, हरीश चौहान, राजेश चौधरी, दीपक शर्मा, गजेंद्र चौहान, विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।


जसपुर में प्रतियोगिता के समापन पर पुरस्कार प्राप्त करते विजेता खिलाड़ी।

## शोभायात्रा के लिए व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

**काशीपुर :** नगर निगम की पूर्व पार्षद व भाजपा की जिला उपाध्यक्ष कविता यादव ने मां मनसा देवी की विशाल शोभायात्रा में असामाजिक तत्वों पर सख्ती से नजर रखने की मांग की है। साथ ही साफ-सफाई समेत अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की मांग की है। मंगलवार को नगर आयुक्त विवेक राय को सौंपे ज्ञापन में पूर्व पार्षद व भाजपा की जिला उपाध्यक्ष कविता यादव ने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था व लाइट व्यवस्था दुरुस्त की जाए। उन्होंने बिजली विभाग से भी निवेदन किया कि जिस मार्ग से यह विशाल शोभायात्रा निकलती है उस मार्ग पर झूलते व लटके हुए तारों को भी सही किया जाए।

## अभिनेत्री ईशा ने डांडिया में जमाया रंग

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज में डांडिया नाइट 2024 का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में तीन हजार से अधिक दर्शकों ने भाग लिया। संगीत, नृत्य, गरबा और डांडिया की खूबसूरत प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री ईशा तलवार की उपस्थिति ने कार्यक्रम को खास बना दिया। सोमवार रात को ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज में डांडिया नाइट का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। विशेष अतिथि के रूप में निवर्तमान मेयर ऊषा चौधरी, दीपक बाली, गुंजन सुखीजा, राहुल पैगिया, खिलेंद्र चौधरी, वैभव पांडेय, संदीप सहगल, गगन कंबोज, शिशुपाल रावत ने कार्यक्रम में शिरकत की। सभी विशिष्ट अतिथियों ने ज्ञानार्थी कॉलेज के छात्रों और आयोजकों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान डांडिया और गरबा की पारंपरिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों ने अपनी रंगीन वेशभूषा और नृत्य प्रदर्शन से भारतीय संस्कृति का अद्भुत रूप प्रस्तुत किया। इस दौरान कॉलेज के चेयरमैन संतोष मेहरोत्रा, सचिव शिवानी मेहरोत्रा, प्रतिभा सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर मनोज मिश्रा, सतीश कांडपाल मौजूद रहे।


काशीपुर में ज्ञानार्थी डांडिया नाइट के दौरान डांडिया करती अभिनेत्री ईशा तलवार।

आस्था

बंगाली बाहुल्य क्षेत्रों में महोत्सव कमेटी के तत्वावधान में दुर्गा पूजा महोत्सव का आगाज

## दिनेशपुर में शुरू हुआ दुर्गा पूजा महोत्सव

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** तराई के बंगाली बाहुल्य क्षेत्रों में दुर्गा पूजा महोत्सव कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार सायं काल मां दुर्गा देवी के बोधन के साथ ही दुर्गा पूजा महोत्सव का आगाज हो गया है। सभी पूजा स्थलों पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं के साथ अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं को भव्य रूप से सजाया गया है। दुर्गा पूजा को लेकर बंगाली समुदाय में खास उत्साह है। दुर्गा पूजा महोत्सव के आयोजक कमेटी व पुलिस प्रशासन ने पूरी तैयारियां कर ली हैं।

मंगलवार की सायं काल मां दुर्गा के बोधन के साथ छह दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव का शुभारंभ हो गया। नगर में दुर्गा मंदिर परिसर व हरिचांद- गुरुचांद धर्म मंदिर के अलावा हरिदासपुर, धर्मनगर, जगदीशपुर, कालीनगर, पिपलिया व गूलरभोज में दुर्गा पूजा महोत्सव की कमेटी द्वारा आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। श्री सार्वजनिक शारदीय दुर्गा पूजा कालीनगर अध्यक्ष विक्रम सरकार ने बताया कि श्री सार्वजनिक शारदीय दुर्गा पूजा कमेटी कालीनगर द्वारा 45 वा दुर्गा पूजा महोत्सव में मुख्य पुरोहित उज्जवल चक्रवर्ती के सानिध्य में 9 अक्टूबर को श्री शारदीय दुर्गा देवी का षष्ठी विहत पूजन व सायं काल देवी का आमंत्रण एवं अधिवास, 10 अक्टूबर को मां दुर्गा देवी का नवपत्रिका प्रवेश, स्थापना, सप्तमादि कल्पारंभ व सप्तमी विहित पूजन होगा। 11 अक्टूबर को महाअष्टमी व महानवमी पूजन के बाद हवन यज्ञ के साथ नव पत्रिका व्रत समाप्त होगा। 12 अक्टूबर को शारदीय दुर्गा देवी की दशमी विहित पूजन व दर्पण में विसर्जन किया जाएगा। इस दौरान रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बांग्ला जात्रा गान का आयोजन किया जाएगा। दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारी में महामंत्री हरिचांद मंडल, जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, प्रकाश स्वर्णकार, शेखर मंडल, नारायण चंद्र सरकार, दुलाल चंद्र साहा, योगेश मंडल, डॉ आशीष कुमार, राजकुमार विश्वास, नारायण सरकार, दीपांकर मिस्त्री, तुलसी सरकार, राकेश मिस्त्री, आकाश सरकार आदि सहित कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य जुटे हैं।


कालीनगर में सजाई गईं मां दुर्गा व अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाएं।


खटीमा के खेलड़िया में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


टैगोर नगर में दुर्गा पूजा से पूर्व कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं व अन्य श्रद्धालु।

## महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली

संवाददाता, शक्तिफार्म/खटीमा

**अमृत विचार :** टैगोर नगर में दुर्गा पूजा शुभारंभ से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। बुधवार को षष्ठी पूजा के साथ मां दुर्गा की पांच दिवसीय पूजा का शुभारंभ होगा।

दुर्गा पूजा महोत्सव के शुभारंभ से पूर्व मंगलवार प्रातः बड़ी संख्या में ग्रामीण, श्रद्धालु एवं दर्जनों महिलाएं अपने पारंपरिक परिधानों में टैगोर नगर स्थित दुर्गा मंदिर पहुंचे। इसके बाद मंदिर से कलश यात्रा निकालते हुए सुरेंद्रनगर के बाबा तारकनाथ धाम स्थित गंगा मंदिर पहुंचे। पुरोहित अशोक चक्रवर्ती ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ मां गंगा की पूजा अर्चना की।

कलश यात्रा में पूजा कमेटी अध्यक्ष अशोक मंडल, सुनील विश्वास, रवि मजूमदार, चंद्रकांत दास, सुबल विश्वास, विश्वजीत हालदार, सब्यसाची हालदार, राम मित्र, अमल सरकार, सुशीला सरकार, भारती देवी, सीमा मंडल, लिलिमा मजूमदार, शिखा विश्वास, सरस्वती विश्वास, सुवीर सरकार, असीम हीरा आदि सैकड़ों लोग शामिल थे।

खटीमा के श्री सिद्ध महाकालेश्वर महादेव मंदिर खेलड़िया में दुर्गा पूजा महोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान कलश सजाओ प्रतियोगिता आयोजित हुई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को 11 अक्टूबर को मां भगवती जागरण के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर व्यवस्थापक दिलीप कुमार, संरक्षक अमरजीत सिंह कुशवाहा, ऋषि कुमार, सोनम, अंजलि, करीना, लक्ष्मी, ज्योति, क्रांति, मनीषा, आंचल, काजल, शिवानी, सविता, प्रिया, सलोनी, गीता, प्रीति, रोशनी, आशा, रेनू, सुमन, निशा, सपना, सविता, चांदनी आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा में ऐतिहासिक जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

## रुद्रपुर, बाजपुर व सितारगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को खिलाई मिठाई, शहर के चौराहों पर जमकर आतिशबाजी की

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह एवं किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने इंदिरा कॉलोनी में जश्न मनाया। साथ ही सिंह कॉलोनी में आतिशबाजी कर जलेबी वितरित की गई। मंगलवार देर शाम जीत के जश्न कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान मेयर ने कहा कि हरियाणा में इतिहास बन रहा है। ऐसा पहले कभी नहीं देखा गया। एक ही पार्टी तीसरी बार सरकार बना रही है। इस अवसर पर किसान नेता ठाकुर जगदीश सिंह, जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह, परवेज खान, प्रमोद शर्मा, संदीप अवस्थी, सुशील चौहान, अशोक नेगी, भुवन गुप्ता, ज्ञान सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह बामन, दीपक गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

बाजपुर। हरियाणा में भाजपा की जीत के साथ ही जम्मू कश्मीर में पार्टी की पहले के मुकाबले दमदार सफलता पर यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहीद भगत सिंह चौक पर आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस मौके पर भाजपा नेता राजेश कुमार, मंजीत सिंह राजू, विकास गुप्ता, मंडल अध्यक्ष बिट्टू चौहान, सुशील वर्मा, उमा जोशी, आशीष ठाकुर, अमित चौहान, नरेंद्र चौधरी, सूरज सागर, बिट्टू डब आदि मौजूद रहे। वहीं बरहैनी में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर एवं आतिशबाजी करके खुशी मनाई। इस मौके पर व्यापार मंडल बरहैनी के अध्यक्ष गुलशन कुमार गुल्लू, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, कन्नू जोशी, प्रवीण सिंह, कोमल सैनी, राजेंद्र सैनी, सन्नी आनंद, दिलीप सिंह, हरदीप सिंह, भोला खुल्लर, प्रवीण अरोड़ा, कमल सैनी आदि मौजूद रहे।

सितारगंज। भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा प्रांत में हुई जीत की खुशी जाहिर करने के लिए सभी कार्यकर्ता मुख्य चौक पर एकत्रित हुए। जहां कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण व आतिशबाजी की। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि हरियाणा के किसान, जवान, पहलवान और आमजन मानस ने पार्टी को अपना बहुमत दिया है। इस मौके पर सुखदेव सिंह, मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, महामंत्री राजू नागदली, अमित रस्तोगी, राकेश त्यागी, विजय सलूजा, कुलदीप गंगवार, सुरेश जैन मौजूद रहे।


हरियाणा में जीत की खुशी पर जलेबी खाते निवर्तमान मेयर व अन्य। ● अमृत विचार


बाजपुर के बरहैनी में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


बादशाहपुर विधानसभा के प्रत्याशी को जीत पर बुके देते विधायक शिव अरोरा।

### अरोरा ने दी बादशाहपुर विस के प्रत्याशी को बधाई

**रुद्रपुर** : हरियाणा के बादशाहपुर विधानसभा में राव नरवीर सिंह की ऐतिहासिक जीत हुई है। यहां का प्रभारी विधायक शिव अरोरा को बनाया गया था, जो पिछले काफी समय से वहां डेरा डाले हुए थे। इसी का परिणाम रहा कि प्रत्याशी को 60705 मतों के अंतर से जीत मिली। इसके लिए विधायक ने बादशाहपुर विधानसभा से विजयी हुए प्रत्याशी को शुभकामनाएं दीं।

### भाजपा की जीत पर बाली ने दीं शुभकामाएं



**काशीपुर** : भाजपा नेता दीपक बाली ने हरियाणा में पार्टी को मिली शानदार जीत और चुनावी हैट्रिक बनाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और हरियाणा के भाजपा नेताओं को शुभकामनाएं दी हैं। मंगलवार को जारी बयान में बाली ने कहा है कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिस गर्मजोशी से हरियाणा में चुनाव प्रचार कर कांग्रेस को पीछे धकेल दिया और भाजपा को हाफ सेंचुरी मारकर शानदार हैट्रिक बनाने में काफी मदद मिली जिसके लिए धामी बधाई के पात्र हैं। जम्मू क्षेत्र में भी धामी के चुनाव प्रचार का काफी सकारात्मक प्रभाव रहा।


सितारगंज में जीत का जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप


बाजपुर नगर में रोड तक दुकानें लगाकर बैठे व्यापारियों को हिदायत देती पुलिस।

### यातायात व्यवस्था को लेकर अतिक्रमण हटवाया

**बाजपुर** : नगर की यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने मंगलवार को कोतवाल नरेश चौहान के दिशा-निर्देशों पर अभियान चलाया। इस दौरान पक्की सड़क तक दुकानें सजाकर बैठे व्यापारियों का सामान हटवाया गया। पुलिस ने बेवजह बहसबाजी करने वाले 15 व्यापारियों के 81-पुलिस एक्ट में नकद चालान कर 4 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। साथ ही उन्हें कड़ी चेतावनी भी दी गई कि फिर से व्यवस्था बिगाड़ने की दशा में कोर्ट चालान एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा पुलिस ने अभियान के दौरान मुख्यमार्ग पर खड़े ई-रिक्शा, चार पहिया वाहन चालकों एवं फल इत्यादि के ठेला संचालकों को भी सख्त हिदायत दी। अभियान में एसआई कैलाश चंद्र नगरकोटी, एसआई देवेंद्र मनराल, हेड कांस्टेबल गोविंद प्रसाद, कांस्टेबल जगदीश कोठियाल, अनूपम सिंह आदि शामिल रहे।


किच्छा में भाजपा में शामिल मुस्लिम महिलाओं के साथ भाजपा नेता संजीव सिंह।

### 200 मुस्लिम महिलाओं ने ली भाजपा की सदस्यता

**किच्छा** : भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह के कार्यालय पर मुस्लिम समाज की दर्जनों महिलाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान भाजपा नेता सिंह ने मुस्लिम महिलाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। सामाजिक कार्यकर्ता सबीना सलमानी एवं युवा कार्यकर्ता मुशर्रफ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर आज करीब 200 से अधिक महिलाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। मौके पर दानिश अहमद, गुलशन, शाहाना बेगम, शहनाज बेगम, जीनत, धनंजय सिंह, आमना खातून, विशाल चौहान, योगेंद्र कश्यप, ब्रह्मानंद पुरोहित, मुन्ना चौबे, कमलेश दुबे, नवीन सिंह, मोहन कोहली, मुन्ना सिंह, गुलफशा बेगम, शाइस्ता, अंजुमन बेगम, आयशा बेगम आदि मौजूद रहे।

### अग्रसेन जयंती समारोह धूमधाम से संपन्न

**खटीमा** : अग्रवाल महासभा द्वारा अग्रसेन जयंती समारोह इस बार भी उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमरनाथ गोयल ने महाराणा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। श्रद्धा अग्रवाल ने भजन की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। नगर के अग्रसेन धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में छोटे बच्चों की नृत्य एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजयी प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में कोरियोग्राफर रोनित कुमार, अंकित कुमार व शिक्षिका काजल मेहरा सम्मिलित रहे। जगदीश प्रसाद गोयल, सुधीर अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, गौरी शंकर अग्रवाल, वासुदेव अग्रवाल ने विशिष्ट अतिथियों के रूप में भागीदारी निभाई। संचालन अमन मारवाड़ी ने किया। कार्यक्रम अध्यक्ष शिवा गुप्ता ने अतिथियों का आभार जताया। अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष महेश मित्तल ने अग्रवाल समाज की उत्तराखंड में राजनैतिक भूमि पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में निकाले गए लकी ड्रा में जूसर मिक्सर ग्राइंडर दिया गया। वहां कमल अग्रवाल सचिव, अजय अग्रवाल कोषाध्यक्ष, रचित अग्रवाल, प्रवीन कंछल, ललित मित्तल, सौमित्र अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, सतीश गोयल, दिनेश अग्रवाल, संतलाल, ईश्वर बंसल आदि मौजूद रहे।


किच्छा में मरीज को फल वितरित करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### कैबिनेट मंत्री के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल

**किच्छा** : शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फल एवं मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर जिला प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना, भाजपा नेता विवेक सक्सेना, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह, भाजपा प्रांतीय सदस्य लता सिंह, विवेक राय, नरेंद्र टाकुली, भूपेंद्र राय, शोभित शर्मा, प्रेमलता चौहान, डॉ ए के गुप्ता, नितेश बाला, जसपाल सिंह, माधुरी बिसेन, शालिनी सिंह, आरती दुबे, मीना शर्मा आदि मौजूद रहे।

### किच्छा के पार्कों में युवाओं ने किया 101 पौधों का रोपण

**किच्छा** : आवास विकास क्षेत्र में युवाओं की टीम ने पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लेते हुए 101 पौधों का रोपण किया। वरिष्ठ समाजसेविका डॉ. संगीता शर्मा की अगुवाई में शेर दिल युवा ग्रुप की टीम ने आवास विकास के तमाम पार्कों में पौधे रोपे। इस मौके पर संगठन अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ, शिशुपाल, मोइन अहमद, राजा, साजिद अहमद, रिजवान अहमद, शाहनवाज, शादाब अहमद, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।


सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते आरएएन के विद्यार्थी। ● अमृत विचार

## आरएएन में रामायण पर दी प्रस्तुति

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** आरएएन पब्लिक स्कूल द्वारा रामायण सद्गुण एवं साहस की यात्रा पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने ऐसी मनमोहक प्रस्तुति दी कि हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक सेवानिवृत्त विंग कमांडर एचके राय, सोनिया झा, ज्योति कुमार, संचालिका मधु राय, निदेशक मोहित राय, निधि राय ने किया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य भावना भनोट ने रामायण एवं साहस की यात्रा विषय कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रामायण पवित्र ग्रंथ है जो हमारे जीवन के मूल्यों, नैतिकता व जीवन शैली का आकार है। साहस, प्रेम और बुराई पर अच्छाई की जीत की कहानी है। वक्ताओं ने कहा कि रामायण हमें असत्य पर सत्य की जीत की प्रेरणा देता है। इस प्रकार के आयोजनों से युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति का बोध होता है। इस दौरान विजेताओं को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया।

## विज्ञान प्रदर्शनी में मयंक पांडे प्रथम

**बाजपुर:** इंटरमीडिएट कॉलेज बाजपुर में आयोजित दो दिवसीय विज्ञान मेले का समापन हो गया है। मंगलवार को विभिन्न गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए।

विज्ञान प्रदर्शनी (सीनियर वर्ग) के विषय खाद्य, स्वास्थ्य व स्वच्छता में मयंक पांडे राइंका बरहैनी प्रथम, अजय बीसीएसएफ चीनी मिल द्वितीय, डोली आदर्श कन्या इंटर कॉलेज तृतीय, परिवहन और संचार में करिश्मा वर्मा आदर्श कन्या प्रथम, कार्तिक राउमावि रेंहटा द्वितीय, सिमरन कौर बरहैनी तृतीय, प्राकृतिक खेती में विशाल राणा इंटर कॉलेज बाजपुर प्रथम, श्रेया कंबोज आदर्श कन्या द्वितीय, हर्ष राइंका सुल्तानपुर पट्टी तृतीय रहे, आपदा प्रबंधन में सिमरन जीजीआईसी बाजपुर प्रथम, हर्षिता गोस्वामी हरिपुरा हरसन द्वितीय, भूमिका पांडे आदर्श कन्या तृतीय, गणितीय प्रतिरोपण तथा संगणात्मक चिंतन में निकिता वर्मन आदर्श कन्या प्रथम, पायल शर्मा जीजीआईसी बाजपुर द्वितीय, तानिया जीजीआईसी बाजपुर तृतीय, कचरा प्रबंधन में रिद्धि गुप्ता आदर्श कन्या प्रथम, सुकन्या राइंका हरिपुरा हरसान द्वितीय, करनजीत बीसीएसएफ चीनी मिल तृतीय, संसाधन प्रबंधन में आदिती पाल आदर्श कन्या प्रथम, शिवम राइंका बन्नाखेड़ा द्वितीय रहे।

## वॉलीबॉल में उपविजेता रही टीम के खिलाड़ियों में रोष

**खटीमा** : हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों ने प्राचार्य डॉ गुरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर वॉलीबॉल विजेताओं के उचित सम्मान और खेल व्यवस्था करने की मांग की है। प्राचार्य सिंह को सौंपे ज्ञापन में अर्जुन नाथ, अमन गुरंग, अमित सिंगवाल, नीरज नाथ, नितिन रस्तोगी, दीपक सामंत, राहुल चंद ने कहा कि कॉलेज की वॉलीबॉल टीम विश्वविद्यालय की खेल प्रतियोगिता में उप विजेता रही है लेकिन उन्हें कोई सम्मान नहीं दिया गया है। उप विजेता टीम को डीए, खेल सामग्री ट्रैक सूट एवं इनाम की राशि नहीं मिली है जिससे खिलाड़ियों में रोष व्याप्त है। उन्होंने खिलाड़ियों को सम्मान और खेल सामग्री मुहैया कराने की मांग की है।


### वर्ग पहेली-216

**बाएं से दाएं**

1. 1. एक मुगल शासक जो अकबर का पिता था 2. भाग्यशाली व्यक्ति।
5. श्रावक धर्मावलंबी, जैन धर्म पर विश्वास करने वाला, जैन मतानुयायी।
6. 1. 'घम-घम' शब्द होना 2. तेज़ आवाज़ करना, गरजना।
9. 1. तरल पदार्थ (जल आदि) को उलीचकर बाहर फेंकना 2. पंक

**ऊपर से नीचे**

2. 1. जिसकी आशा टूट गई हो, उदास, हताश, निराश, नाउम्मीद 2. खिन्न।
3. दरवाज़े के चौखट के नीचे की लकड़ी, देहरी।
4. 1. संसार 2. मर्त्यलोक 3. प्राणीजगत।
7. एक प्रकार का दलहन।
8. 1. कम मात्रा का, अल्प; न्यून, जो परिमाण में कम हो, अल्पलभ्य, कुछ, ज़रा-सा, किंचित 2. अपर्याप्त, आवश्यकता या ज़रुरत से कम या घटकर 3. केवल उतना जितने में कार्य हो जाए।




### वर्ग पहेली -215 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ज़ | | 2 अँ | | | |
| मीं | | 3 जु | 4 बा | द | |
| | 5 ज़ | ली | ल | | 6 आ |
| | | | वा | | ति |
| | 7 घ | रा | ड़ी | | श |
| | | | | | बा |
| 8 फ़ा | इ | न | ल | | ज़ी |

### सुडोकू -129

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 2 | | 7 | | 8 |
| | 2 | | 4 | | | | | |
| 7 | 6 | | 3 | 1 | | | | |
| 2 | | | 1 | | 7 | | 5 | 9 |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 8 | 7 | | 9 | | 3 | | | 4 |
| | | | | 3 | 1 | | 2 | 5 |
| | | | | | 6 | | 3 | |
| 4 | | 1 | | 9 | | | 7 | |

### सुडोकू - 128 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 7 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 6 | 7 | 8 | 2 | 1 | 9 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 | 6 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 3 | 2 | 5 | 1 | 8 | 9 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 अक्टूबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 12.14 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 10 अक्टूबर 05.15 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** : आज प्रेम संबंध काफी संवेदनशील रहेंगे। विदेश यात्रा में परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। मेहनत का उत्तम परिणाम नहीं मिलेगा। रूढ़िवादी विचारों को त्यागें व लचीलापन अपनाएं। नजदीकी संबंधों में कड़वाहट आ सकती है।

**वृष** : आज किसी ही दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से पहले अच्छी तरह से पढ़ लें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राजनीति से जुड़े लोगों को समस्या हो सकती है। आपके निजी खर्चों में अचानक वृद्धि हो सकती है। यात्रा के दौरान परेशानियां होगी।

**मिथुन** : आज बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आप लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। सभी काम समय पर हो जाएंगे।

**कर्क** : आज विवादों में मध्यस्थता करने से आपको बचना चाहिए। बनते कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। परिजनों की चिंता रहेगी। कानूनी मामले अटक सकते हैं।

**सिंह** : आज म्यूचुअल फंड में निवेश करना शुभ नहीं है। आपके ऊपर जिम्मेदारियों का दबाव रहेगा। बच्चे माता-पिता की आज्ञा का पालन अवश्य करें। आपके विचारों में नवीनता आएगी, लेकिन फिर भी लोग आपकी बातों से सहमत नहीं होंगे।

**कन्या** : आज कारोबार सामान्य गति से आगे बढ़ता रहेगा। मन में उत्साह भाव कम रहेगा। मन में अनहोनी की आशंका रहेगी। स्वास्थ्य समस्याओं को हल्के में न लें। सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द की शिकायत हो सकती है। नींद भरपूर मात्रा में लें।

**तुला** : आज बॉस आपका उत्साहवर्धन करेंगे। धार्मिक स्थल की यात्रा करने के लिए दिन शुभ है। नए व्यवसाय की योजना बना सकते हैं। सहकर्मी आपसे प्रसन्न रहेंगे। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर नया टाइमटेबल बना सकते हैं।

**वृश्चिक** : आज किसी घनिष्ठ व्यक्ति को लेकर थोड़ी चिंता रहेगी। अपनी बात मनवाने के लिए किसी पर जोर न डालें। आप भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। दार्शनिक विचारों के प्रभाव में हो सकते हैं। आंखों में कुछ समस्या हो सकती है।

**धनु** : आज शारीरिक परेशानियों का निवारण हो सकता है। बॉस आपकी तरफ काफी ध्यान देंगे। पारिवारिक प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नए व्यवसाय को लेकर योजना बना सकते हैं। समाज में आपकी प्रशंसा होगी। किसी के प्रति दुर्भावना न रखें।

**मकर** : आज अचानक खर्च आपको प्रभावित कर सकते हैं। चित्त में व्याकुलता का भाव रहेगा। नए कार्यों की शुरुआत न करें। कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य व व्यवहार थोड़ा नकारात्मक हो सकता है।

**कुंभ** : आज बेरोजगारों को जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। परिवार के साथ उत्तम समय का आनंद लेंगे। जीवनसाथी से मन की बातें शेयर कर हल्कापन महसूस करेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। शत्रु अचानक से सक्रिय हो सकते हैं।

**मीन** : आज अपनी कमियों पर गौर करें और उन्हें दूर करने का प्रयास करें। छोटे बच्चे घर में शोरगुल मचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थी कनफ्यूज हो सकते हैं, किंतु आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा।

### आज की फिल्में

B4U Movies
राज तिलक
सुबह : 10.34
रन
शाम : 05.33

&pictures
शिवम
सुबह : 10.51
जुदाई
रात : 07.30

Sony Pix
पैसिफिक रिम
दोपहर : 12.01
गूसबम्प्स
रात : 09.00

Zee Cinema
सीटीमार
सुबह : 11.36
सूर्या 3
रात : 08.00

Zee Action
सरदार गब्बर सिंह
सुबह : 10.54
जंग
रात : 07.30

**आज की सुपरहिट फिल्म**



जी सिनेमा पर रात :08.00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया।
ऑपरेटर- आपको क्या समस्या है?
पत्नी- मेरे पैर की उंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है।
ऑपरेटर- और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
पत्नी- नहीं, एंबुलेंस तो मेरे पति के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।
ऑपरेटर चुप!

कोयल ने कौवे से पूछा- तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला- बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव-कांव है,
शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?

## सार-संक्षेप

### विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**अल्मोड़ा :** राइंका कमलेश्वर में मंगलवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मौके पर ब्लाक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में दूसरे स्थान प्राप्त करने पर तुषार डंगवाल, वन्य जीव संरक्षण विषय से संबंधित निबंध प्रतियोगिता के विजेता मनजीत सिंह मेहता, पीयूष चंद्र आर्या, नमन मटियान को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। यहां प्रभारी प्रधानाचार्य खजान चंद्र कांडपाल, वन दरोगा इंद्रा गोस्वामी, गोपाल सिंह, संगीता पंत, रेणुका जोशी आदि रहे।

### एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर हुई चर्चा

**अल्मोड़ा :** राजकीय महाविद्यालय शीतलाखेत में मंगलवार को बोधिसत्व व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर चर्चा हुई। मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान के विभाग प्रभारी डॉ. खीमराज जोशी एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर कहा कि देश में समय-समय पर चुनाव होने से देश को आदर्श आचार संहिता के तहत रहना पड़ता है, जिससे विकास संबंधित कार्य प्रभावित होते हैं। एक साथ चुनाव कराए जाने पर विकास कार्यों को गति मिलेगी। यहां डॉ .प्रकाश चंद्र जांगी, प्रो. अनुपमा तिवारी, डॉ. सीमा प्रिया आदि रहे।

### पुलिस टीम ने नशे के खिलाफ किया जागरूक

**बनबसा :** बनबसा में आयोजित रामलीला मंचन के दौरान उपनिरीक्षक मनीष खत्री प्रभारी एसओजी और एएनटीएफ टीम ने लोगों को नशामुक्त भारत अभियान तथा ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान 2025 की जानकारी देकर नशे के खिलाफ जागरूक किया। ई सुरक्षा चक्र अभियान की जानकारी देकर साइबर क्राइम के विरुद्ध जागरूक किया गया। गोरा शक्ति एप, गोरा शक्ति अभियान की जानकारी देकर महिला सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया। लोगों को हेल्पलाइन नंबर 112,108,1930 की भी जानकारी दी गई।


रानीखेत में दुर्गा महोत्सव में मां को छप्पन भोग लगाते मौनी महाराज व भक्त।

### रानीखेत में मां दुर्गा को लगाया छप्पन भोग

**रानीखेत :** 21वे मां दुर्गा पूजा महोत्सव गांधी चौक में विगत रात्रि राम मंदिर के मौनी महाराज के सानिध्य में मां को 56 भोग लगाया गया। प्रसाद वितरण महा आरती के पश्चात भक्तों को किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गुंजन गिरी गोस्वामी व निर्धन बच्चों की मदद करने वाले गौरव भट्ट को भी सम्मानित किया। दुर्गा महोत्सव में भारी संख्या में दुर्धरा क्षेत्र से भक्तजन यहां आकर मां का आशीर्वाद ले रहे हैं। आयोजित कार्यक्रम में अजय कुमार, नीरज तिवारी, गौरव तिवारी, नरेश अग्रवाल, हर्षवर्धन पंत, शेखर पंत रहे।

### छठे नवरात्र पर मां कात्यायनी की पूजा- अर्चना

**अल्मोड़ा :** शारदीय नवरात्र में अल्मोड़ा नगर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित दुर्गा महोत्सवों में हो रहे भजन-कीर्तनों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। मंदिरों में मंगलवार को मां भगवती के छठे स्वरूप कात्यायनी की पूजा की गई। लक्ष्मेश्वर, चौघानपाटा, ढूंगाधारा, राजपुरा, लाला बाजार, गंगोला मोहल्ला, न्यू इंद्रा कॉलेज खत्याड़ी, ऑफिसर कॉलोनी और धारानौला के दुर्गा पंडालों में देर शाम तक भजन-कीर्तनों की धूम मची है। देर रात तक महिलाएं और अन्य लोग भजन-कीर्तन कर रहे हैं। मंगलवार को पंडालों में दुर्गा माता के छष्टम स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना हुई। नगर के न्यू इंद्रा कॉलोनी दुर्गा पंडाल में दिनेश जोशी, राजेश अल्मियां, पूरन सिंह बिष्ट, जगत तिवारी, भुवन बगड़वाल, प्रकाश लोहनी, विनोद भाकुनी रहे।


राइंका गरुड़ाबांज में विज्ञान महोत्सव में मॉडलों का अवलोकन करते अतिथि।

### विज्ञान प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा

**अल्मोड़ा :** राइंका गरुड़ाबांज में मंगलवार को विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा वैज्ञानिकों ने एक से बढ़कर एक माडलों की महोत्सव में प्रदर्शनी लगाई। साथ ही विज्ञान नाटक प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विज्ञान महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी प्रेमा बिष्ट ने किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान आज केवल एक विषय ना होकर दैनिक जीवन की जरूरत बन गया है। मानव जीवन की विभिन्न समस्याओं का निराकरण विज्ञान में ही निहित है। इसलिए विद्यालयों में वैज्ञानिक गतिविधियों को बढ़ावा देना चाहिए। बाल वैज्ञानिकों ने प्रदर्शनी में खाद्य, स्वास्थ्य, संचार, परिवहन संचार, प्राकृतिक खेती, आपदा प्रबंधन, गणितीय प्रतिरूण, कचरा प्रबंधन, संसाधन प्रबंधन पर आधारित आधारित प्रोजेक्ट तैयार कर अपनी प्रतिभा दिखाई। जिसमें अलग-अलग वर्ग में सुनीता, बबीता, तेज सिंह, लता पांडे, रवि, सपना, नितिन प्रसाद ने बाजी मारी। यहां प्रधानाचार्य त्रिवेन्द्र सिंह, जीवन लाल साह, नितेश कांडपाल, रेखा जोशी, मोनिका वर्मा, मेघा मनराल, गौरव डालाकोटी, संदीप गोस्वामी, हेम पंत, सुरेश आर्या रहे।

### प्रो. जोशी विशेषज्ञ के रूप में देंगे सेवाएं

**अल्मोड़ा :** सोबन सिंह जीना परिसर के विभागाध्यक्ष चित्रकला प्रो. शेखर जोशी गांधी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी एंड मैनेजमेंट डीम्ड विवि बेंगलुरू, हैदराबाद और विशाखापट्टनम में एकेडमिक एक्सपर्ट के रूप में सेवाएं देंगे। उनकी इस उपलब्धि पर विवि कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट समेत तमाम लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

### अस्पताल में गंदगी फैलाने वालों पर करें कार्रवाई: डीएम

**अल्मोड़ा :** मेडिकल कॉलेज के अधीन बेस अस्पताल का मंगलवार को डीएम ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंजीकरण कक्ष, आपातकालीन सेवाएं, वार्ड, ओपीडी, साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अस्पताल में गंदगी पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की और गंदगी फैलाने वालों पर अर्थदंड के साथ कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम आलोक कुमार पांडे ने कहा कि चिकित्सा अधीक्षक अस्पताल का मुखिया होता है, इसलिए अस्पताल की सभी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी भी उनकी ही है। उन्होंने कहा कि अस्पताल की संपति के प्रति अपनापन रखें। उन्होंने मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं देने के निर्देश दिए। इसके अलावा बेस अस्पताल में पानी के टैंक के पास क्षतिग्रस्त दीवार का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इस संबंध में कार्यदाई संस्था को नोटिस जारी कर जवाब तलब करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर जयवर्धन शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार, ईई लोनिवि विभोर गुप्ता आदि रहे।

### अल्मोड़ा में डीडीए के खिलाफ गरजी संघर्ष समिति

**अल्मोड़ा :** जिला विकास प्राधिकरण के विरोध में सर्वदलीय संघर्ष समिति ने गांधी पार्क में धरना दिया। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन में डटे रहने की चेतावनी भी दी। मंगलवार को धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार आम जनता की परेशानी को नजर अंदाज कर रही है। कहा कि डीडीए लागू होने से लोग परेशान हैं। इसके विरोध में सर्वदलीय संघर्ष समिति हर मंगलवार को धरना प्रदर्शन कर डीडीए को वापस लेने की मांग उठा रही है। लेकिन अब तक सरकार की तरफ से इस पर कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई। जिससे जनता की परेशानी बढ़ते जा रही है। लोगों ने एक स्वर में शीघ्र डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं होने पर सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी। यहां निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, हेम चंद्र तिवारी, ललित मोहन पंत, आनंद सिंह बड़गवाल, प्रताप सिंह सत्याल, भारत रत्न पांडे, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, हेम चंद्र जोशी, राबिन भंडारी, प्रत्येश पांडे आदि मौजूद रहे।

---

बागेश्वर डायट में परिवेशीय संसाधन आधारित अनुभवात्मक भौतिकी पर राष्ट्रीय कार्यशाला हुई शुरू

# जॉयफुल लर्निंग की विधि अपनाएं शिक्षक: प्रो. वर्मा

**संवाददाता, बागेश्वर**

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में परिवेशीय संसाधन आधारित अनुभवात्मक भौतिकी पर राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू हो गई है। जिलाधिकारी आशीष भटगांई, पद्मश्री प्रो. एचसी वर्मा व प्रो. हेमवती नंदन पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

साथ ही भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में बागेश्वर का योगदान पुस्तिका का भी विमोचन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि शोध समय की आवश्यकता है तथा कार्यशाला शोध में लाभप्रद होगी। कहा कि नई शिक्षा नीति में शोध को बढ़ावा देने का प्रयत्न किया गया है। उन्होंने कहा कि देश और समाज के विकास के लिए शोध महत्वपूर्ण है। कहा कि राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन जनपद के लिए गौरव की बात है। इससे शिक्षकों व बच्चों को भौतिकी को आसानी से समझने का लाभ मिलेगा। कार्यशाला में पदमश्री प्रो. एचसी वर्मा द्वारा विशेष जानकारियां दी जाएगी जो कि अध्यापकों व बच्चों के लिए लाभदायक होंगी। आर्इआर्इटी कानपुर के पूर्व प्रोफेसर एचसी वर्मा ने कहा कि सरकारी तंत्र और विद्यालयों की रचना में शिक्षक अपरिहार्य होते हैं। देश और शिक्षा के क्षेत्र में जो कुछ भी करना होता है, बिना शिक्षकों के सम्भव नहीं है। कहा कि हमें बच्चों को आनन्ददायक तरीके से पढ़ाने पर फोकस करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जॉय ऑफ लर्निंग एक ऐसा माध्यम से जिससे बच्चे किसी भी चीज को आसानी से समझ सकते हैं। जॉय ऑफ मार्क्स पर उन्होंने कहा कि अच्छे नंबर आने से अच्छा भविष्य तय नहीं होता है। अच्छे भविष्य का अच्छे नंबरों से कोई रिश्ता नहीं है। यह केवल क्षणिक संतुष्टि व अल्पकालिक सुख है। एरीज के वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह ने विज्ञान में शोध एवं नवाचार की आवश्यकता है।

कार्यशाला में मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, प्राचार्य मनोज कुमार पांडेय, प्रो. हेमवती नन्दन पांडेय, डॉ. नरेंद्र सिंह सहित सीएम जोशी, बीडी पांडे, रुचि पाठक, केपी चंदोला, संदीप जोशी आदि उपस्थित थे। संचालन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राजीव जोशी ने किया।


बागेश्वर में आयोजित कार्यशाला में मौजूद जिलाधिकारी एवं पद्मश्री वर्मा एवं प्रो पांडेय।

### क्विज प्रतियोगिता में अभय और निकिता ने बाजी मारी

**अल्मोड़ा :** राइंका कमलेश्वर में बेसिक और माध्यमिक स्तर की विज्ञान गणित क्विज प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में अभय बिष्ट, मनजीत सिंह ओर आदित्य पालनी ने बाजी मारी। वहीं, सीनियर वर्ग में निकिता आर्या, विनीत कुमार और शिवा डंगवाल अव्वल रहे। यहां अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन के हितेश बिरोड़िया, प्रभारी प्रधानाचार्य खजान चंद्र काण्डपाल, संगीता पंत, रेणुका जोशी, प्रीतिका भटनागर, डॉ. इंद्रा बिष्ट, मोहन चंद्र भट्ट, प्रेमा कैड़ा, ललिता रौतेला, निर्मला लोहुमी, मनोज पाठक, विशाखा रानी, दिव्या उप्रेती, चंद्र शेखर, मनोज जोशी, अंजना नेगी आदि रहीं।

---

# रामलीला मंचन: राम वियोग में दशरथ ने त्यागे प्राण

अल्मोड़ा में पांचवें दिन की रामलीला में दशरथ-सुमंत संवाद का मंचन, पुत्र वियोग में दशरथ मरण का मंचन देख दर्शक हुए भावुक

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा नगर के विभिन्न स्थानों पर रामलीला मंचन जारी है। शुक्रवार रात पांचवें दिन की रामलीला में सुमंत की वन से वापसी, विलाप, दशरथ-सुमंत संवाद और पुत्र वियोग में दशरथ मरण का मंचन देख दर्शक भावुक हो गए।

नगर के राजपुरा, खत्याड़ी, सरकार की आली, नंदा देवी, कर्नाटक खोला, श्री लक्ष्मी भंडार हुक्का-क्लब, धारानौला, एनटीडी में रामलीला मंचन की धूम मची है। रामलीलाओं में सुमंत विलाप, केवट मिलन, दशरथ मरण, श्रवण भक्ति, कैकई-भरत संवाद, चित्रकूट में भरत मिलाप आदि प्रसंगों का मंचन किया गया। रामलीला में कलाकारों के अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। नगर के खत्याड़ी में पांचवे दिवस की रामलीला का शुभारंभ व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सुशील साह ने किया। इस मौके पर यहां कमेटी के अध्यक्ष हर्ष कनवाल, पूर्व प्रधान हरीश कनवाल, आनंद सिंह, देव सिंह, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा, दीपक सिंह, अरूण कनवाल, हरीश नेगी, प्रताप कनवाल समेत अन्य मौजूद रहे।


अल्मोड़ा के नंदादेवी में पात्रों ने रामलीला मंचन में शानदार अभिनय कर खूब तालियां बटोरी। ● अमृत विचार


चित्रेश्वर में आयोजित रामलीला मंचन का दृश्य। ● अमृत विचार

### कहां हैं मेरे प्राण पियारे, कहां हैं राजदुलारे...

**बैरती ( अल्मोड़ा) :** क्षेत्र के चित्रेश्वर में दशरथ-कैकेयी संवाद, राम वनवास और दशरथ विलाप, राम- केवट, निषादराज मिलन, सुमंत विलाप, भरत-कैकेयी संवाद आदि की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावुक कर दिया। राम के पात्र नेहा नेगी के करी क्या हाय कर्ता ने, विपद सब एक दम डारी ... गाने पर कई दर्शकों के आंसू भी छलक उठे। ऐसा ही अभिनय हरिद्वार से आए पान गांव निवासी दशरथ के पात्र प्रकाश पांडेय और कैकेयी के पात्र संतोष मेहरा ने भी किया। सुमंत के पात्र कमल सिंह का अभिनय भी शानदार रहा। इस बार राम, लक्ष्मण, सीता व भरत का अभिनय कर रही बालिकाओं नेहा नेगी, कोमल नेगी, रितु नेगी, भारती बिष्ट व शत्रुघ्न के पात्र नमन मेहरा आदि ने भी उत्कृष्ट अभिनय कर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी है।

### बनबसा में राम- भरत मिलाप की लीला का मंचन हुआ

**बनबसा :** श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मंचन के पंचम दिवस निषाद राज से राम जी की भेंट से लेकर राम भरत मिलाप तक की लीला का मंचन हुआ। पंचम दिवस की रामलीला मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय जोशी रविंद्र पाण्डेय, मनीष खत्री ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। पंचम दिवस रामलीला मंचन में केवट द्वारा भगवान राम को सरयु नदी पार कराना, सुमंत और दशरथ विलाप, दशरथ मरण और राम भरत मिलाप तक की लीला का मंचन हुआ। रामलीला मंचन में दशरथ के पात्र की भूमिका केवल किशोर पाण्डेय, सुमंत प्रकाश गोस्वामी, व्यास की भूमिका में पंडित नीरज जोशी ने लीला का व्याख्यान किया। उधर मां पूर्णागिरी उत्थान समिति गुदमी के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मंचन के पंचम दिवस भगवान राम के वनवास से लेकर वन में राम-भरत मिलाप तक की लीला का मंचन किया गया।

### ज्ञानखेड़ा व गांधी मैदान में राम वनवास व केवट प्रसंग का मंचन

**टनकपुर अमृत विचार :** ज्ञानखेड़ा पंचायत भवन में उत्तरांचल रामलीला कमेटी और गांधी मैदान में नवयुवक रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रामलीला के पांचवें दिन कैकेई-मंथरा संवाद, कैकेई-दशरथ संवाद, लक्ष्मण - मंथरा संवाद के साथ ही राम वनवास और केवट प्रसंग तक की लीला का मंचन किया गया। गांधी मैदान में मुख्य अतिथि कपिल भार्गव ने भगवान की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।


टनकपुर गांधी मैदान में कैकेयी-राम संवाद का दृश्य। ● अमृत विचार

---

### 15 साल के किशोर ने छह वर्षीय बच्ची से किया दुष्कर्म

**अल्मोड़ा :** विकासखंड हवालबाग निवासी छह वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। मंगलवार को पीड़िता को मेडिकल के लिए लाया गया। इधर, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक पीड़िता और आरोपी एक ही गांव के रहने वाले हैं।

बताया जा रहा है कि बालिका गांव के पास ही जंगल में मवेशी लेकर गई थी। वहां पहले से मौजूद 15 साल के किशोर ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म किया। परिजनों ने घटना का पता चलने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए अल्मोड़ा महिला अस्पताल लेकर पहुंची। मामले में पुलिस ने आरोपी किशोर के खिलाफ पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पिथौरागढ़ चुंगी का नाम सुभाष चौक करें


सीएम प्रतिनिधि दीपक रजवार को ज्ञापन देते संगठन के कार्यकर्ता।

**संवाददाता, टनकपुर**

**अमृत विचार :** विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर टनकपुर पिथौरागढ़ चुंगी का नाम सुभाष चौक रखने की मांग उठा रहे हैं लेकिन अभी तक कार्रवाई न होने से लोगों में नाराजगी है।

मंगलवार को इंसाफ द पावर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष तिलक राम के नेतृत्व में कार्यकर्ता यहां मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री प्रतिनिधि दीपक रजवार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में टनकपुर पिथौरागढ़ चुंगी का नाम नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर सुभाष चौक रखने की मांग की। कहा कि यदि मांग पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वह अपने संगठन को भंग करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में बलवंत सिंह कुल्याल, किशन लाल, गिरीश कुमार, पुष्कर रहे।

---

उत्तर प्रदेश

## टोल प्लाजा पर किसानों का उत्पात, कई बूम बैरियर तोड़े

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- **योजना बनाकर आए थे आरोपी, सोमवार को दो बार तोड़ा था बूम बैरियर**
- **30-40 लोगों ने टोल प्लाजा पर आकर किया हंगामा, जान बचाते दिखे सुरक्षा गार्ड**

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-बरेली हाईवे पर नियामतपुर इकरोटिया टोल प्लाजा पर मंगलवार को भी किसान यूनियन की टोपी लगाए किसानों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान सुरक्षा में तैनात गार्ड खुद बचते नजर आए।

इस घटना के वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहे हैं। आरोपियों ने टोल प्लाजा पर आठ लेन के बूम बैरियर तोड़ दिए। इन्हें जिस कर्मचारी ने रोकने का प्रयास किया तो उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज भी की। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रबंधक योगेश श्रीवास्तव ने तुरंत मूंढापांडे थाने में फोन किया। पुलिस को आता देख बवाल करने वाले लोग भाग गए थे। टोल प्लाजा पर करीब डेढ़ से दो घंटे तक हुए बवाल के बीच बिना टैक्स अदा किए ही 60 से 70 वाहन निकल गए थे। बवाल होने की सूचना पर टोल प्रबंधन के जीएम प्रवीन जिंदल भी मौके पर पहुंचे थे।

घटना सुबह 11.20 बजे की बताई जा रही है। मुरादाबाद की तरफ से आई तीन-चार कारों में सवार लोग टोल प्लाजा पर उतरे और वहां सफाई कर रहे कर्मी से उलझने लगे। मामला समझने के लिए टोल प्लाजा के अन्य कर्मी भी आ गए। इसी बीच आरोपी उग्र हो गए। स्टाफ कर्मियों से विवाद करने लगे और कुछ लोगों ने कंधे लगाकर 8 लेन के बूम बैरियर भी डैमेज कर दिए। वैसे टोल प्लाजा परिसर में 10 गार्ड थे, लेकिन वह भी आरोपियों को रोक पाने में समर्थ नहीं दिखे। आरोप है कि बूम बैरियर को सुरक्षित करने में लगे कर्मियों को आरोपियों ने मारापीटा भी है। उत्पात करने वाले लोगों की संख्या 30-40 बताई जा रही है। टोल प्रबंधक योगेश श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने पुलिस को फोन किया था। कहा कि अधिकांश लोग हरे रंग की टोपी लगाए थे।

## 154 मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान की छात्रवृत्ति

**संवाददाता, रानीखेत**

**अमृत विचार :** शिव मंदिर परिसर में 21वें छात्रवृत्ति एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर छात्र -छात्राओं सहित 154 मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

मुख्य अतिथि केआरसी कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपने जो पुरस्कार व प्रमाण पत्र हासिल किया है वह शुरुआत है। भविष्य में इससे बड़ा पुरस्कार हासिल करने का प्रयास करें। संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद ने कहा कि शिव मंदिर धर्मशाला समिति द्वारा संस्कृति और शिक्षा के प्रोत्साहन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि छावनी परिषद मुख्य अधिशासी अधिकारी कुनाल रोहिला रहे। समारोह में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा के 9 व इंटरमीडिएट के 17 विद्यार्थियों सहित कुल 154 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति व पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक श्याम सिंह अधिकारी और सुनीता टम्टा को भी सम्मानित किया गया।

### ड्यूटी में लापरवाही पर सिपाही निलंबित

**टनकपुर :** ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने एक पुलिस कर्मी को निलंबित किया है। साथ ही अन्य एक अपर उपनिरीक्षक व एक आरक्षी के विरुद्ध जांच शुरू की गई है। बताया जाता है कि टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण बनलेख बैरियर पर सोमवार को ड्यूटी के दौरान आरक्षी ने टनकपुर की तरफ निर्धारित समयावधि के बाद भी वाहनों को बिना उच्चाधिकारियों की अनुमति के छोड़ा था। एसपी अजय गणपति ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर एक आरक्षी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

## एसिड अटैक पीड़ित छात्रा जशोदा की मौत

**संवाददाता, हसनपुर/रहरा (अमरोहा)**

- **मेरठ में उपचार के दौरान तोड़ा दम**

**अमृत विचार :** गांव के निजी स्कूल की कक्षा आठ की एसिड अटैक पीड़ित छात्रा यशोदा ने 36 घंटे मौत से लड़ने के बाद मंगलवार सुबह दम तोड़ दिया। छात्रा की मौत के बारे में जिसने भी सुना सिर्फ यही आवाज आई कि दरिंदों को फांसी की सजा होनी चाहिए।

हसनपुर तहसील क्षेत्र के रहरा थाना क्षेत्र से करीब सात किलोमीटर दूर पथरा मुस्तकम गांव है। यहां किसान प्रकाश सिंह का परिवार रहता है। उनकी बेटी यशोदा का सोमवार तड़के करीब तीन बजे घर के बाहर हेडपम्प से पानी लेने के दौरान गांव के पिता-पुत्र ने अपहरण कर लिया था। दोनों आरोपी किशोरी का मुंह बंद कर पैदल ही गांव के बाहर ले गए थे। जहां उसके साथ मारपीट कर चेहरे व शरीर पर तेजाब डाल दिया। इससे किशोरी का शरीर झुलस गया और उसके कपड़े भी जल गए थे। किशोरी चीखती हुई अपने घर लौटी और घर आकर बेहोश हो गई। उसे मेरठ के लाला लाजपत राय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि मंगलवार सुबह पीड़िता की मौत हो गई। यशोदा का शव घर पहुंचा तो वहां चीख पुकार मच गई।

### पुलिस कर्मी ने पत्नी और सास को पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिसकर्मी ने विवाद के बाद मायके में रह रही पत्नी और सास को घर में घुसकर पीटा। सुभाषनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सुभाषनगर के नेकपुर रोड मढ़ीनाथ निवासी प्रियंका पांडेय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका विवाह मेरठ के थाना मवाना के गांव खेड़ी मनिहार निवासी चेतन चौधरी के साथ हुआ है। चेतन पुलिस में नौकरी करता है। उनका पति से आपसी विवाद है, जिसका मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है। मुकदमा की वजह से चेतन उससे रंजिश मानता है। सोमवार शाम करीब 7.23 बजे चेतन उनके घर में घुस आया और मां और उनसे गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन- तुलसी 2490, राज श्री 1860, फॉर्चून कि. 2210, रविन्द्रा 2415, फॉर्चून ली. 2030, जय जवान 1975, सचिन 2090, सूरज 2000, अवसर 2100, राग गोल्ड 2175, गृहणी ली 2035, क्लासिक (किलो) 2160, मीर 2170, चक्र टिन 2260, ब्लू 2205, आशीर्वाद मस्टर्ड 2345, स्वास्तिक 2460। किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायन 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150। चावल- (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शरबती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7050, हरी पत्ती (1kg.5kg) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950। दाल दलहन- मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700-13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छोटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, चना कांटा 8850, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12700, मोटा हीरा 14700, अरहर गोला मोटा 13000, अरहर पटका मोटा 13600, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100। चीनी- डालमियां 4180, पीलीभीत 4160, नवाबगंज 4150, बहेड़ी 4160।

# चुनावी नतीजों से बाजार में लौटी रौनक, सेंसेक्स 585 अंक चढ़ा

### छह दिनों से जारी गिरावट पर लगी रोक, निफ्टी ने भी 217 अंक की बनाई बढ़त

- सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार को मिली मजबूती

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजारों में छह दिन से जारी गिरावट पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 585 अंक चढ़ गया। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा।

बीएसई का सेंसेक्स 584.81 अंक यानी 0.72% की बढ़त के साथ 81,634.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 713.28 अंक चढ़ा था। एनएसई का निफ्टी भी 217.40 अंक यानी 0.88% की तेजी के साथ 25,013.15 अंक पर रहा। सेंसेक्स के शेयरों में अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, टाइटन, बजाज फिनसर्व, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, टाटा मोटर्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं।

### एग्जिट पोल के उलट नतीजों से पड़ा सकारात्मक असर

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि गिरावट के बाद निफ्टी-50 को 25,800 के स्तर पर समर्थन मिला। एग्जिट पोल के उलट सत्तारूढ़ दल के लिए अच्छे नतीजों से घरेलू बाजार पर सकारात्मक असर हुआ। बाजार प्रतिभागियों की नजर बुधवार को पेश होने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक पर भी है। मझोली कंपनियों से जुड़ा मिडकैप 1.86 प्रतिशत जबकि स्मॉलकैप 2.44 प्रतिशत मजबूत हुआ। बीएसई की कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7.51 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,59,50,926.21 करोड़ रुपये पहुंच गया। स्टॉकबॉक्स में वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक अमेया रणदिवे ने कहा कि निवेशकों की धारणा पश्चिम एशिया में जारी संकट के साथ विधानसभा चुनावों के नतीजों से प्रभावित हुई।

# सेंसेक्सः भारतीय शेयर बाजार का प्रमुख सूचकांक

सेंसेक्स बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का मुख्य सूचकांक है, जो भारत की 30 बड़ी और महत्वपूर्ण कंपनियों के शेयरों के प्रदर्शन को मापता है। यह फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइजेशन पद्धति का उपयोग करता है, जहां सार्वजनिक रूप से ट्रेड होने वाले शेयरों का मूल्यांकन होता है। सेंसेक्स भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति और निवेशकों की धारणाओं को प्रतिबिंबित करता है। वैश्विक बाजारों, सरकारी नीतियों, ब्याज दरों और वित्तीय घटनाओं से इसमें उतार-चढ़ाव होता है। इसे भारतीय शेयर बाजार की दिशा का प्रमुख संकेतक माना जाता है और निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण गाइड है। आइए इसके बारे में जाने...

### सेंसेक्स कैसे काम करता है

**शेयरों का चयन:** सेंसेक्स में शामिल कंपनियों का चयन कुछ मापदंडों के आधार पर किया जाता है, जैसे:

**बाजार पूंजीकरण:** कंपनियों का मूल्यांकन उनके कुल शेयरों की कीमत के आधार पर किया जाता है।

**लिक्विडिटी:** कंपनियों के शेयरों की कितनी बार कारोबार होता है, यानी उनकी तरलता।

**सेक्टर विविधता:** सेंसेक्स में विभिन्न क्षेत्रों से कंपनियां होती है ताकि यह अर्थव्यवस्था के व्यापक हिस्से को प्रदर्शित कर सके।

**फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइजेशन:** सेंसेक्स का मूल्य फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइजेशन पद्धति पर आधारित है। इसका मतलब है कि केवल उन शेयरों का मूल्यांकन किया जाता है जो जनता के लिए खुले होते हैं और जो प्रमोटर्स या सरकारी संस्थाओं द्वारा होल्ड नहीं किए गए हैं।

**बदलाव और उतार-चढ़ाव:** सेंसेक्स का अंक कंपनियों के शेयरों की कीमतों में होने वाले बदलाव से ऊपर-नीचे होता है। यदि शेयरों की कीमतें बढ़ती हैं, तो सेंसेक्स ऊपर और गिरती हैं तो नीचे जाएगा।

**आर्थिक और वैश्विक कारकों का प्रभाव:** सेंसेक्स पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं का गहरा प्रभाव होता है। भारतीय अर्थव्यवस्था, सरकारी नीतियां, बजट, ब्याज दरों में बदलाव, वैश्विक बाजारों की स्थिति और अन्य घटनाओं का प्रभाव सेंसेक्स पर पड़ता है।

**समय के साथ समायोजन:** समय-समय पर सेंसेक्स की कंपनियों की सूची बदलती रहती है। अगर कोई कंपनी अधिक प्रदर्शन नहीं कर रही है या मार्केट कैप घट रहा है, तो उसे सेंसेक्स से बाहर किया जाता है और दूसरी स्थिर कंपनी को शामिल किया जाता है।



### सेंसेक्स को क्यों देखा जाता है?

**निवेशकों के लिए गाइड:** सेंसेक्स निवेशकों के लिए एक प्रमुख संकेतक होता है कि वे शेयर बाजार में निवेश के समय और उसकी स्थिति का आकलन कैसे करें।

**आर्थिक स्वास्थ्य का पैमाना:** सेंसेक्स भारतीय अर्थव्यवस्था के समग्र स्वास्थ्य का प्रतिनिधित्व करता है। यह दर्शाता है कि कंपनियों के शेयरों की कीमतें समग्र रूप से बढ़ रही हैं या गिर रही हैं।

**सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली कंपनियों का मापन:** इसमें शामिल कंपनियां अपनी फील्ड की प्रमुख कंपनियां होती हैं, जो भारतीय बाजार के बड़े हिस्से को कवर करती हैं।

## हल्द्वानी मंडी

चावल :शरबती- 5600 मसूरी- 5200 बासमती- 9200 परमल- 4000 दाल दलहन :काला चना- 8900 साबुत चना दाल- 9300 मूंग साबुत- 10400 राजमा- 13300- 16200 दाल उड़द- 10500 साबुत मसूर दाल- 9000 मसूर दाल- 8500 उड़द साबुत- 10400 काबुली चना- 12600- 15700 अरहर दाल- 14900 लोबिया/करमानी- 8500 सोयाबीन- 5300 मूंगफली- 11900 मटर (सूखी)- 5900 मक्का- 3800

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 78200 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 77200 |
| सिल्वर (पक्की) | 922 (अनुमानित) |

## आठ शहरों में आवासीय बिक्री में पांच प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** देश के शीर्ष आठ शहरों में जुलाई-सितंबर तिमाही में आवासीय बिक्री में नई पेशकश में कमी तथा कीमतों में तेजी से पांच प्रतिशत की गिरावट आई है। रियल एस्टेट ब्रोकरेज मंच प्रॉपटाइगर डॉट कॉम ने भारत के आवासीय बाजार पर मंगलवार को रियल इनसाइट नामक रिपोर्ट जारी की। प्रॉपटाइगर ऑस्ट्रेलिया की आरईए समूह का हिस्सा है। आरईए इंडिया के पास हाउसिंग डॉट कॉम का स्वामित्व है।

- प्रॉपटाइगर डॉट कॉम ने रियल इनसाइट नामक रिपोर्ट की जारी

रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई-सितंबर में कुल 96,544 इकाइयां बेची गईं, जो 2023 में 1,01,221 इकाइयों से 5% कम है। शीर्ष आठ शहरों में कीमतों में 20% की वृद्धि हुई। केवल दिल्ली (एनसीआर) में मकानों की बिक्री बढ़ी है। दिल्ली-एनसीआर में बिक्री 29% है। अहमदाबाद में 9%, बेंगलुरू में 11%, चेन्नई में 8%, हैदराबाद में 19% और कोलकाता में बिक्री 22% घटी है।

## एक करोड़ टन टिकाऊ विमानन ईंधन का भारत करेगा उत्पादन

**नई दिल्ली।** भारत 2040 तक 80 लाख से एक करोड़ टन टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) का उत्पादन करने की क्षमता पा लेगा लेकिन इसके लिए उसे 70-85 अरब डॉलर निवेश की जरूरत होगी। सलाहकार फर्म डेलॉयट इंडिया की तरफ से मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि 80 लाख-एक करोड़ टन एसएएफ का उत्पादन देश की अनुमानित मांग को पार कर जाएगा। 2040 में विमानन ईंधन में 15% एसएएफ का मिश्रण के अनुरूप 45 लाख टन की जरूरत होगी।

## एनएच पर कई सुविधाएं देने वाली हमसफर नीति की शुरुआत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने किया शुभारंभ, स्वच्छ शौचालय और शिशु देखभाल कक्ष जैसी मिलेंगी सुविधाएं

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को हमसफर नीति की शुरुआत की जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग (नेशनल हाइवे - एनएच) पर स्वच्छ शौचालय और शिशु देखभाल कक्ष जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। हमसफर नीति' में एनएच के किनारे स्थित पेट्रोल पंप स्टेशनों पर स्वच्छ शौचालय, शिशु देखभाल कक्ष, व्हीलचेयर के लिए प्रावधान, ईवी चार्जिंग स्टेशन, पार्किंग स्थल और ठहरने की सुविधाएं शुरू की जाएंगी।

मंत्रालय ने कहा कि यह नीति राजमार्ग का इस्तेमाल करने वाले यात्रियों को सुविधाजनक, सुरक्षित और आनंददायक अनुभव प्रदान करेगी। यह नीति उद्यमियों को सशक्त बनाएगी, रोजगार पैदा करेगी और सेवा प्रदाताओं के लिए आजीविका के अवसर बढ़ाएगी। गडकरी ने आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हमसफर ब्रांड देश के विश्वस्तरीय राजमार्ग नेटवर्क पर यात्रियों और चालकों के लिए अत्यधिक सुरक्षा और आराम का पर्याय बन जाएगा।

## चाय निर्यात 23.79% बढ़ा 14.45 करोड़ किलो पहुंचा

**कोलकाता।** देश का चाय निर्यात इस साल जनवरी से जुलाई के बीच सालाना आधार पर 23.79% बढ़कर 14.45 करोड़ किलो हो गया। चाय बोर्ड के अनुसार, 2023 इसी अवधि में निर्यात 11.67 करोड़ किलो रहा था। निर्यात से प्राप्ति 2024 के पहले सात महीनों में सालाना आधार पर 264.96 रुपये प्रति किलोग्राम से घटकर 256.37 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इस बीच, चाय बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि वाणिज्य मंत्रालय ने चाय उद्योग के विकास और संवर्धन के लिए 664.09 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है।

# राष्ट्रीय

# हरियाणा का परिणाम अप्रत्याशितः खरगे

### कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा- तानाशाही के खिलाफ लड़ाई लंबी है

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- बोले- भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जम्मू के लोगों ने दिया जनमत

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को अप्रत्याशित करार देते हुए मंगलवार को कहा कि कार्यकर्ताओं को निराश होने की ज़रूरत नहीं है, क्योंकि तानाशाही से लड़ाई लंबी है। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने भाजपा की जनविरोधी नीतियों, जनता के अधिकारों का हनन और उत्पीड़न तथा संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जनमत दिया है।

खरगे ने एक्स पर कहा कि हरियाणा का परिणाम अप्रत्याशित है। पार्टी इसका आकलन कर रही है। कार्यकर्ताओं से बात कर पूरी जानकारी लेने और तथ्यों को जांच लेने के बाद पार्टी की तरफ से विस्तृत प्रतिक्रिया आएगी। उन्होंने कहा कि हम हरियाणा के लोगों का कांग्रेस पार्टी को वोट देने के लिए आभार व्यक्त करते हैं। हमारे कर्मठ कार्यकर्ताओं को निराश होने की ज़रूरत नहीं है।

तानाशाही से हमारी लड़ाई लंबी है। खरगे ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेन्स गठबंधन को सेवा का मौका देने के लिए धन्यवाद। नेकां अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और उपाध्यक्ष एवं गठबंधन सरकार के मुखिया, उमर अब्दुल्ला को शानदार जीत की बधाई। खरगे का कहना था कि गठबंधन सरकार आपकी आकांक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेगी।

### निर्वाचन आयोग ने कहाः कांग्रेस के आरोप बेबुनियाद

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश से कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को अद्यतन करने में देरी के उनके बेबुनियाद आरोप को साबित करने के लिए रिकॉर्ड पर कुछ नहीं है। आयोग ने पार्टी के आरोपों को गैर-जिम्मेदाराना, निराधार और अनुचित दुर्भावनापूर्ण विमर्श को गुप्त रूप से विश्वसनीयता प्रदान करने का प्रयास करार दिया। इससे पहले कांग्रेस ने आयोग की वेबसाइट पर हरियाणा के चुनाव नतीजे अद्यतन करने में विलंब का आरोप लगाते हुए आयोग का रुख किया और कहा कि अधिकारियों को सही आंकड़ों के साथ वेबसाइट अद्यतन करने के लिए निर्देश जारी किए जाएं ताकि झूठी खबरों और दुर्भावनापूर्ण विमर्श का मुकाबला किया जा सके। रमेश ने आयोग को पत्र लिखकर यह शिकायत की है। रमेश ने पत्र में कहा कि सुबह 9 से 11 बजे के बीच, वेबसाइट पर परिणामों को अद्यतन करने की गति काफी धीमी थी।

## हरियाणा में पार्टी की हार निराशाजनक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने मंगलवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार को निराशाजनक करार दिया और कहा कि पार्टी को उन लोगों की पहचान करनी चाहिए, जिन्होंने उसे (पार्टी को) सत्ता में लाने के प्रयासों को विफल किया। उन्होंने कहा कि अब नए सिरे से सोचना होगा और चीजें जैसी चल रही हैं, वैसी नहीं चलेंगी। सिरसा से लोकसभा सदस्य सैलजा ने कहा कि नतीजे निराशाजनक हैं। हमारे कार्यकर्त्ता निराश हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को उन लोगों की पहचान करनी चाहिए, जिन्होंने 10 साल बाद पार्टी को सत्ता में लाने के प्रयासों को विफल कर दिया।



# आदित्य, कृष्ण और मम्मन ने दर्ज की जीत

### हरियाणा विस चुनाव

**चंडीगढ़, एजेंसी**

हरियाणा विस चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा के कृष्ण लाल मिड्ढा और फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मम्मन खान ने अपने क्षेत्रों से मंगलवार को जीत हासिल की। चुनाव जीतने वालों में कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला के पुत्र आदित्य सुरजेवाला भी हैं। आयोग की वेबसाइट के अनुसार, जींद से भाजपा विधायक मिड्ढा ने कांग्रेस के महावीर गुप्ता को 15,860 मतों से हराया। वहीं खान ने भाजपा के नसीम अहमद को 98,441 मतों से हराया। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला के बेटे आदित्य सुरजेवाला ने कैथल सीट पर भाजपा विधायक लीला राम को 8,124 मतों से हराया। वहीं खरखौदा से भाजपा के पवन खरखौदा ने कांग्रेस के जयवीर सिंह को हराया। सफीदों सीट पर भाजपा के राम कुमार गौतम ने कांग्रेस के सुभाष गांगोली को हराया।

### विनेश फोगाट ने दी सबको पटखनी

**जींद।** ओलंपिक खिलाड़ी एवं पहलवान विनेश फोगाट ने चुनाव मैदान में सबको पटखनी देते हुए जीत हासिल की है। कांग्रेस उम्मीदवार फोगाट ने जुलाना सीट पर भाजपा के योगेश कुमार को 6,015 मतों के अंतर से हराया। ओलंपिक में पदक से चूकने के बाद विनेश ने खेल से सन्यास लेकर राजनीति का दामन थाम लिया। चुनावी घोषणा के साथ विनेश कांग्रेस में शामिल हुईं और पार्टी ने जुलाना से उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया। जुलाना विनेश का ससुराल है। मतगणना के दौरान कभी अपने प्रतिद्वंदी से आगे और कभी पीछे हुईं विनेश को कुल 65,080 मत मिले, वहीं योगेश को 59,065 मत मिले। आप प्रत्याशी कविता दलाल केवल 1,280 मत ही पा सकीं। इंडियन नेशनल लोकदल और बसपा प्रत्याशी डॉ. सुरेंद्र लाठर ने 10,152 मत और जननायक जनता पार्टी से विधायक रहे अमरजीत ढांडा 2,477 मत पा सके।



जींद : जुलाना से जीतने के बाद समर्थकों का अभिवादन करतीं विनेश फोगाट।

## एक नजर

### वांगचुक को प्रदर्शन की अनुमति पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और अन्य को जंतर-मंतर या अन्य स्थान पर विरोध प्रदर्शन की अनुमति के मुद्दे पर बुधवार को सुनवाई करेगा। याचिका मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार गेडेला के समक्ष तत्काल सुनवाई को उल्लेख हुआ लेकिन पीठ ने बुधवार को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

### आत्महत्या को उकसाने का मामला खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आत्महत्या के लिए उकसाने से संबंधित मामलों में कानून के सही सिद्धांतों को समझने और लागू करने में अदालतों की असमर्थता से अनावश्यक मुकदमों को बढ़ावा मिलता है। न्यायालय ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ लखनऊ की अदालत में लंबित कार्यवाही को रद कर दिया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका पर सुनवाई की।

### वायु प्रदूषण रोकने को उत्सर्जन मानकों का करें पालन

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि उसने दिल्ली सरकार और पड़ोसी राज्यों से उत्सर्जन मानकों और प्रदूषण मानदंडों का सख्ती से अनुपालन करने को कहा है, क्योंकि वाहनों से होने वाले प्रदूषण खराब वायु गुणवत्ता में भारी योगदान देता है।

# कश्मीर घाटी में लोकतंत्र फिर से हुआ जीवित : अमित शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा- लोगों ने बिना दहशतगर्दी और आतंक के अपने प्रतिनिधि चुने, सबसे अधिक मत प्रतिशत मिलने पर जताया आभार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में भाजपा को अधिक मत प्रतिशत मिलने पर जनता का आभार जताते हुए मंगलवार को कहा कि कश्मीर घाटी में अब लोकतंत्र फिर से जीवित हुआ है, क्योंकि लोगों ने बिना दहशतगर्दी और आतंक के अपने प्रतिनिधि चुने हैं।

उन्होंने इस बदलाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी का भी आभार जताया और कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा जम्मू-कश्मीर के विकास और सुरक्षा के लिए संकल्पित है। उन्होंने चुनाव परिणाम आने के बाद एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर को आतंकमुक्त बनाकर देश के अन्य हिस्सों की तरह इसे विकसित बनाना भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मोदी ने जनता से वादा किया था कि भाजपा जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव करवाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे अत्यंत हर्ष है कि 80 के दशक से आतंकवाद के आने के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर की जनता ने इतना पारदर्शी और शांतिपूर्ण चुनाव देखा और बढ़-चढ़कर चुनाव में हिस्सा लिया।

## निर्णायक नतीजों से सबक ले केंद्र सरकार : महबूबा

**श्रीनगर।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि केंद्र को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के निर्णायक फैसले से सबक लेना चाहिए और आगामी नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस सरकार के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। मुफ्ती ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व को उसकी जीत पर बधाई दी और कहा कि उनकी पार्टी रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व को उनकी शानदार जीत के लिए बधाई देती हूं। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा था कि अगर स्पष्ट जनादेश नहीं होगा तो कुछ अनिष्ट होगा। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख ने कहा कि केंद्र को फैसले से सबक लेना चाहिए और सरकार के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।



## भाजपा की जम्मू कश्मीर इकाई के प्रमुख रैना नौशेरा सीट से हारे

**जम्मू, एजेंसी**

- रैना नेकां के सुरिंदर चौधरी से 7,819 मतों के अंतर से हारे

भाजपा ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में मंगलवार को 29 सीट पर जीत दर्ज की, लेकिन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रविंदर रैना राजौरी जिले की नौशेरा सीट पर जीत दर्ज करने में विफल रहे। रैना ने कहा कि उन्होंने जनता के फैसले को स्वीकार कर लिया है।

निर्वाचन आयोग के अनुसार, रैना को 27,250 वोट मिले और वह नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के सुरिंदर चौधरी से 7,819 मतों के अंतर से हार गए। चौधरी को 35,069 मत मिले। रैना ने कहा कि मैंने जनता के फैसले को स्वीकार कर लिया है। मैं उनके समर्थन के लिए उनका शुक्रिया अदा करता हूं। रैना ने भाजपा को समर्थन देने के लिए लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि भाजपा ने रिकॉर्ड 29 सीट पर विजय के साथ अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल की है। हम मतदाताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि नौशेरा निर्वाचन क्षेत्र की हार से हमें झटका लगा है।

## बडगाम के बाद उमर गांदरबल से भी जीते

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में पार्टी के गढ़ गांदरबल से मंगलवार को जीत हासिल की। अब्दुल्ला ने पीडीपी के बशीर अहमद मीर को 10 हजार से ज्यादा मतों से शिकस्त दी। पूर्व मुख्यमंत्री ने बडगाम सीट से भी 18,000 से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की है। गांदरबल में अब्दुल्ला को 32,727 वोट मिले और मीर को 10,574 वोट के अंतर से हराया। मीर को 22,153 मत मिले। नेकां नेता ने 2008 में भी गांदरबल सीट जीती थी और जम्मू-कश्मीर राज्य के मुख्यमंत्री बने थे।

## इंदौर में डिजिटल अरेस्ट कर महिला से 46 लाख रुपये ठगे

**इंदौर (मप्र)।** इंदौर में डिजिटल अरेस्ट कर ठग गिरोह ने 65 वर्षीय महिला से 46 लाख रुपये ठग लिये। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि ठग गिरोह ने 65 वर्षीय महिला को पिछले माह फोन किया और खुद को सीबीआई अधिकारी बताया। ठग ने महिला को झांसा दिया कि नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त, आतंकी गतिविधियों और धन शोधन में एक व्यक्ति ने उसके बैंक खाते का दुरुपयोग किया है और मिलीभगत पर उसके खिलाफ वारंट जारी हुआ है। ठगों ने वीडियो कॉल से महिला को डिजिटल अरेस्ट कर पांच दिन तक फर्जी पूछताछ की। महिला को धमकी दी कि अगर उसने गिरोह के बताए खातों में रकम नहीं भेजी, तो उसे और उसकी संतानों को खतरा है। घबराई महिला ने 46 लाख गिरोह के बताए बैंक खातों में दो किस्तों में भेज दिए।

## अलवर में नकली खाद के 500 कट्टा बरामद

**अलवर।** राजस्थान में अलवर के विजय मंदिर पुलिस थाना अंतर्गत झाडोली गांव में मंगलवार को 500 कट्टा नकली खाद बरामद हुई। बरामद खाद उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से आई थी और बिल्टी देखने पर इसकी दर प्रति बैग 120 रुपये थी। इसकी डिलीवरी पाटन मेवान में ताहिर को देनी थी। यह ताहिर ही यहां से इलाके में किसानों को बेचता है। कृषि अधिकारी सहायक निदेशक राजगढ़ अलवर में कार्यरत बृजेन्द्र गोयम ने इसकी रिपोर्ट सात अक्टूबर को सूचना दर्ज कराई थी।

## अदालत ने कार्यवाही में देरी पर वकीलों को लगाई फटकार

### आबकारी घोटाला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने मंगलवार को आबकारी नीति से जुड़े कथित धनशोधन मामले में आरोपियों की ओर से पेश वकीलों को कार्यवाही में देरी के लिए फटकार लगाई। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने वकीलों द्वारा अदालत को यह न बताए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई कि ईडी द्वारा आरोप-पत्र के साथ सौंपे गए दस्तावेजों की जांच पूरी करने के लिए उन्हें कितना समय चाहिए। आप नेता और सह-आरोपी संजय सिंह सहित कुछ वकीलों ने कहा कि उन्हें प्रक्रिया पूरी करने के लिए 200 दिन चाहिए। कार्यवाही के दौरान आप नेता अरविंद केजरीवाल, संजय सिंह और मामले में अन्य सह-आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये पेश हुए।

# जम्मू कश्मीरः तीन महिला उम्मीदवार विजयी

- भाजपा की एकमात्र महिला उम्मीदवार शगुन परिहार ने दर्ज की जीत

**जम्मू, एजेंसी**

पूर्व मंत्री सकीना मसूद (नेशनल कॉन्फ्रेंस) सहित तीन महिलाओं को इसबार जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीत मिली है। 2014 के चुनाव में सिर्फ दो महिलाएं विधानसभा में पहुंचीं थीं जबकि 2008 में महबूबा मुफ्ती सहित तीन महिलाएं चुनाव जीतीं थीं। भाजपा की एकमात्र महिला उम्मीदवार शगुन परिहार ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सज्जाद अहमद किचलू को हरा दिया है। वह किश्तवाड़ विधानसभा सीट से चुनाव जीती हैं। आयोग के अनुसार कुलगाम जिले की डीएच पोरा सीट पर पूर्व मंत्री सकीना मसूद को 36,623 वोट मिले और उन्होंने गुलजार अहमद डार को 17,449 वोटों के अंतर से हराया। डार को 19,174 वोट मिले। सकीना इससे पहले नूराबाद सीट से 1996 और 2008 में दो बार जीत चुकी हैं।



श्रीनगर : जीत के बाद जश्न मनातीं कांग्रेस और नेकां की महिला समर्थक।

# आईओए को बदनाम करने वालों पर सख्त हूं : उषा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने मंगलवार को सीएजी (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) रिपोर्ट को लेकर कोषाध्यक्ष सहदेव यादव के दावों का खंडन किया कि रिलायंस इंडिया लिमिटेड (आरआईएल) के साथ दोषपूर्ण प्रायोजन समझौते के कारण इस शीर्ष खेल संघ को 24 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

उषा ने यहां जारी बयान में कहा कि यह उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने की एक चाल है। उन्होंने भ्रामक जानकारी देने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी। आईओए से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक डॉ. उषा ने सीएजी रिपोर्ट में सहदेव यादव द्वारा किए गए दावों का जोरदार खंडन किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि उन्होंने आईओए कार्यकारी परिषद की जानकारी के बिना काम किया। उनके अनुसार ये दावे उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने और आईओए को बदनाम करने के जानबूझकर किए गए प्रयास का हिस्सा हैं।

इससे जुड़ी बातचीत का प्रस्ताव नौ सितंबर 2023 को कार्यकारी परिषद के सभी सदस्यों के साथ साझा किया गया था। इसके बाद कार्यवाहक सीईओ ने पांच अक्टूबर 2023 को इससे जुड़े पत्र को आगे बढ़ाया। प्रायोजन समिति का प्रतिनिधित्व करने वाले रोहित राजपाल उन बैठकों में उपस्थित थे जहां प्रायोजन को लेकर चर्चा हुई थी।



- आईओए अध्यक्ष ने आरआईएल के साथ दोषपूर्ण समझौते और यादव के दावों को खारिज कर कानूनी कार्रवाई की दी धमकी

### आरआईएल को मिला इंडिया हाउस का अधिकार

आईओए और आरआईएल के बीच एक अगस्त 2022 के प्रायोजन समझौते की शर्तों के अनुसार आरआईएल को एशियाई खेलों (2022, 2026), राष्ट्रमंडल खेलों (2022, 2026), 2024 पेरिस ओलंपिक और 2028 लॉस एंजिलिस ऑलंपिक के लिए आधिकारिक प्रमुख भागीदार के रूप में आईओए के साथ जुड़ने की अनुमति दी गई थी। समझौते ने आरआईएल को इन खेलों के दौरान 'इंडिया हाउस' बनाने का अधिकार भी दिया। सीएजी की रिपोर्ट में हालांकि कहा गया कि पांच दिसंबर 2023 को एक संशोधित समझौते के जरिए शीतकालीन ओलंपिक खेलों (2026, 2030) और युवा ओलंपिक खेलों (2026, 2030) के अतिरिक्त अधिकार भी आरआईएल को दिए गए।

# हरवंश का शतक, भारत ने 492 बनाए

चेन्नई, एजेंसी

- नित्या पांडे शतक से चूके कार्तिकेय, निखिल और कप्तान सोहम ने लगाए अर्धशतक

हरवंश पंगालिया (117) की शतकीय और नित्या पांडे (94), केपी कार्तिकेय (71), निखिल कुमार (61) कप्तान सोहम पटवर्धन (63) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत की अंडर-19 टीम ने दूसरे टेस्ट मैच में मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 492 का स्कोर खड़ा किया है।

आज यहां चेपक स्टेडियम में भारतीय टीम ने कल के पांच विकेट पर 316 रन से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में तीन रन का इजाफा हुआ था कि ओली पैटरसन ने कप्तान सोहम पटवर्धन (63) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मोहम्मद एनान (26), समर्थ नागराज (20), चेतन शर्मा (शून्य) पर आउट हुए। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये हरवंश पंगालिया शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए 143 गेंदों में सात चौके और छह छक्के लगाते हुए (117) रनों की पारी खेली। अनमोलजीत सिंह 11 रन बनाकर नाबाद रहे। भारतीय अंडर-19 टीम ने 133.3 ओवर में 492 रन बनाये।

इससे पहले कल भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और केवल चार रन के स्कोर पर वैभव सूर्यवंशी (3) आउट होकर वापस पैवेलियन लौट गए। वैभव को होकेस्ट्रा ने ली यंग के हाथों आउट करा ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद विहान मल्होत्रा एवं नित्या पांड्या ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। मल्होत्रा (10) को रामकुमार ने बोल्ड आउट कर दिया। इसके बाद नित्या पंड्या और केपी कार्तिकेय ने तीसरे विकेट के लिए 172 रनों की साझेदारी की।

## खेल डायरी

### विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप 12 से17 नवंबर तक होगी

**मुंबई।** विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप (डब्ल्यूपीसी) 12 से 17 नवंबर तक मुंबई में आयोजित की जाएगी जिसमें दुनिया भर के लगभग 650 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ (एआईपीए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इससे पहले यह प्रतियोगिता वियतनाम और बाली में आयोजित की गई थी जिसमें भारतीय टीमों ने अच्छा प्रदर्शन करके कई पदक जीते थे। आयोजकों के अनुसार मुंबई में होने वाली प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, ताइवान, पोलैंड, सिंगापुर जैसे देशों के लगभग 650 खिलाड़ी भाग लेंगे। एआईपीए के अध्यक्ष अरविंद प्रभु ने इससे पिकलबॉल से जुड़े लोगों को भारत में वैश्विक प्रतिभा देखने का मौका मिलेगा। यह हमारे लिए सभी स्तरों पर खेल के विकास को बढ़ावा देने का भी मौका है। पिकलबॉल टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस के मिश्रण वाला खेल है।

### पाल नौकायन : भारतीय जूनियर्स ने जीते सात पदक

**नई दिल्ली।** पाल नौकायन के भारतीय जूनियर खिलाड़ियों ने ओमान में अंतरराष्ट्रीय रेगाटा मुस्साना रेस वीक में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य सहित सात पदक जीते। लड़कियों के ऑप्टिमिस्ट गर्ल्स अंडर-15 वर्ग में भारत का दबदबा रहा, जिसमें श्रेया कृष्णा लक्ष्मीनारायणन और कोमारवेल्ली लाहारी ने शीर्ष दो स्थान हासिल किए। श्रेया ने 28 अंकों के कुल स्कोर के साथ स्वर्ण जबकि कोमारवेल्ली ने कुल 50 अंकों के साथ रजत पदक जीता। सिंगापुर की टोंग जुआन या ने कांस्य पदक हासिल किया। लड़कों के आईएलसीए-4 अंडर-16 वर्ग में भारत के शशांक बाथम और अक्षत कुमार ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीता। लड़कियों के आईएलसीए-4 अंडर-16 वर्ग में भारत की सौम्या सिंह पटेल और शगुन झा ने क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। भारत की मान्या रेड्डी लड़कियों के आईएलसीए-6 अंडर-19 श्रेणी में मामूली अंतर से स्वर्ण जीतने से चूक गईं।

### मोहन बागान ने एएफसी चैंपियंस लीग दो से वापस लिया नाम

**तबरीज (ईरान)।** ईरान में सुरक्षा स्थिति का हवाला देते हुए भारत के फुटबॉल क्लब मोहन बागान सुपर जायंट ने 2024-25 सत्र के लिए एएफसी चैंपियंस लीग दो (एसीएल 2) से आधिकारिक तौर पर अपना नाम वापस ले लिया है। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने इसकी पुष्टि की है। मोहन बागान ने ईरान में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति हवाला देते हुए यह फैसला किया है। इस मामले को आगे के निर्णयों के लिए संबंधित एएफसी समितियों को भेजेंगे। एएफसी ने एसीएल 2 प्रतियोगिता विनियमों के अनुच्छेद 5.2 का हवाला देते हुए नाम वापस लेने की पुष्टि करते हुए एक बयान जारी किया। शासी निकाय ने आगे कहा कि मोहन बागान एसजी द्वारा खेले गए सभी मैच अब रद्द कर दिए हैं और विनियमों के अनुच्छेद 5.6 के अनुसार शून्य और अमान्य माने जाते हैं। एएफसी ने कहा संदेह से बचने के लिए अनुच्छेद 8.3 के अनुसार ग्रुप ए में अंतिम रैंकिंग निर्धारित करते समय क्लब के मैचों में कोई अंक और गोल ध्यान में नहीं लिया जाएगा।

### आगा सलमान का शतक, पाकिस्तान ने बनाए 556 रन

**मुल्तान।** पाकिस्तान ने मंगलवार को पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन आगा सलामन (नाबाद 104)की शानदार शतक की बदौलत पहली पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 556 रन स्कोर खड़ा किया है। पाकिस्तान ने कल के चार विकेट पर 328 रन से आगे खेले हुए सुबह के 60 रन जोड़े थे कि बाइडन कार्स ने नसीम शाह (33) को आउट कर इंग्लैंड को पांचवीं सफलता दिलाई। इसके बाद मोहम्मद रिजवान (शून्य) को जैक लीच ने पवेलियन भेज दिया। शतक की ओर बढ़ रहे साउद शकील (82) को शोएब बशीर ने रूट के हाथों कैच आउट करा दिया। इसके बाद आमेर जमाल (सात) रन बनाकर आउट हुए। भोजनकाल के बाद 515 में 41 रन और जोड़ कर पाकिस्तान ने अपने दोनों विकेट गवां दिये और उसकी पहली पारी 556 रन पर समाप्त हुई। जैक लीच ने शाहीन शाह अफरीदी (26) को बोल्ड कर इंग्लैंड को नौवीं सफलता दिलाई। इस दौरान आगा सलमान ने अपना पहला टेस्ट शतक बनाया। इसी के साथ उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपने एक हजार रन भी पूरे कर लिये। सलमान ने अपनी (नाबाद 104) रनों की शतकीय पारी खेली। इसके बाद जो रूट ने अबरार अहमद को आउट कर पाकिस्तान की पारी का अंत कर दिया। पाकिस्तान ने 149 ओवर में 556 रन बनाये। इससे पहले कल पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सैम अयूब चार विकेट मिली।

# श्रृंखला में अजेय बढ़त चाहेगी टीम इंडिया

## दबदबा बरकरार रखने उतरेगा भारत, बाजी पलटने की कोशिश करेगा बांग्लादेश

नई दिल्ली, एजेंसी

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना दबदबा बरकरार रखने के लिए मैदान पर उतरेगी। बांग्लादेश की टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके तीन मैच की श्रृंखला को जीवंत बनाए रखने की कोशिश करेगी लेकिन सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने पहले मैच में जिस तरह का प्रदर्शन किया था उसे देखते हुए मेहमान टीम के लिए यह आसान काम नहीं होगा।

ऋषभ पंत, अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को विश्राम दिए जाने के बावजूद भारतीय टीम ने ग्वालियर में पहले मैच में जिस तरह से शुरू से लेकर आखिर तक अपना दबदबा बनाए रखा उससे सीमित ओवरों की क्रिकेट में उसकी मजबूत 'बेंच स्ट्रेंथ' का पता चलता है। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन इस मैच में अपनी चमक बिखेरने के लिए आतुर होंगे। उन्होंने 2015 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता नहीं होने के कारण वह अंदर बाहर होते रहे। सैमसन अमूमन मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हैं लेकिन पहले मैच में उन्होंने पारी का आगाज किया था तथा 19 गेंद पर 29 रन बनाए थे। कप्तान सूर्यकुमार पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि सैमसन श्रृंखला में आगे भी यह भूमिका निभाते रहेंगे। सैमसन और उनके साथ पारी की शुरुआत करने वाले अभिषेक शर्मा पिछले मैच में अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए थे।



**मैच : शाम 7:00 बजे**

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, तिलक वर्मा, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह , हर्षित राणा, मयंक यादव।

**बांग्लादेश:** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तंजीद हसन तमीम, परवेज हुसैन इमोन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह, लिट्टन दास, जाकर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरिफुल इस्लाम , तंजीम हसन साकिब, रकीबुल हसन।

### महमूदुल्लाह ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के अनुभवी हरफनमौला महमूदुल्लाह ने मंगलवार को टी-20 अंतर्राष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा की और भारत के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मुकाबला इस प्रारूप में उनका आखिरी मैच होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की श्रृंखला का आखिरी मैच शनिवार को हैदराबाद में खेला जाएगा। महमूदुल्लाह ने भारत के खिलाफ दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर कहा हां, मैं इस श्रृंखला के आखिरी मैच के बाद टी-20 से संन्यास ले रहा हूं। यह पहले से तय था। यह इस प्रारूप से आगे बढ़ने और वनडे पर ध्यान केंद्रित करने का सही समय है। इस 38 साल के खिलाड़ी ने 2007 में पदार्पण करने के बाद बांग्लादेश के लिए 50 टेस्ट, 232 एकदिवसीय और 139 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय खेले हैं। बांग्लादेश के इस पूर्व टी-20 कप्तान ने 2021 में अपने टेस्ट करियर को अलविदा कहा था।

# श्रीलंका पर बड़ी जीत से नेट रन रेट सुधारने उतरेंगीं महिलाएं

दुबई, एजेंसी

बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण पहले दो मैच में मिला-जुला परिणाम हासिल करने वाली भारतीय टीम महिला टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए में बुधवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ होने वाले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके अपने नेट रन रेट में सुधार करने की कोशिश करेगी।

भारतीय टीम टूर्नामेंट में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उसे अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से 58 रन से हार का सामना करना पड़ा जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 106 रन के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उसने 18.5 ओवर खेले। भारत की टूर्नामेंट में अभी तक सबसे बड़ी समस्या बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन रहा है विशेष कर शेफाली वर्मा और उप कप्तान स्मृति मंधाना अभी तक टीम को अच्छी शुरुआत नहीं दे पाए हैं। शैफाली ने जहां पहले दो मैच में दो और 32 रन बनाए वही मंधाना 12 और सात रन ही बना सकी। मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर दबाव कम करने के लिए इन दोनों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अभी तक दो मैच में 15 और 29 रन बनाने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर का गर्दन में चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ खेलना संदिग्ध है। हरमनप्रीत पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में बल्लेबाजी करते समय चोटिल हो गई थी और उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटना पड़ा था। भारत को श्रीलंका के खिलाफ खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा क्योंकि ग्रुप के अंतिम मैच में उसका सामना ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम से होगा।

**महिला टी-20 विश्व कप**

**मैच : शाम 7:30 बजे**

**भारत (महिला):** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया, पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल , सजना सजीवन।

**श्रीलंका (महिला):** विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, हासिनी परेरा, अनुष्का संजीवनी (विकेटकीपर), नीलाक्षिका सिल्वा, चमारी अटापट्टू (कप्तान), कविशा दिलहारी, अमा कंचना, इनोशी प्रियदर्शनी, शशिनी गिम्हानी, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, सचिनी निसानसाला, उदेशिका प्रबोधनी , इनोका राणावीरा।

# एचआईएल में लैंगिक समानता को दर्शाती है महिला लीग : सलीमा

बेंगलुरु, एजेंसी

- भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बोलीं- मील का पत्थर साबित होगी महिला लीग

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने मंगलवार को कहा कि दिसंबर में पुरुषों की हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में महिला लीग को शामिल करना भारतीय खेलों में लैंगिक समानता के प्रति बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

सलीमा ने कहा, मैं एचआईएल के लिए बहुत उत्साहित हूं, यह सात साल बाद फिर से शुरू हो रहा है और इस बार महिला लीग के साथ। एचआईएल 2024-25 में आठ पुरुष टीमें और छह महिला टीमें भाग लेंगी जो देश में पहली स्टैंडअलोन महिला लीग के रूप में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। यह पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी। लीग की शुरुआत 28 दिसंबर को होगी। लीग के मैच झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम और ओडिशा के राउरकेला में बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। महिला लीग का समापन अगले 26 जनवरी 2025 को रांची में होगा जबकि पुरुष टीम का फाइनल एक फरवरी 2025 को राउरकेला में खेला जाएगा। एचआईएल के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक नयी दिल्ली में होगी।

# एसीटी में मलेशिया के खिलाफ अभियान का आगाज करेगा भारत

**कुआलालंपुर।** दो बार की चैंपियन भारतीय टीम 11 नवंबर से बिहार में खेले जाने वाले महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट में मलेशिया के खिलाफ अपने खिताब की बचाव का अभियान शुरू करेगी। टूर्नामेंट में छह टीमें भाग लेंगी जिसमें मेजबान भारत, चीन, तीन बार का विजेता कोरिया, दो बार की चैंपियन जापान, मलेशिया और थाईलैंड शामिल है। एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) द्वारा मंगलवार को घोषित आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार राजगीर में खेले जाने वाले टूर्नामेंट का फाइनल 20 नवंबर को होगा। भारत ने पिछले साल रांची में महिला एसीटी खिताब जीता था।

# सिटसिपास ने मुलर को हराया

शंघाई, एजेंसी

स्टेफानोस सिटसिपास ने शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में मंगलवार को यहां एलेक्जेंडर मुलर को 6-3, 7-5 से हराकर अपने कड़े प्रतिद्वंद्वी दानिल मेदवेदेव के साथ रोमांचक मुकाबले की नींव रखी।

यूनान के सिटसिपास और रूस के मेदवेदेव 14वीं बार और लगभग एक साल में पहली बार आमने-सामने होंगे। मेदवेदेव इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अभी तक खेले गए 13 मैचों में 9-4 से आगे हैं। इस बीच बेन शेल्टन ने रॉबर्टो कारबालेस बेना को 6-3, 6-4 से पराजित किया। चौथे दौर में उनका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। अन्य मैचों में टेलर फ्रिट्ज ने जापान के योसुके वतनुकी को 6-3, 6-4 से, ग्रिगोर दिमित्रोव ने एलेक्सी पोपिरिन को 7-6(5) 6-3 से और गेल मोनफिल्स ने उगो हम्बर्ट को 7-6(7) 2-6 6-1 से हराया। उधर वुहान ओपन में कतेरीना सिनियाकोवा ने फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला पर 6-3, 6-1 की आसान जीत दर्ज की। वह दूसरे दौर में गत चैंपियन आर्यना सबालेंका से भिड़ेंगी। पोलैंड की मैग्डा लिनेट ने ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 6-2, 6-2 से और एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने अमेरिका की सोफिया केनिन को 6-1, 4-6, 6-4 से हराया।



मैच के दौरान शॉट खेलते टेलर फ्रिट्ज। ● एजेंसी

**शंघाई मास्टर्स**

- स्टेफानोस ने रखी मेदवेदेव से रोमांचक मुकाबले की नींव
- टेलर फ्रिट्ज ने जापान के योसुके वतनुकी को दी मात

## बॉलीवुड हलचल

# एनिमल और जिगरा की तुलना से खुश हैं आलिया

**मुंबई।** बॉलीवुड आलिया भट्ट अपनी आने वाली फिल्म जिगरा की तुलना अपने पति और अभिनेता रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल से किए जाने को लेकर खुश है। आलिया फिल्म जिगरा में वेदांग रैना के साथ नजर आयेंगी। हाल ही में फिल्म जिगरा का ट्रेलर रिलीज होने के बाद लोगों ने इसकी तुलना एनिमल से करनी शुरू कर दी है। आलिया भट्ट ने इसका जवाब देते हुए कहा, रणबीर और मेरे बीच कोई कॉम्पिटिशन नहीं है। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं कि मेरे पति मेरे सबसे अच्छे दोस्त और एक बेहतरीन अभिनेता भी हैं। हम अक्सर एक-दूसरे के साथ अपनी फिल्मों और सीन्स पर चर्चा करते हैं। मैंने गंगूबाई काठियावाड़ी और जिगरा के बारे में उनसे बात की। जब भी मुझे कोई उलझन होती, मैं उनके साथ इस पर चर्चा करती और उन्होंने एनिमल के लिए भी मेरे साथ ऐसा ही किया। आलिया ने अपनी फिल्म जिगरा और रणबीर कपूर की एनिमल के बीच तुलना के बारे में बताते हुए कहा दोनों के बीच बहुत अधिक समानताएं नहीं हैं। दोनों फिल्में अपने किसी करीबी के लिए कुछ करने की थीम पर है। यह कई फिल्मों में एक नॉर्मल फैक्ट है। यह केवल एनिमल या जिगरा के बारे में नहीं है। कई फिल्मों में एक नॉर्मल टॉपिक किसी करीबी के लिए कुछ करना है और इस तर्ज पर कई फिल्में बनाई गई हैं।



# मिथुन को दादा साहब फाल्के, ऋषभ सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

**नई दिल्ली।** 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार जबकि कन्नड़ फिल्मों के सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में विभिन्न भाषाओं में निर्मित सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिल्मों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ फिल्म से लेकर सर्वश्रेष्ठ अभिनेता-अभिनेत्री तक कई कैटेगरी में अवॉर्ड दिये गये। सत्तरवें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार एक जनवरी से 31 दिसंबर, 2022 तक सेंसर बोर्ड द्वारा सर्टिफाइड फिल्मों को दिये गये हैं। सत्तरवें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कन्नड़ फिल्मों के सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अपने नाम किया है। उन्हें उनकी फिल्म कांतारा के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का अवॉर्ड मिला है।

मलयालम भाषा की फिल्म आट्टम ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जीता, जबकि सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान नित्या मेनन और मानसी पारेख ने साझा किया। तिरुचित्राबलम में नित्या मेनन और कच्छ एक्सप्रेस के लिये मानसी पारेख ने यह अवार्ड जीता। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार सूरज बड़जात्या को फिल्म ऊंचाई के लिये दिया गया। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार नीना गुप्ता को फिल्म ऊंचाई के लिये ही दिया गया। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार पवन मल्होत्रा को फिल्म फौजा के लिये दिया गया। संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म कंतारा चुनी गई।





राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में मिथुन चक्रवर्ती, मनोज बाजपेयी और एआर रहमान को सम्मान देतीं राष्ट्रपति




डायरेक्टर मणिरत्तनम और करन जौहर को भी मिला सम्मान।

# अभिनेत्री नीना गुप्ता की वेबसीरीज 1000 बेबीज का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी चरित्र अभिनेत्री नीना गुप्ता की वेबसीरीज 1000 बेबीज का ट्रेलर रिलीज हो गया है। नजीम कोया के निर्देशन में बनी वेबसीरीज 1000 का ट्रेलर एक वैज्ञानिक प्रयोगशाला के दृश्यों से शुरू होता है। बाद में, नीना गुप्ता द्वारा अभिनीत एक रहस्यमयी बुजुर्ग महिला और रहमान द्वारा अभिनीत जांच अधिकारी को ट्रेलर में पेश किया जाता है। महिला, जिसका नाम सारा है, अक्सर अपने विचारों को नोट करने के लिए अपने टाइपराइटर का उपयोग करती हुई दिखाई देती है, क्योंकि वह अपने अतीत को याद करती है। बाद में, रहमान का किरदार मर्लिन नाम की एक महिला से बिबिन नाम के एक एकांतप्रिय व्यक्ति के बारे में बात करता है, जो उसे पत्र भेजा करता था। नीना गुप्ता स्टारर 1000 बेबीज एक मलयालम सीरीज है, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 18 अक्टूबर से स्ट्रीम होगी। यह मलयालम भाषा के अलावा हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, बंगाली और मराठी भाषाओं में रिलीज की जाएगी। 1000 बेबीज में नीना गुप्ता के साथ रहमान, संजू शिवराम, अश्विन कुमार, आदिल इब्राहिम, शाजू श्रीधर, इरशाद अली, जॉय मैथ्यू अहम किरदारों में नजर आएंगे। सीरीज की कहानी नजीम और अरूज इरफान ने लिखी है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

